✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 234 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 20 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



शिवहर में विभिन्न योजनाओं का जायजा लेते सीएम नीतीश कुमार

cbc 35101/13/0066/2526

125 दिन
की रोज़गार गारंटी



Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G

(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025

अब गांव के लोग खुद बनाएंगे
विकसित ग्राम पंचायत योजना



विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी से लापता चार छात्राएं तीन दिन बाद दिल्ली में मिलीं

**गयाजी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले से लापता चार छात्राओं को पुलिस ने दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। चारों छात्राएं आपस में गहरी सहेलियां हैं और डेल्हा थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। पुलिस के अनुसार चारों छात्राएं फिलहाल सुरक्षित हैं और किसी तरह के दबाव या हिंसा की बात सामने नहीं आई है। उन्हें ट्रेन के जरिए गयाजी लाया जा रहा है। गयाजी पहुंचने के बाद पुलिस छात्राओं से पूछताछ करेगी ताकि यह साफ हो सके कि वे घर से क्यों निकलीं और बिना बताए दिल्ली तक कैसे पहुंचीं।

### हाई स्कूल प्रांगण में युवक की गोली मारकर हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** लखौरा थाना क्षेत्र के गोला पकड़िया हाईस्कूल के प्रांगण में सोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुमन कुमार उर्फ विक्की के रूप में हुई है। वह काटगेवा वार्ड नंबर 2 का निवासी था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक के साथ दो अन्य लड़के थे जिनमें से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

### स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में एमबीबीएस पास कर चुके युवा डॉक्टरों के लिए सरकारी नौकरी पाने का बेहतरीन अवसर सामने आया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगी परीक्षा बोर्ड ने 1445 पदों पर जूनियर रेजिडेंट्स की भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इस भर्ती को राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है क्योंकि इसके माध्यम से मेडिकल कॉलेजों और सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की लंबे समय से चली आ रही कमी को काफी हद तक पूरा किया जाएगा।

### सनकी भतीजे ने चाचा को काट डाला

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के राजापाकर में एक सनकी भतीजे ने अपने ही चाचा को हंसुए से काटकर हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी चाची पर भी हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। वारदात बरांटी थाना क्षेत्र के बहुआरा पंचायत के वार्ड नंबर एक की है। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे 60 वर्षीय महताबलाल सिंह को उनके ही भतीजे मंजय कुमार सिंह ने हंसुआ से काटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पुत्रवधू प्रिया कुमारी ने बताया कि मेरे ससुर महताबलाल सिंह खाना खाकर घर के बाहर धूप में बैठे थे तभी मंजय कुमार सिंह हथियार से लैस होकर आया और महताब लाल सिंह पर ताबड़तोड़ हमला करने लगा।

### जदयू के सदस्यता अभियान को बनाएं ऐतिहासिक : संजय

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि 2025 के विधानसभा चुनाव परिणाम की तरह सदस्यता अभियान को भी ऐतिहासिक बनाएं। वे सोमवार को जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं से रूबरू थे। इसके पहले उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जदयू के महासदस्यता अभियान की समीक्षा की। श्री झा ने कहा कि मार्च के अंत तक पार्टी का संगठनात्मक चुनाव संपन्न होना है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन निर्विरोध निर्वाचित, घोषणा आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। चुनाव के लिए नितिन नबीन ने नामांकन कर दिया है। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताते हुए पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट, इस चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए पार्टी नेता के लक्ष्मण को सौंपे। जानकारी के मुताबिक नबीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नबीन के नामांकन के समय मौजूद रहे। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित





रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए। पार्टी सूत्रों के अनुसार नबीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने की संभावना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे हैं। बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नबीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नबीन को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना तय है। वे कल सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे। बता दें कि नितिन नबीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था। हाल ही में उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी को 546 व शिवहर को दी 58 करोड़ की सौगात

## बिहार का माहौल बदला : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी/शिवहर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा दिन सीतामढ़ी एवं शिवहर के नाम रहा। जिले में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर बड़ी भीड़ थी। लोगों में उत्साह साफ दिख रहा था। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी में करीब 546 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन योजनाओं में सड़क, पुल, बाढ़ नियंत्रण, आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरुआत बीते दौर की याद दिलाकर की। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी। लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। कानून-व्यवस्था कमजोर थी। समाज में आए दिन विवाद होते थे। हिंदू-मुस्लिम झगड़े आम बात थे। शिक्षा की हालत ठीक नहीं थी। इलाज के लिए लोगों को



दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। सीएम नीतीश ने इस दौरान लालू परिवार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उनलोगों ने कोई काम नहीं किया। वो लोग गड़बड़ करता था। अपने हटा तो अपनी पत्नी को सीएम बना दिया। उन्होंने जनता से अपील की कि ये सब आपलोग याद रखिएगा। नीतीश कुमार ने कहा कि जब उनकी सरकार बनी, तब प्राथमिकता साफ थी। कानून-व्यवस्था को मजबूत करना। विकास को जमीन तक पहुंचाना। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े काम किए। गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ीं। स्कूलों की हालत सुधारी गई। बिजली हर घर तक पहुंचाने की कोशिश हुई। मुख्यमंत्री ने मंच से सवाल किया कि क्या आज बिहार में वैसा डर का माहौल है। क्या आज शाम के बाद लोग घर से निकलने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि अब बिहार में शांति है। माहौल बदला है। विकास का रास्ता खुला है। यही वजह है कि आज बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सब देख चुकी है और सब समझती है। सीतामढ़ी के बाद मुख्यमंत्री शिवहर पहुंचे। यहां भी विकास योजनाओं की सौगात दी गई। करीब 58 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 103 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो। काम समय पर पूरा हो। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी में बागमती नदी पर बने नए पुल का उद्घाटन किया। यह पुल इलाके के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे आवागमन आसान होगा। बाढ़ के समय लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने तटबंध पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया और बाढ़ सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए।

## दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में तैनात प्रधान लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निगरानी विभाग की टीम ने सोमवार को जिले के दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में तैनात प्रधान लिपिक को गिरफ्तार किया है। उनपर रिश्वतखोरी का आरोप है। छह सदस्यीय टीम ने अनुमंडल अस्पताल परिसर में छापेमारी की और बृजमोहन लाल को दो हजार रुपए घूत लेते हुए पकड़ा। प्रधान लिपिक ने अस्पताल में कार्यरत जीएनएम से उपस्थिति दर्ज कराने के नाम पर तीन हजार रुपए मांगे थे लेकिन डील दो हजार पर हुई। जीएनएम अर्चना कुमारी ने निगरानी विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि प्रधान लिपिक बृजमोहन लाल ने उपस्थिति बनाने और सीएल (कैजुअल लीव) से संबंधित कार्य करने के बदले रुपए मांगे हैं। विजिलेंस ने प्रारंभिक जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। विजिलेंस डीएसपी आदित्य राज ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद निगरानी सिपाही राहुल कुमार को मामले के सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सत्यापन के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि



प्रधान लिपिक की ओर से लगातार रिश्वत की मांग की जा रही थी। इसके बाद विजिलेंस की टीम ने रणनीति के तहत जाल बिछाया। योजना के अनुसार सोमवार को जीएनएम अर्चना कुमारी ने जैसे ही प्रधान लिपिक को 2 हजार रुपए रिश्वत दिए वैसे ही विजिलेंस टीम ने धावा बोल दिया। टीम ने रिश्वत की राशि के साथ प्रधान लिपिक को रंगे हाथों पकड़ तत्काल हिरासत में ले लिया। छापेमारी के दौरान विजिलेंस टीम ने एक उपस्थिति पंजी (अटेंडेंस रजिस्टर) भी जब्त किया है जिसे जांच के लिए अहम साक्ष्य माना जा रहा है।

## डंपर-ट्रक की टक्कर से लगी आग, तीन की जलकर मौत

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत सुखानी थाना क्षेत्र के गंभीरगढ़ चौक के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। आमने-सामने की टक्कर में डंपर और ट्रक में भीषण आग लग गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई। वही स्थानीय लोगों ने किसी तरह एक व्यक्ति को आग की चपेट से बाहर निकाला। घायल को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद जब तक आग पर काबू पाया तब तक दोनों वाहन पूरी तरह जल चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है।

## मेक इन इंडिया से सशक्त हो रही बुलेट ट्रेन परियोजना : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन (ओएचइ) मस्तों की स्थापना के साथ निरंतर प्रगति हो रही है। यह विकास भारत की पहली हाई-स्पीड रेल प्रणाली के लिए विद्युत कर्षण सक्षम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत ज़मीनी स्तर पर सशक्त क्रियान्वयन को दर्शाता है। इससे वैश्विक स्तर पर सिद्ध हाई-स्पीड रेल तकनीक को अपनाते हुए घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को भी



मज़बूती मिलती है। ओएचइ मस्तों की स्थापना संरेखण (अलाइनमेंट) के प्रमुख हिस्सों, विशेषकर वायाडक्ट खंडों पर की जा रही है ताकि सुरक्षित, सुचारु और कुशल हाई-स्पीड ट्रेन संचालन सुनिश्चित किया जा सके। ये मस्त बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए विश्वसनीय बिजली आपूर्ति हेतु आवश्यक कर्षण अवसंरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ओएचइ मस्त ऊंचे वायाडक्ट पर ज़मीन से काफी ऊंचाई पर स्थापित किए जा रहे हैं। कुल मिलाकर पूरे कॉरिडोर में 9.5 से 14.5 मीटर ऊँचाई के 20,000 से अधिक मस्त लगाए जाएंगे। ये मस्त पूर्ण 2गुणा25 केवी ओवरहेड कर्षण विद्युत प्रणाली को सहारा देंगे, जिसमें ओवरहेड तार, अर्थिंग व्यवस्था, फिटिंग्स और बुलेट ट्रेन संचालन के लिए आवश्यक अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं। निर्बाध कर्षण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के साथ ट्रैक्शन सबस्टेशन और डिस्ट्रीब्यूशन सबस्टेशन का एक नेटवर्क भी विकसित किया जा रहा है। ओएचइ मस्त ऊर्ध्वाधर इस्पात संरचनाएं होती हैं, जो रेलवे ट्रैक के किनारे स्थापित की जाती हैं और ओवरहेड विद्युत तारों को सहारा देती हैं।

## पंचायत चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए होंगे कई बदलाव : दीपक प्रकाश

### अगले पांच वर्षों में बिहार के लगभग आठ हजार पंचायतों में तैयार होंगे पंचायत

**सूरज कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि इस वर्ष राज्य में होने वाले पंचायत चुनाव के दौरान चुनाव पद्धति को पूरी तरह स्वच्छ तथा पारदर्शी बनाने के लिए कई बदलाव किए जाएंगे। श्री प्रकाश ने आज औरंगाबाद के जिला अतिथि गृह में पत्रकार वार्ता में कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान मल्टी पोस्ट ईवीएम का इस्तेमाल किया जाएगा जो छह रंगों के बैलेट यूनिट से जुड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव के दौरान संभावित बोगस तथा दोबारा वोटिंग को रोकने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे कोई भी व्यक्ति दोबारा वोट नहीं डाल सकेगा। विशेष कैमरा के सहारे वैसे व्यक्ति की पहचान हो जाएगी जो दोबारा वोट डालने आएगा। पंचायती राज मंत्री ने दावा किया कि नई तकनीक का इस्तेमाल होने से चुनाव के दौरान हिंसा पर भी रोक लगाया जा सकेगा। इस वर्ष होने वाले पंचायत



चुनाव में आरक्षण का नया रोस्टर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में बिहार के लगभग 8000 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो जाएंगे और उसे क्रियाशील भी कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसी के अनुसार कार्य किया जा रहा है। श्री प्रकाश ने बताया कि वर्तमान में लगभग 2500 पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बन गया है बाकी जगह फ़ेज वाइज और अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से काम चल रहा है जहां निर्माण कार्य बाकी है उसे ससमय और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि औरंगाबाद में जिला परिषद के पास 50 एकड़ रिक्त जमीन है जिसका विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। जिस जमीन पर अतिक्रमण है वहां से अतिक्रमण हटाने और उसका बेहतर विकास हो इस पर चर्चा भी की गई है। इसके अलावा जिला परिषद की आय का स्रोत बढ़ाने और युवाओं को रोजगार देने पर भी चर्चा हुई है। मंत्री ने कहा कि जिला परिषद के जमीन का सही तरीके से इस्तेमाल हो, इसके लिए विभाग लगातार इसकी मॉनिटरिंग करेगा और जिस दुकानों से आय नहीं हो रहा है उस पर भी विचार किया जाएगा। मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु पटेल, जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, उदय कुमार सिंह, अमर उजाला, विंध्याचल सिंह, अजय कुशवाहा, भोला सिंह आदि मौजूद रहे।

## समृद्धि यात्रा को लेकर राजस्व मुख्यालय के 15 वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान आम जनता को भूमि से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस और भूमि विवाद के लंबित मामलों का युद्धस्तर पर पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इसी उद्देश्य से यात्रा वाले जिलों में एक दिन पहले राजस्व मुख्यालय के 15 वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। जनता के कार्यों में लापरवाही, टालमटोल या नियमों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सिवान, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली में समृद्धि यात्रा के दौरान ये अधिकारी मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले अग्रिम दल के रूप में संबंधित जिले में योगदान देंगे और अंचलों में चल रहे कार्यों का सूक्ष्म पर्यवेक्षण करेंगे। यह पूरी प्रक्रिया विशेष सचिव अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में संचालित होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी को एक या दो अंचलों की जिम्मेदारी दी जाएगी, जहां वे अंचल अधिकारियों के कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे।

C M Y K

# नितिन नवीन के रूप में भाजपा में एक नए युग की शुरुआत : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी इसे भाजपा में नए युग की शुरुआत बता रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज का दिन पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मजबूत संगठनात्मक ढांचे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करने वाली पार्टी है। पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का आज नामांकन हुआ और मंगलवार को इसकी औपचारिक घोषणा की जाएगी और भाजपा को नया अध्यक्ष मिलेगा। यह पूरे संगठन के लिए गर्व का पल होगा। उन्होंने कहा भाजपा न किसी एक जाति की बल्कि एक परिवार की पार्टी है। यह पल भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने की नीति का बड़ा उदाहरण है। एक समर्पित कार्यकर्ता का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पूरे संगठन के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वंशवाद की राजनीति में सिर्फ परिवार के सदस्यों को ही चुना जाता है जबकि भाजपा का हर कार्यकर्ता भाजपा परिवार का हिस्सा माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रक्रिया भाजपा की उस परंपरा को दिखाती है जिसमें मेहनत और समर्पण के दम पर कोई भी कार्यकर्ता शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विश्वास जताते हुए कहा कि नितिन नवीन, जो कार्यकर्ताओं के चहेते हैं, पार्टी के एक मजबूत और काबिल राष्ट्रीय अध्यक्ष साबित होंगे। वे पटना के रहने वाले हैं जिससे हमारी खुशी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा आज का दिन भारत की राजनीति में बड़ा दिन है, लेकिन बिहार के लिए सबसे बड़ा दिन है। यह पल देश की राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक पल है।

## बेगूसराय की फिनटेक स्टार्टअप क्रेडिटबकेट को राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बेगूसराय स्थित फिनटेक स्टार्टअप क्रेडिटबकेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को स्टार्टअप इंडिया (उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार समारोह में सामुदायिक विकास उत्प्रेरक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार क्रेडिटबकेट की प्रमुख पहल 'समृद्धि केंद्र' को टियर-3 से टियर-6 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रदान किया गया। क्रेडिटबकेट की स्थापना सुमन सौरव ने की जिसकी प्रेरणा उन्हें स्वयं शिक्षा ऋण प्राप्त करने में आई कठिनाइयों से मिली। दस्तावेजों की कमी और विश्वास के अभाव के कारण बड़ी संख्या में लोग औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से बाहर रह जाते हैं, इसी समस्या के समाधान के लिए 'समृद्धि केंद्र' मॉडल विकसित किया गया। यह मंच भौतिक और डिजिटल के संयुक्त मॉडल पर कार्य करता है। इसके तहत स्थानीय छोटे व्यवसायी जैसे किराना दुकानदार और मोबाइल दुकानदार 'समृद्धि साथी' के रूप में कार्य करते हैं। ये समृद्धि साथी क्रेडिटबकेट की तकनीक के माध्यम से अपने आसपास के लोगों को ऋण, बीमा और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद करते हैं जिससे बिचौलियों और ऊंची ब्याज दर वाले साहूकारों पर निर्भरता समाप्त होती है। बिहार के एक छोटे शहर से शुरू हुई यह कंपनी तेजी से आगे बढ़ी है। वर्तमान में नेटवर्क में 1600 से अधिक सक्रिय समृद्धि साथी जुड़े हैं जो 400 से अधिक पिन कोड क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं। पिछले तीन महीनों में मंच के माध्यम से 27 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण वितरित किए गए हैं। इसके साथ ही 1.2 लाख से अधिक ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय साक्षरता से जोड़ा गया है। क्रेडिटबकेट के संस्थापक सुमन सौरव ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने के कारण उन्होंने देखा कि विश्वास की कमी किस तरह समुदाय को पीछे रखती है। यह पहल केवल ऋण देने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए वित्तीय गरिमा का निर्माण कर रही है। क्रेडिटबकेट की इस सफलता में बिहार सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्टार्टअप को बिहार स्टार्टअप नीति के तहत शुरुआती चरण में क्रियाशील पूंजी सहायता प्राप्त हुई, जिससे प्रारंभिक प्रोटोटाइप विकसित किया जा सका। इसके अलावा स्टार्टअप को बिहार स्टार्टअप हब और आईआईटी पटना में इनक्यूबेशन सहायता मिली।

## नीट छात्रा की मौत मामले की जांच सीबीआई करें : प्रेरणा विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के तत्वावधान में नीट छात्रा की नृशंस हत्या के विरोध में आक्रोश मार्च का आयोजन डाकबंगला चौराहा से जे पी गोलंबर तक किया गया। इस आक्रोश मार्च में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों ने भाग लिया और घटना के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। आक्रोश मार्च के दौरान प्रतिभागियों ने कहा कि यह घटना केवल एक छात्रा की हत्या नहीं, बल्कि नारी सुरक्षा और छात्र सुरक्षा व्यवस्था पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। यदि दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड नहीं मिला तो ऐसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा को और बढ़ाएंगी। आक्रोश मार्च के उपरांत प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा निम्नलिखित मांगें प्रशासन के समक्ष रखी गईं जिसके अंतर्गत उक्त छात्रा हत्या कांड की सीबीआई से निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए। हत्या में संलिप्त सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से सुनवाई सुनिश्चित की जाए। पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा, सुरक्षा एवं न्यायिक सहायता प्रदान की जाए। शिक्षण संस्थानों एवं छात्रावासों में छात्रा सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा प्रबंध, सीसीटीवी, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन और नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए।

## हिन्दू वाहिनी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बने हरेंद्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक हरेन्द्र प्रताप को बिहार प्रदेश इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी उर्फ राजू भैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के महामंत्री मयंक ढेंगुला ने आज दी। उन्होंने बताया कि श्री प्रताप के व्यापक बौद्धिक अनुभव और बिहार में उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें बिहार प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है और राज्य में उन्हें संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बीच राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन को देश भर में मजबूत करने के लिए राजू भैया के नेतृत्व में सघन अभियान चलाया जा रहा है और विभिन्न प्रदेशों में योग्य लोगों को पदाधिकारी एवं सदस्य बनाया जा रहा है। श्री प्रताप को बिहार का अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन की महिला मोर्चा की महामंत्री डॉ. विभा द्विवेदी तथा अन्य पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

## बिहार विधान सभा में नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए नेशनल ई विधान एप्लिकेशन पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के निर्देश पर नवनिर्वाचित सदस्यों और उनके निजी सहायकों के लिए नेशनल ई विधान एप्लिकेशन से संबंधित कार्यशाला और प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 जनवरी 2026 से 22 जनवरी 2026 तक संचालित होगा। कार्यशाला में प्रश्न भेजने की ऑनलाइन प्रक्रिया, उत्तर देखने, प्रश्न की स्थिति जानने सहित अन्य डिजिटल सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन दो पालियों में 25-25 सदस्य और उनके निजी सहायकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। सचिवालय की ओर से बताया गया कि नेशनल ई विधान परियोजना के अंतर्गत सभी सदस्यों के सभा कक्ष में उनके आसन के समक्ष डिजिटल टैबलेट स्थापित किए गए हैं। इन टैबलेट पर कार्य सूची, प्रश्नों से संबंधित जानकारी और अन्य सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध रहेंगी जिससे कागज के उपयोग की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। कार्यशाला के दौरान टैबलेट के उपयोग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहल बिहार विधान सभा को डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। नेशनल ई विधान एप्लिकेशन के लागू होने से विधान सभा को पेपरलेस और डिजिटल स्वरूप की ओर आगे बढ़ाया जा सकेगा। इसके लिए सदस्यों और उनके निजी सहायकों का प्रशिक्षण आवश्यक है। आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि बिहार विधान सभा नेशनल ई विधान परियोजना के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके।

## जिलाधिकारी ने गांधी मैदान का किया निरीक्षण
## 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा: जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जिलाधिकारी, पटना डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने कहा है कि 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन होगा। इसके लिए निर्धारित मानकों के अनुसार तेजी से सभी तैयारी चल रही है। वे आज गांधी मैदान का भ्रमण कर गणतंत्र दिवस समारोह, 2026 की तैयारियों का निरीक्षण एवं पदाधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह एक फिक्स्ड टाईम-फिक्स्ड वेन्यू समारोह है। यह एक महत्वपूर्ण टीम वर्क है। अतः हर एक को अपनी भूमिका के बारे में भली-भांति अवगत रहना एवं उसका सम्यक निर्वहन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों की सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए विभागीय पदाधिकारियों को अपने-अपने टीम को अनवरत क्रियाशील रखना होगा। सभी पदाधिकारियों को आपस में सार्थक समन्वय करते हुए तत्परता प्रदर्शित करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक तैयारी के दृष्टिकोण से सम्पूर्ण गांधी मैदान को चार सेक्टर में एवं आवश्यकतानुसार सब-सेक्टर में बांटा गया है। अपर जिला दंडाधिकारियों एवं अपर पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में सभी सेक्टर में कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस की तैयारियों का नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक बहु-सदस्यीय उप समिति 24गुणे 7 क्रियाशील है।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि हर्षोल्लास के साथ मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर 'महाराणा प्रताप मेमोरियल ट्रस्ट' नीरपुर - रूपस, अथमलगोला के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों के द्वारा परमवीर महाराणा प्रताप की जीवनी सहित उनके शौर्य गाथाओं पर प्रकाश डाला गया। इस समारोह में खेलकूद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले दर्जनों पुरुष और महिलाओं खिलाड़ियों को अंगवस्त्र और ट्राफी प्रदान कर उनके उत्साह वर्धन किए गये। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री संजय सिंह, बाढ़ विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह, बख्तियारपुर विधायक अरुण साह, शिशुरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंजेश कुमार, जदयू के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर शंकर सिंह, नगरपरिषद अध्यक्ष संजय कुमार (गाय माता) पूर्व नगरपरिषद अध्यक्ष संजीव कुमार चुन्ना जी राजेश सिंह राजू, धनंजय सिंह, मृगेंद्र सिंह, मंटू संजीव कुमार, बबलू सर, रवि सिंह चौहान, अनिल सिंह, शंकर सिंह, विजय कुमार सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र, जदयू के जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी जी, प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानू जी, रवि रंजन सिंह क्षत्रिय करनी सेना के अध्यक्ष मनजीत सिंह शाहिद उपस्थित रहे।

## बिहार सीनियर महिला कबड्डी का प्रशिक्षण शिविर शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हैदराबाद में आगामी 27 से 30 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली 72वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार टीम के संभावित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर बेगूसराय के बिहट के संस्कार भवन में सोमवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष अपूर्व सुकांत एवं सचिव विपुल कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों की सूची चयन समिति की रिपोर्ट के आधार पर जारी की गई है।

## विधानसभा चुनाव परिणाम की तरह सदस्यता अभियान को भी ऐतिहासिक बनाएं कार्यकर्ता : संजय झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** जदयू के महासदस्यता अभियान 2025-28 की समीक्षा को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा की गरिमामयी उपस्थिति तथा प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में पार्टी की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से सभी सांसद, विधानमंडल दल के सदस्य, पार्टी के पूर्व प्रत्याशी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष/कार्यकारी जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षगण शामिल हुए। सदस्यता अभियान की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव परिणाम ने विपक्ष के सारे नैरेटिव को पूरी तरह तोड़ दिया है। मीडिया में हमारे नेता को लेकर जिस प्रकार की धारणाएँ गढ़ी जा रही थीं, उन्हें जनता ने ही नेस्तनाबूद कर दिया। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि 20 वर्षों के शासन के बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। सामान्यतः राजनीति में ऐसा उदाहरण बहुत कम देखने को मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार मौसम की परवाह किए बगैर हर समय जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं।

## पटना के युवाओं के लिए काके दा होटल बना पार्टी हब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सीपी दिल्ली फेम काके दा होटल का सगुना मोड़ स्थित पटना फ्रेंचाइजी काके दा होटल युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय पार्टी हब के रूप में अपनी खास पहचान बना रहा है। अपने लाजवाब स्वाद, बेहतरीन क्वालिटी और शानदार माहौल के कारण काके दा होटल न केवल पटना बल्कि राज्यभर के फूड लवर्स के बीच प्रसिद्ध होता जा रहा है। खासतौर पर यहां मिलने वाले पंजाबी और उत्तर भारतीय व्यंजन लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं। काके दा होटल दिल्ली का पुराना और मशहूर रेस्टुरेंट चेन है। मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए पटना के फ्रेंचाइज ओनर धनंजय कुमार ने कहा कि काके दा होटल युवाओं के लिए पार्टी, बर्थडे सेलिब्रेशन, किटी पार्टी, गेट-टुगेदर और फैमिली डिनर का पसंदीदा हब बन चुका है। वहीं होटल के मैनेजमेंट हेड अमित गौरव ने कहा कि आधुनिक इंटीरियर, म्यूजिकल माहौल और प्रोफेशनल सर्विस के साथ यहां का वातावरण हर वर्ग के लोगों को आकर्षित करता है।

## वार्षिकोत्सव से निखरती है बच्चों की प्रतिभा : महापौर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी में बचपन प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने धमाल मचाया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश बंदना से हुई। तत्पश्चात पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू एवं उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कार्यकम का उदेघाटन दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने बच्चों से कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है और इससे बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपनी पढ़ाई के साथ खेलकूद पर ध्यान दें। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सत्यजीत सिन्हा ने स्कूल के कार्यकलापों की चर्चा की। उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि बच्चे अगर पढ़ाई के साथ खेल कूद में ध्यान देते हैं तो उनके अंदर लीडरशिप क्वालिटी विकसित होकर और बच्चे आगे चलकर सफल भी होते हैं।

## डीडीयू-पटना-जसीडीह-आसनसोल के रास्ते अमृत भारत ट्रेन का परिचालन

**23 जनवरी से बनारस से किया जायेगा नियमित परिचालन**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पटना-जसीडीह-आसनसोल के रास्ते बनारस और सियालदह के मध्य अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई अमृत भारत ट्रेन का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 18.01.2026 को बनारस और सियालदह के मध्य चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन का शुभारंभ गाड़ी सं. 03141 संतरागाछी-बनारस अमृत भारत उद्घाटन स्पेशल को हरी झंडी दिखाकर किया गया था। गाड़ी सं. 22588/22587 बनारस-सियालदह-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन बनारस से 23 जनवरी, 2026 से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा सियालदह से 24 जनवरी, 2026 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को किया जायेगा। ये गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन हैं। इस अमृत भारत एक्सप्रेस में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08, एल.एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। गाड़ी सं. 22588 बनारस-सियालदह अमृत भारत एक्सप्रेस 23 जनवरी, 2026 से प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं शुक्रवार को बनारस से 22.10 बजे प्रस्थान कर 23.10 बजे पं0 दीनदयाल उपाध्याय जं., अगले दिन 01.58 बजे पटना जं., 05.00 बजे जसीडीह, 05.19 बजे मधुपुर, 06.17 बजे आसनसोल तथा 06.43 बजे दुर्गापुर रुकते हुए 09.55 बजे सियालदह पहुंचेगी।

## गांधी विचार मंच का गठन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार आर्थिक अध्ययन संस्थान में डॉ प्यारेलाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वसम्मति से गांधी विचार मंच का गठन किया गया। प्रोफेसर मनोज कुमार मंच को अध्यक्ष, प्रोफेसर परमानंद सिंह को उपाध्यक्ष तथा प्रमोद शर्मा को महा सचिव तथा डॉक्टर प्यारेलाल, राजीव कुमार, चंद्रभूषण, ललित कुमार सिंह, श्याम नंदन तथा डॉक्टर मनोज मीता सदस्य होंगे। 'बिहार में गांधी' पुस्तक के लोकार्पण के संबंध में निर्णय लिया गया कि राज्यपाल का समय लिया जाय। संभावित तिथि 21 फरवरी या राज्यपाल के द्वारा दिए गए तिथि पर बापू टावर में किया जाय। खादी की बिहार में स्थिति पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि प्रमोद शर्मा कॉन्सेप्ट पेपर बनाएंगे। डॉक्टर प्यारेलाल मेथोडॉलजी बनाएंगे। सैंपलिंग कर स्थिति का अध्ययन कर खादी और ग्रामोद्योग के पुनर्जागरण में बिहार सरकार के उद्योग विभाग तथा जीविका से जोड़े जाने के संबंध में विस्तृत योजना सरकार को दी जाएगी।

## श्री बालाजी सुंदर कांड समिति द्वारा कंकड़बाग में भव्य सुंदर कांड एवं पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के तत्वावधान में कंकड़बाग में कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' एवं ममता अग्रवाल द्वारा विधिवत सामूहिक सुंदर कांड एवं पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस पावन अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक राधे श्याम शर्मा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और सभी ने पूरे मनोयोग से सुंदर कांड पाठ एवं भजनों का श्रवण किया। भजनों के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रभु श्रीराम एवं श्री बालाजी की भक्ति में लीन दिखाई दिए। पूजन उपरांत सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता अग्रवाल, निशा रानी, नेहा जगनानी, स्वीटी, सीमा सिंघल, दुर्गा गोयनका, श्वेता टीकमणि, श्वेता संथालिया, रेखा धानुका, अंजली, अलका, दुर्गा देवी, मंजूषा सिंह, श्वेता अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, निकिता बागड़िया, शिवानी सहित अनेक महिला एवं पुरुष भक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और प्रसाद ग्रहण किया। श्री बालाजी सुंदर कांड समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सद्भाव और भक्ति भाव को बढ़ावा देना है।

## आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील कुमार दूबे ने महिमा चौधरी को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने पटना में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बॉलीबुड अभिनेत्री महिमा चौधरी को फिल्म इण्डस्ट्री में उनके योगदन के लिए मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। फिल्म 'परदेस' से चर्चित अभिनेत्री महिमा चौधरी को सम्मानित करने के बाद डॉ. सुनील कुमार दूबे ने कार्यक्रम के आयोजक आलोक सिंह एवं श्रीनाथ जी को बधाई दी और बिजनेस इन बिहार के कार्यों को सराहा। डॉ. दूबे ने कहा कि महिमा जी की पहली फिल्म 'परदेस' सुपरहिट रही थी।

## बाल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के सौजन्य से अहसास कलाकृति द्वारा बाल संरक्षण पर आधारित कुमार मानव लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक 'रेलवे स्टेशन पर बच्चों की सुरक्षा' पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर की गई। नाटक में दिखाया गया कि रेलवे स्टेशन पर एक बच्ची अपने मां से बिछड़ जाती है और एक संदिग्ध के चंगुल में फंसकर बाल तस्करी का शिकार होने वाली थी, लेकिन स्टेशन पर कार्य करने वाले सफाईकर्मी की वजह से बच जाती है। वह तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल कर उसे सहायता पहुंचाता है। नाटक में यह दर्शाया गया की कोई भी बालक या बालिका जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम है अगर वह अकेले किसी परेशानी में दिखे तो हर सभ्य नागरिक का कर्तव्य है की तत्काल उनकी सहायता करें जिससे कि वे गलत हाथों में जाने से बच जाएं। इसके लिए चाइल्ड हेल्प लाइन के 1098, टॉल फ्री नंबर 112 या रेलवे स्टेशन के हेल्प लाइन नम्बर 139 पर कॉल कर या जी आर पी, आर पी एफ से संपर्क कर उन्हे जरूर सहायता करें। भाग लेने वाले कलाकार थे अर्चना कुमारी, विजय कुमार, भूणेश्वर कुमार, हिमांशु कुमार, देव कुमार, हेमा कुमारी। गायक थे कृष्ण तूफानी और नाल पर थे राजकिशोर पासवान वहीं बलराम कुमार एवं रेलवे चिल्ड्रेन इंडिया के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### मकर संक्रांति महोत्सव पर एक कदम सम्पूर्ण महिला साक्षरता की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ

# मकर संक्रांति महोत्सव पर शत-प्रतिशत महिला साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम स्थित मल्टीपरप्स हॉल में मकर संक्रांति महोत्सव 2026 एवं एक कदम संपूर्ण महिला साक्षरता की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला के वरीय पदाधिकारीगण एवं स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षा सेवक, तालिमी मरकज के केआरपी, असाक्षर महिलाएं, मुखिया, वार्ड सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मकर संक्रांति महोत्सव 2026 के अवसर पर जिले को शत-प्रतिशत महिला साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ाने का यह संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि रोहतास जिला संपूर्ण साक्षर जिले की सूची में शामिल होने से मात्र एक कदम दूर है। यदि जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध वर्ग, स्थानीय कर्मी एवं प्रशासन मिलकर कार्य करें तो तीन माह के भीतर यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है जिससे जिला गौरवान्वित होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रस्तुत किए आंकड़े। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कर्मियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बताया कि गृह वार्ड सर्वेक्षण में 64,862 महिलाएं असाक्षर पाई गईं। 7 दिसंबर 2025 को आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा में 28,040 महिलाएं शामिल हुईं जिनमें 12,132 महिलाएं सफल रहीं। सत्यापन के बाद 49,158 महिलाएं असाक्षर चिन्हित की गईं। परीक्षा में सफल महिलाओं को हटाने के पश्चात कुल 37,026 महिलाएं वर्तमान में असाक्षर पाई गई हैं। इन सभी चिन्हित महिलाओं के लिए साक्षरता वर्ग संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए नवमी एवं ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं, शिक्षा सेवक तालिमी मरकज कार्यकर्ता, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीटी (बोधक शिक्षक) के रूप में चिन्हित किया गया है। 20 जनवरी से सभी साक्षरता केंद्र होंगे, संचालित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि साक्षरता का प्रत्येक अक्षर व्यक्ति को साहस, क्षमता, रचनात्मकता और आत्मबल प्रदान करता है। एक सशक्त समाज का निर्माण साक्षरता से ही संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि सभी चिन्हित महिलाओं हेतु साक्षरता केंद्र निर्धारित कर लिए गए हैं तथा 20 जनवरी 2026 से जिले के सभी केंद्रों का संचालन एक साथ प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### डिहरी नगर थाना में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक

# पूजा में लाइसेंस लेना अनिवार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सरस्वती पूजा एवं 26 जनवरी को लेकर डिहरी नगर थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। पूजा के दौरान किसी भी स्थिति में डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी पूजा समितियों के लिए मूर्ति स्थापना और पूजा आयोजन से पहले थाना से लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के पूजा आयोजित करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। प्रशासन ने आम जनता से आपसी भाईचारा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। एसडीएम निलेश कुमार तथा एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा ने बताया कि सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और संस्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की। डिहरी अनुमंडल स्तरीय सभी थाने के थानाध्यक्ष सभी बीडीओ, सीओ, बिजली, स्वास्थ्य विभाग, नगर परिषद, बिजली विभाग, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षक मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार, बीडीओ अजीत कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डा. अशोक कुमार, अग्निशमन अधिकारी बिंदु बैठा, अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष राकेश गोसाई सहित कई पुलिस अधिकारी समेत गणमान्य लोगों में वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय, बैरिस्टर सिंह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, अजय कुमार सिंह, वार्ड पार्षद समीर आलम, दारा यादव, अरुण शर्मा, कुंवर सिंह, दीपक शर्मा, धनंजय यादव, अख्तर अंसारी, वार्ड पार्षद सोनू चौधरी, आनंद चौधरी, धनंजय सिंह, असलम कुरेशी, पीर मोहम्मद राइन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अफसरों ने सुनीं लोगों की समस्याएं, कई मामले ऑन द स्पाट निष्पादित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत सोमवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में अफसरों ने जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी। डीएम नीतीन कुमार सिंह व एसपी हरिमोहन शुक्ला ने भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लोगों की समस्याओं को सुना। डीएम-एसपी ने कुछ मामलों का आन द स्पाट निष्पादित भी किया तथा कुछ मामलों को संबंधित विभाग के अफसरों के यहां भेजकर अपने स्तर से जांच कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का कड़े निर्देश दिये। इधर जिले के सभी प्रखंडों, अंचलों, थानों सहित विभिन्न विभागों के कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन कर अफसरों ने लोगों की समस्याएं सुनी और निष्पादन की दिशा में अग्रतर कार्रवाई भी शुरू की। समाचार कवरेज के दौरान कार्यालयों में आम लोगों को बैठने के लिए कुर्सी व पेयजल का प्रबंध किया गया था। रविवार को कलेक्ट्रेट में प्रेस वार्ता आयोजित कर डीएम नीतीन कुमार सिंह ने बताया था कि प्रत्येक सप्ताह सोमवार व शुक्रवार को जिले के सभी विभागों के कार्यालयों में जनता दरबार लगाकर आम लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी।

# सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत सात निश्चय योजना की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार सरकार के द्वारा पूर्व से प्रसारित सात निश्चय योजना के तहत सातवें निश्चय योजना सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत अनुमंडल क्षेत्र सहित विभिन्न प्रखंडों में सोमवार को इसकी शुरुआत की गई जहां अनुमंडल स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक के सभी विभागों के दफ्तर जनता की सुनवाई के लिए खुले रहे। बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे बहुउद्देशीय इस कार्यक्रम के तहत जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक लोगों को शीघ्र और निशुल्क न्याय दिलाने के तहत सप्ताह के दो दिन प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार की तरह इस जनसुनवाई के कार्यक्रम को संचालित करने की शुरुआत की गई। सात निश्चय योजना के तहत यह सातवें निश्चय का कार्यक्रम बताया जा रहा है और यह आशा की जा रही है कि इसके द्वारा विभिन्न विभागों में जन सुनवाई में हो रही देरी को त्वरित गति से निपटाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत पुलिस प्रशासन शिक्षा स्वास्थ्य पेयजल एवं विद्युत विभाग सहित सभी तरह के विभागों के दफ्तर लोगों की सुनवाई के लिए खुले रखे गए जहां लोगों ने अपने आवेदन सुनवाई के लिए समर्पित किया। क्षेत्र में बिक्रमगंज, काराकाट संझौली, दिनारा, दावथ एवं सूर्यपुरा सहित विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में इस तरह के जनसुनवाई का आयोजन किया गया और लोगों से आवेदन लेकर त्वरित सुनवाई भी की गई और बहुत से मामले को ऑन स्पाट निपटाए गए। इस तरह के आयोजन से जहां लोगों ने त्वरित सुनवाई की आशा व्यक्त की तो वही समाजसेवियों ने एक अच्छी पहल बताई।

# डीएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** सरकार के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न विभागों में जनसुनवाई की गयी। इसी क्रम में मोहनियां अनुमंडल कार्यालय में डीएसपी अपने कक्ष में बैठकर फरियादियों की समस्याएं सुनते नजर आये। सोमवार को डीएसपी के समक्ष तीन फरियादी अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे जहां उन्होंने अपनी समस्याएं रखीं। डीएसपी ने सभी फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा 19 जनवरी से प्रत्येक सप्ताह दो दिन जनसुनवाई की तिथि निर्धारित की गयी है। इसके तहत हर सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को जनसुनवाई किया जाना है।

# बीआरसी कोचस में टीएलएम मेला, पढ़ाई को आसान बनाने के मॉडल बने आकर्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) कोचस परिसर में सोमवार को टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को सरल और रुचिकर बनाने के लिए सरकार द्वारा टीएलएम मेला जैसी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मेले में प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालयों के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। गणित, हिंदी, विज्ञान, अंग्रेजी, पर्यावरण, जल संसाधन, ट्रैफिक लाइट, आर्टिकल, विलोम शब्द आदि विषयों से जुड़े शिक्षण मॉडल व चार्ट प्रस्तुत किए गए। निर्णायक मंडल ने बेहतर प्रस्तुति के आधार पर श्रेष्ठ मॉड्यूल का चयन किया। आयोजकों ने बताया कि चयनित प्रतिभागी अब जिला स्तर पर आयोजित टीएलएम मेले में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में हिंदी विषय से मध्य विद्यालय कोचस के अनीश पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित में अंकिता श्रीवास्तव (मध्य विद्यालय कोचस), पर्यावरण में अंजली कुमारी (मध्य विद्यालय नरवर भगिरथा), अंग्रेजी में राजनंदिनी तथा उर्दू में मुरल कुमार (मध्य विद्यालय उसराव) प्रथम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार सिंह ने की जबकि संचालन जयप्रकाश सिंह व संतोष सिंह ने किया। मौके पर बीआरसी व्यवस्थापक बुद्धि बलधन रावत सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मानवता सेवा संघ के बैनर तले बैठक

## सभ्यता संस्कृति को बरकरार रखना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमुहारा गांव में मानवता सेवा संघ के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति अमरेंद्र कुमार तिवारी एवं संचालन रविकांत तिवारी ने किया। कार्यक्रम का आयोजनकर्ता पिंकू तिवारी उर्फ गंगासागर तिवारी थे। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्यदेव भगवान परशुराम के तैल चित्र पर पूजन अर्चन एवं स्वस्ति वाचन से हुआ। बैठक में शामिल सभी मानवता सेवा संघ के सदस्यों ने बारी-बारी से अपना मंतव्य दिया जिसमें सभी वक्ताओं ने संगठन को सशक्त करने हेतु गांव-गांव घूम करके लोगों को जागृत करने एवं मान-सम्मान इज्जत, आबरू, शान-शौकत, धन संपत्ति की रक्षा करने का संकल्प लिया। साथ ही साथ आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हम किसी भी समुदाय जाति धर्म का विरोधी नहीं है पर अपनी रक्षा करना भी मेरा परम कर्तव्य है जिसे बखूबी निर्वहन करेंगे। गरीब परिवार को मदद करना मेधावी छात्र-छात्राओं को सही शिक्षा प्रदान करने में मदद करना गरीब लाचार एवं पीड़ित व्यक्ति को यथा संभव सेवा प्रदान कराना सभ्यता संस्कृति को बरकरार रखना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। संगठन के महासचिव दशरथ मिश्रा ने सनातनी चंदन बाबा को रामचरित्रमानस एवं अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए आह्वान किया कि हम सभी मानवता सेवा संघ के कार्यकर्ता बेटा के शादी में दहेज नहीं लेंगे दहेज प्रथा एक कोढ़ है जो समाज को खोखला करते चला जा रहा है। कार्यक्रम में एकत्रित लोगों ने दहेज नहीं लेने का संकल्प लिया एवं धनबाद से आए हुए मनोज तिवारी ने संकल्प दिलवाया कि हम नशा नहीं करेंगे।

# आरपीएफ ने लावारिस हालत में देसी शराब बरामद की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन परिसर में आरपीएफ द्वारा गश्ती के दौरान लावारिस हालत में भारी मात्रा में देशी शराब बरामद की गई है। यह कार्रवाई 19 जनवरी 2026 को निरीक्षक प्रभारी आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन रामविलास राम के नेतृत्व में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन के सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, आरक्षी हरे कृष्ण राय तथा सी.पी.डी.एस टीम गया के उप निरीक्षक मुकेश कुमार के साथ आरक्षी अमित कुमार, राजू कुमार एवं सुनील कुमार संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 04/05 से लगभग 50 मीटर पूर्व एक कपड़े का बैग लावारिस अवस्था में पड़ा हुआ पाया गया। संदेह के आधार पर जब बैग की जांच की गई तो उसमें छबीली मसालेदार देसी शराब की कुल 52 बोतलें, लगभग 10.4 लीटर, बरामद की गईं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 2340 रुपये बताई गई है। मौके पर सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए लावारिस शराब को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना (जीआरपी) डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया।

# बाबा गणीनाथ महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव निर्विरोध संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जमुहार स्थित बाबा गणीनाथ महाविद्यालय में 19 जनवरी 2026 को शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव शांतिपूर्ण एवं निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों की उपस्थिति में कराया गया। इस चुनाव में महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि पद के लिए प्रो. शिव शंकर साहा को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव सहायक प्राध्यापक आनंद कुमार ने रखा जिसका समर्थन डॉ. आलोक कुमार ने किया। चुनाव के दौरान महाविद्यालय के सचिव डॉ. रामेश्वर प्रसाद सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सहायक प्राध्यापक अरुण कुमार शर्मा, अजीत कुमार, नरेंद्र सिंह, संजय शर्मा, मनोहर कुमार, बिहारी पाल, पूजा कुमारी, अनीता कुमारी, राखी कुमारी, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी शर्मा, पीयूष गुप्ता, अनिल कुमार, मुमताजुद्दीन सहित अन्य शिक्षक शामिल थे। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. शिव शंकर साहा को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे शिक्षकों और महाविद्यालय के हित में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

# महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

## रोचक मुकाबले का अंत तक नहीं निकला निष्कर्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र में बिहार और यूपी के बीच महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का रोमांचक मैच सोमवार को गोडारी स्टेडियम में खेला गया। काराकाट प्रखंड क्षेत्र के गोडारी स्टेडियम में बिहार के सारण छपरा बनाम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के बीच महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जहां प्रखंड क्षेत्र से बाहर के लोगों की भी उपस्थिति देखी गयी। महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में स्टेडियम की भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि लाखों दर्शकों ने अपना उपस्थिति इस रोचक महिला फुटबाल मुकाबले को देखने के लिए बेताब थी। बताया जाता है कि यह महिला फुटबॉल प्रतियोगिता राम रूप उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय राम रूप तिवारी के जन्मदिवस पर आयोजित किया गया था जिसके मुख्य संचालक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने बताया कि मुख्य पार्षद राधिका कुमारी के सौजन्य से इस फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसका उद्देश्य बच्चियों के पढ़ाई के साथ-साथ खेल में रुचि को बढ़ाना है। उन्होंने आगे बताया कि महिलाओं के प्रति चाहे पक्ष हो या विपक्ष सबकी नजर रहती है और इसी परिपेक्ष्य में हमारे नगर पंचायत गोडारी में शिक्षा के महान विद्वान स्वर्गीय राम रूप जी के स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चियों को पढ़ाई के साथ खेल के प्रति रुचि को बढ़ाना ही उद्देश्य रहा। इस मैच का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचलाधिकारी रितेश कुमार सिंह काराकाट थाना अध्यक्ष विवेक कुमार तथा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती एवं रामरूप तिवारी के परिवार के सदस्य रामपर्शन तिवारी उर्फ बबुआ जी के हाथों हुआ। मैच के व्यवस्थापक दिलीप सोनी तथा ललन जी पूर्व वार्ड पार्षद मौजूद रहे। वही प्रसिद्ध समाजसेवी और एनडीए नेता वीरेंद्र तिवारी ने दानदाता की भूरि- भूरि प्रशंसा की तथा इसके आयोजनकर्ता मुन्ना भारती को इस नेक कार्य के लिए बधाई दिया। मैच का उद्घाटन फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया, तो वहीं बैंड बाजे एवं सांस्कृतिक गायन के द्वारा इसका रूप आकर्षण योग्य बनाया गया। मैच की शुरुआत प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह अंचलाधिकारी रितेश कुमार, मुख्य पार्षद अभिभावक मुन्ना भारती एवं दानदाता राम रूप तिवारी के परिवार से उपस्थित सदस्य बबुआ जी के द्वारा कीक मारकर किया गया। मंच का संचालन अशोक शर्मा तथा कंट्री पर धनुष सिंह मौजूद रहे तो वही रेफरी का कार्य अशोक सिंह ने किया। गोडारी स्टेडियम में चारों ओर से दर्शकों की भीड़ बेकाबू हो रही थी जहां रोचक मुकाबले को देखने के लिए हर कोई उतावला था। हालांकि बिहार की सारण छपरा की टीम उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर की टीम पर हावी होते दिखाई दी और एक गोल का लक्ष्य भी दिया गया। परंतु प्रतिद्वंदी टीम ने इसकी बराबरी कर डाली और अंत तक कोई निर्णय नहीं हो सका। निर्णायक मंडल के द्वारा पेनल्टी के द्वारा निर्णय का निर्णय लिया गया परंतु यहां भी बराबरी हुआ और अंत में उत्तर प्रदेश टीम को विजय घोषित किया गया।


**Govt. of Jharkhand, Department of Mines and Geology**
**District- Garhwa**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**
**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह कीई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. ई–नीलामी कार्यक्रम : (चतुर्थ निविदा)

| NIT No. MINES GARHWA /SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री–बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 38/2026 | सुण्डीपुर घाट (सोन घाट–1) | 19.01.2026 (10.00 पूर्वाहन्) | 21.01.2026 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक समाहरणालय गढ़वा। | 06.02.2026 समय–5:00 बजे अपराहन् तक | 11.02.2026 समय 5.00 बजे अपराहन् तक | 13.02.2026 10:00 बजे पूर्वाहन् से 6:00 बजे अपराहन् तक |
| 39/2026 | गाड़ाकाला घाट (सोन घाट–2) | | | | | |
| 40/2026 | डुमरसोता घाट (सोन घाट–3) | | | | | |
| 41/2026 | मेरौनी घाट (सोन घाट–4) | | | | | |
| 42/2026 | परती घाट (सोन घाट–5–1 | | | | | |
| 43/2026 | गम्हरिया घाट (सोन घाट–5–2) | | | | | |
| 44/2026 | पिपरा घाट (सोन घाट–6) | | | | | |
| 45/2026 | खोखा घाट (सोन घाट–7) | | | | | |
| 46/2026 | खरौंधा घाट (नोर्थ कोयल घाट–1) | | | | | |
| 47/2026 | ।मोखापी घाट (नोर्थ कोयल घाट–2) | | | | | |
| 48/2026 | सोहगाड़ा घाट (नोर्थ कोयल घाट–3) | | | | | |
| 49/2026 | मोरबे घाट (नोर्थ कोयल घाट–4) | | | | | |
| 50/2026 | बुढ़ीखॉड़ घाट (नोर्थ कोयल घाट–5) | | | | | |
| 51/2026 | मझिऑव खूर्द घाट (नोर्थ कोयल घाट–6) | | | | | |
| 52/2026 | मझिऑव कला घाट (नोर्थ कोयल घाट–7) | | | | | |
| 53/2026 | बकोईया घाट (नोर्थ कोयल घाट–8) | | | | | |
| 54/2026 | आमर घाट (नोर्थ कोयल घाट–9) | | | | | |
| 55/2026 | पतसी घाट (नोर्थ कोयल घाट–10) | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट
5. पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
7. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
9. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
10. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह/0 कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, गढ़वा
ह/0 जिला कोषागार पदाधिकारी, गढ़वा
ह/0 जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा
ह/0 अपर समाहर्ता, राजस्व, गढ़वा
ह/0 उप निदेशक, खान, पलामू
ह/0 उपायुक्त, गढ़वा

PR 371038 Minor Irrigation (25-26)_D

## एक नजर

### अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति नालंदा की बैठक आयोजित

**बिहारशरीफ।** अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति नालंदा की बैठक राजगीर के वेणुवन में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 11 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मनाथ प्रसाद यादव की जन्मतिथि पर बिहार बार काउंसिल पटना में शामिल होना है। बैठक में यह भी बताया गया कि बाबा भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस आगामी 14 अप्रैल को धूमधाम से बिहार शरीफ में मनाया जाएगा जिसके लिए सदस्यता शुल्क पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष अधिवक्ता कृष्णदेव चौधरी, विजय दास, महामंत्री भरत प्रसाद, शंभु प्रसाद अमरदीप कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष रणविजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### बंद घर से 5.5 लाख की चोरी, प्राथमिकी

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकबरपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोना-चांदी के आभूषण, कीमती कपड़े सहित अन्य सामान चुरा लिया। चोरी की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत करीब 5.5 लाख रुपये बताई जा रही है। पीड़ित रामाशीष रविदास ने सोमवार को हिलसा थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे अपने परिवार के साथ दिल्ली के गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में काम करते हैं। इसी कारण उनका घर पिछले 15 दिनों से बंद था। 18 जनवरी को वे अपने ससुर के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए गांव लौटे, तब उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजा और कमरों के ताले टूटे हुए हैं। घर के अंदर रखे ट्रंक से सोने का मंगलसूत्र, कान की बाली, अंगूठी, चांदी के आभूषण और कपड़े गायब थे। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ हिलसा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है।

### ए डिवीजन लीग के दूसरे मुकाबले में युवा शक्ति क्रिकेट क्लब जीता

**नवादा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में सिरदला के लौंध हाई स्कूल में आयोजित ए डिवीजन लीग के दूसरे मुकाबले में आज युवा शक्ति क्रिकेट क्लब का मुकाबला लौंध क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। जिसमें युवा शक्ति की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 215 रनों का स्कोर खड़ा किया। युवा शक्ति के बल्लेबाज दीप प्रकाश ने शानदार 57 जितेंद्र कुमार ने 55 जबकि मुरारी सामने 34 रनों का योगदान अभी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए लौंध क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिवेश ने तीन जबकि आदित्य ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी लौंध क्रिकेट क्लब की टीम ने 28 ओवर में 143 रन बनाकर ऑल आउट हो गई लौंध की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए प्रिंस ने 36 जबकि दीपू एवं दिवेश ने 16-16 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया गेंदबाजी करते हुए युवा शक्ति क्रिकेट क्लब के गेंदबाज विक्रम कुमार ने शानदार चार विकेट झटके जबकि शिव शंकर, आदित्य एवं पीटर ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया इस तरह से दूसरे मुकाबले को युवा शक्ति क्रिकेट क्लब ने 72 रनों के अंतर से जीत लिया। आज के मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले विक्रम कुमार को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो विभिन्न गांवों में छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के चनेसर मांझी को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह बाजिदपुर के बालमुकुंद सिंह वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि कांडों के आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के केशऔरी गांव में छापेमारी कर शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि केशऔरी गांव से 12 लीटर शराब जब्त किया गया है। इस मामले में संजय चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### विभिन्न मामलों में दो लोग गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो विभिन्न मामलों में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी पौरुष अग्रवाल ने बताया कि मारपीट के आरोप में कचना गांव में छापेमारी कर पप्पू ठाकुर को गिरफ्तार किया है। वारिसलीगंज के मोसमा गांव के विकास कुमार को अवैध बालू मामले में गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कुशवाहा सेवा समिति रोह शाखा का पुनर्गठन



**नवादा।** नवादा जिले के निबंधित गैर सरकारी संगठन कुशवाहा सेवा समिति का रोह शाखा का पुनर्गठन जिलाध्यक्ष ललिता कुमारी एवं संरक्षक मंडल की उपस्थिति में रोह बाजार के पंचम मैरेज हॉल में समारोह पूर्वक सम्पन्न किया गया। बैठक की अध्यक्षता दिनेश प्रसाद ने किया। संचालन समिति के सचिव रामचंद्र कुमार सोनी ने किया। संगठन विस्तार एवं छात्रावास निर्माण को गति देने को लेकर रोह शाखा के सदस्यों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, सचिव डॉ. विजय कुमार, उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, उप सचिव सुधांशु कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, संगठन मंत्री नीतीश कुमार उप संगठन मंत्री अरविन्द कुमार, योजना मंत्री साधु शरण प्रसाद, उपेंद्र कुमार, राजू कुमार, संटू कुमार, प्रभाकर चंदन तथा मिडिया प्रभारी आनंद प्रकाश को बनाया गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य में मनीष कुमार, धर्मेंद्र कुमार तथा श्रवण कुमार हैं। नीलम देवी आलोक कुमार, भागवत प्रसाद, बिजेंद्र प्रसाद आदि को भी रखा गया है।

### जनता दरबार में मामलों का हुआ निष्पादन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना परिसर में सोमवार को जनता दरबार आयोजित की। जनता दरबार में थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक पौरुष अग्रवाल ने जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि जनता दरबार में विभिन्न गांवों से 10 मामले आए। सभी मामलों का निष्पादन किया गया। उन्होंने लोगों से कहा कि आपस में लड़े नहीं। छोटे- छोटे मामलों को आपसी समझौते के आधार पर सुलझाए। कहा गया कि किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर थाना को सूचना दें। लोगों को डायल 112 की जानकारी दी गई। कहा गया कि इस पर किसी तरह की घटना की सूचना दी जा सकती है। लोगों को प्राथमिकी दर्ज करने से जुड़ी जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष स्नेहा कुमारी, एसआई कन्हैया लाल, एएसआई प्रशांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनता दरबार में शत प्रतिशत मामलों का करें निष्पादन : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में "सात निश्चय-3" के अंतर्गत सबका सम्मान–जीवन आसान को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर देते हुए डीएम ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाने हेतु कई निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक परेशानियों से बचाने के लिए हर सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को सभी विभागीय पदाधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर लोगों की शिकायतें सुनेंगे। यदि किसी कारणवश संबंधित अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं, तो उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सभी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल एवं शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एग्री-स्टैक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री में प्रगति लाने हेतु राजस्व एवं कृषि विभाग को संयुक्त रूप से कैंप आयोजित कर तेजी से सत्यापन और बकेट क्लेम का कार्य पूर्ण करने को कहा गया। डीएम ने निर्देश दिया कि वर्ष 2026 में प्राप्त सभी जनता दरबार शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। भूमि विवाद से जुड़े 2025 के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने तथा सभी अपडेट गूगल शीट पर दर्ज करने का निर्देश दिया।

**सिंचाई संरचनाओं व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा**

लघु सिंचाई प्रमंडल को जिले के सभी पईन और आहर को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया ताकि सिंचाई व्यवस्था सुचारू रहे। सामाजिक सुरक्षा से संबंधित लंबित मामलों — अंतर्जातीय विवाह योजना, परिवार लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि आदि के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया। अस्पतालों में दवा व चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवा उपलब्धता, डॉक्टरों की उपस्थिति, एक्स-रे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड की नियमित सुविधा तथा यूडीआईडी कार्ड निर्माण में प्रगति सुनिश्चित की जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड के चिन्हित 102 विद्यालयों में आधुनिक तकनीक आधारित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएँ, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। आगामी सरस्वती पूजा को देखते हुए डीएम ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद रखने, सभी पूजा पंडालों को लाइसेंस जारी करने, जुलूसों की ड्रोन से मॉनिटरिंग तथा विसर्जन स्थलों पर रोशनी, गोताखोर व बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नल-जल शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु मोबाइल व्हीकल व अतिरिक्त मोटर की व्यवस्था करने को कहा गया। बाढ़ एवं निस्सरण विभाग को तटबंधों की समय पर मरम्मती, गुणवत्तापूर्ण जियो-बैग के उपयोग तथा ड्रोन सर्वे कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# लूट के सामान के साथ दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र के वीर कुँवर सिंह चौक के समीप हथियार के बल पर हुई लूट की वारदात का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर ली। इस कार्रवाई में पुलिस ने घटना में संलिप्त दो अपराधियों को गिरफ्तार की है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान लूटे गए सामान भी बरामद की है। डीएसपी संजय जायसवाल ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने पीड़ित रोहित कुमार से हथियार दिखाकर करीब ढाई लाख रुपये नकद, एक कंप्यूटर सहित अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान लूट लिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए टीम ने तकनीकी अनुसंधान और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में वेन थाना क्षेत्र के देलहीचक निवासी राज बब्बर कुमार उर्फ छोटू एवं उसी थाना क्षेत्र के बिरनामा निवासी सन्नी कुमार शामिल है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर लूटे गए सामान की बरामदगी कर ली गई है। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, हथियार और नकद राशि की बरामदगी को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, एसआई प्रमोद कुमार, विजेंद्र कुमार मांझी आदि शामिल थे।

# सरकारी दफ्तरों में आयोजित हुई सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान–जीवन आसान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इस कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत आज दिनांक 19 जनवरी 2026 से की गई। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिसमें कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि कुछ जटिल मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास जांच एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया। इसके अतिरिक्त अन्य नागरिकों द्वारा भी विभिन्न शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर सभी मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

# पेट्रोल पंप के खुलने से किसानों को होगी सुविधा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा–बिहटा मुख्य पथ पर जिले के चंडी प्रखंड अंतर्गत बेलधन्ना गांव के समीप सोमवार को जिओ पेट्रोल पंप की फ्रेंचाइजी 'शुभम पेट्रो' का विधिवत शुभारंभ किया गया। पेट्रोल पंप का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर हरनौत विधायक हरि नारायण प्रसाद, अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, राजगीर विधायक कौशल किशोर, इस्लामपुर विधायक रोहेल रंजन, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार तथा पूर्व



विधान पार्षद राजू यादव समेत कई जनप्रतिनिधि, मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने शुभम पेट्रो के प्रोपराइटर सुरेश कुमार एवं शुभम कुमार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आधुनिक व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं और क्षेत्र के आर्थिक विकास को मजबूती मिलती है। इस पेट्रोल पंप के खुलने से आसपास के किसानों को ईंधन की सुविधा मिलेगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने भरोसा जताया कि शुभम पेट्रो गुणवत्ता, पारदर्शिता और बेहतर सेवा के मानकों पर खरा उतरेगा।

# राशन कार्ड सत्यापन से लेकर धान खरीद तक कार्यों की गहन समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति कार्य बल (टास्क फोर्स) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा धान अधिप्राप्ति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। आपूर्ति शाखा की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संदिग्ध राशन कार्डों का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने एवं लंबित पात्र लाभुकों को शीघ्र राशन कार्ड निर्गत करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया। साथ ही उन्होंने सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के लाइसेंस को अद्यतन करने का निर्देश दिया। बैठक में आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, भारतीय खाद्य निगम प्रेषण (एसआइओ डिस्पैच), ऑनलाइन खाद्यान्न वितरण,



लाइसेंस अद्यतन, परख एप के माध्यम से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड निर्गमण जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा एवं समीक्षा की गई। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 जनवरी 2026 तक जिले में कुल निबंधित किसानों की संख्या 19,210 है। जिले में कुल 179 क्रियाशील सहकारी समितियाँ हैं, जिनमें 169 पैक्स एवं 10 व्यापार मंडल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि धान अधिप्राप्ति का कुल लक्ष्य 97,369 मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध अब तक 38,233.302 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। अधिप्राप्ति में कुल 4,890 किसान संलग्न हैं तथा प्रति किसान औसत खरीद 7.82 मीट्रिक टन है। उन्होंने आगे बताया कि अब तक 4,225 किसानों को भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान की अधिप्राप्ति प्राथमिक रूप से सीमांत एवं छोटे किसानों से ही की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन प्राथमिक कृषि साख समितियों द्वारा लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत लॉट प्राप्त कर लिया गया है तथा जिन समितियों द्वारा अब तक अत्यंत कम खरीद की गई है, ऐसे मामलों में कम प्रदर्शन करने वाली समितियों के लॉट में कटौती कर बेहतर प्रदर्शन करने वाली समितियों को अतिरिक्त दो लॉट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही धान अधिप्राप्ति के उपरांत 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों को दिया गया। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर एवं रजौली, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी की प्रतिमा की अनदेखी पर कांग्रेस नेताओं में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिला में महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, डेंटिंग, पेंटिंग और लाइट की समुचित व्यवस्था की जा रही है, लेकिन भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा को पूरी तरह अनदेखा किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में एजाज अली मुन्ना, प्रवक्ता सह महामंत्री, कांग्रेस नवादा जिला ने कहा कि इंदिरा चौक स्थित स्व. इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा की न तो साफ-सफाई की गई है, न ही डेंटिंग-पेंटिंग कराई गई है और न ही लाइट की कोई व्यवस्था है, जबकि जिले के अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण किया गया है। यह न केवल इंदिरा गांधी जी का अपमान है, बल्कि उनके योगदान को भुलाने का प्रयास भी है। उन्होंने बताया कि इंदिरा चौक पर इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा की स्थापना 1984 में उनकी शहादत के बाद की गई थी, जिसमें उस समय बिहार सरकार के मंत्री भी शामिल हुए थे। इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल में देश ने विकास की नई दिशा पकड़ी। बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ, 'गरीबी हटाओ' जैसे ऐतिहासिक कार्यक्रम चले, युवाओं को रोजगार मिला और किसानों को सम्मान दिया गया। एजाज अली मुन्ना ने वर्तमान केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 13 वर्षों के शासन में बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई चरम पर है और लोग भूखे सोने को मजबूर हैं।

# नवादा को मिला पंचायती राज का समर्पित प्रशिक्षण भवन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 19 जनवरी 2026 को जिला पंचायत संसाधन केंद्र, नवादा के नव-निर्मित भवन का विधिवत हस्तांतरण किया गया। इसके साथ ही पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर नवादा जिला को पंचायती राज विभाग का एक समर्पित एवं सुसज्जित प्रशिक्षण भवन प्राप्त हुआ।




नव-निर्मित प्रशिक्षण भवन के विधिवत हस्तांतरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा देवी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, जिला परिषद के सहायक अभियंता सहित जिला पंचायत संसाधन केंद्र के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड नवादा सदर, वारिसलीगंज, मेसकौर एवं पकरीबरावां के जनप्रतिनिधि, मुखिया गण, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत कार्यपालक सहायक प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण के महत्व एवं उसकी व्यावहारिक उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों को समयबद्ध एवं नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं, जिला परिषद अध्यक्षा ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रशिक्षकों द्वारा विषयगत एवं प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण प्रदान करने की शैली की प्रशंसा की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त हो रहे सकारात्मक अनुभवों को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

# रजौली की दो बेटियों ने रजौली का नाम रोशन किया, छात्राओं के लिए बनीं प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की दो बेटियों नीतू कुमारी और नौसी शाहीन ने अपने जीवन की कठिनाइयों को पार कर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। नीतू कुमारी, जो एक गरीब मजदूर परिवार से आती हैं, ने अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त की और अब बेतिया जिले में अग्निक पद पर कार्यरत हैं। वहीं, नौसी शाहीन ने मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़ से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की और अब दिल्ली में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। सोमवार को कस्तूरबा विद्यालय में संचालक सत्येंद्र कुमार पांडेय एवं वार्डेन रेखा कुमारी द्वारा दोनों छात्राओं को अंगवस्त्र और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित एवं मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया गया। संचालक सत्येंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पूर्व की छात्रा महादेव मोड़ निवासी कारू राजवंशी की पुत्री नीतू कुमारी का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय में वार्डेन की मदद से वर्ष 2011 में कराया गया था। नीतू शुरु से पढ़ने में काफी रुचि रखती थी,वर्ष 2017



में मैट्रिक और 2019 में इंटर में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने के बाद वह तैयारियों में जुट गई। गरीबी की हालत में ही उसके परिजन उसपर शादी कर घर बसाने का दवाब भी बनाया गया,किंतु नीतू ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और वर्ष 2023 में अग्निक पद पर चयनित हुई। वर्तमान में नीतू बेतिया जिले में अग्निक पद पर पदस्थापित है। नीतू ने कहा कि वो आज जो कुछ भी है,उसके पीछे कस्तूरबा परिवार का भरपूर सहयोग मिला है।

# 'दी फोस्टर हेरिटेज स्कूल' का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को शहर के नवीन नगर यादव चौक के समीप आईसीएसई बोर्ड आधारित 'दी फोस्टर हेरिटेज स्कूल' का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन नगर परिषद, नवादा के मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी, पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव, चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष राजेश्वर प्रसाद, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. केपी सिंह एवं बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व सभी अतिथियों को बुके, मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



का भी आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के निदेशक सपन कुमार सिंह ने बताया कि यह विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। यहां नर्सरी से वर्ग 5 तक के बच्चों के पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में नवीनतम एवं आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार भी सिखाया जाता है।

मौके पर डॉ. कुणाल कुमार, अधिवक्ता राजकुमार सिंह, रतन सिंह, रंजीत सिंह, पवन कुमार एवं श्रवण कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय तीन के अंतर्गत सात निश्चय में सबका सम्मान, जीवन आसान के तहत प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में सोमवार को आयोजित हुआ। इस दौरान कई फरियादी पहुंचे। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने मामले को गम्भीरता से सभी फरियादी की बात को सुने। मामले को निष्पादित करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हंड़िया निवासी शिवदानी प्रसाद ने अपने पोता अर्नव कुमार और पोती दिव्या कुमारी जन्म प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन पत्र जमा किया। कहा कि 10 दिनों से आवेदन पत्र बनाने के लिए पंचायत से लेकर जिला कार्यालय तक गया,लेकिन अभी तक नहीं बन पाया है। दो दिन से प्रखंड कार्यालय भी आ रहे हैं।यहां प्रमाण पत्र बन जाने की उम्मीद जगी है। बीडीओ ने



आवेदन पत्र लेकर तत्काल निष्पादन करने का भरोसा दिलाया। वही इसी पंचायत के दरियापुर निवासी उषा देवी पति कृष्णदेव प्रसाद ने कहा तीन माह पहले वृद्धापेंशन के लिए आवदेन यहां जमा की है। अभी तक पेंशन की राशि नहीं मिल पा रहा है। इस पर बीडीओ ने कहा आपका वृद्धापेंशन स्वीकृति हो गया है। जल्द ही इसका लाभ मिलेगा।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में आए 300 से अधिक आवेदन

## शिकायतों की ऑनलाइन ट्रैकिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया।** गया समाहरणालय के सभागार में आयोजित जिलाधिकारी के जनता दरबार में आज 300 से अधिक लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी और विभागों को अग्रसारित किया गया। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर हो, इसके लिए ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था लागू की जा रही है। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की निगरानी के लिए एक विशेष वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। इस प्रणाली के माध्यम से आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि कर संबंधित विभाग या पदाधिकारी को भेजा जाएगा। इसके बाद आवेदन पर की गई कार्रवाई को ऑनलाइन ट्रैक किया जा सकेगा जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। जनता दरबार में सबसे अधिक आवेदन भूमि से जुड़े मामलों के प्राप्त हुए। इनमें अतिक्रमण, जमाबंदी, भूमि विवाद और अन्य राजस्व संबंधी प्रकरण प्रमुख रहे। सभी मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिले के सभी प्रखंड, अंचल और कार्यपालक पदाधिकारियों के कार्यालयों में भी नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यालयों में भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। जनता दरबार के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए जाते हैं। यह पहल बिहार सरकार की जनता दरबार योजना का हिस्सा है जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर राज्य भर में लागू किया गया है।

## जिलाधिकारी ने 20 लोक शिकायत मामलों का किया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया समाहरणालय में जिला पदाधिकारी शंशाक शुभंकर द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार में सोमवार को कुल 20 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। पवन कुमार, ग्राम मुंडेरा, कोच द्वारा ग्रामीण विकास विभाग पर निजी जमीन में बिना अनुमति मिट्टी काटने का आरोप लगाते हुए वाद दायर किया गया था। सुनवाई के दौरान कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, कार्य प्रमंडल टेकारी ने जांच की जानकारी दी। आवेदक ने बिना सहमति मिट्टी काटे जाने की बात कही। इस पर जिला पदाधिकारी ने परिवादी की उपस्थिति में पुनः जांच करने का निर्देश दिया। रामेश्वर मिश्रा, प्रखंड टेकारी द्वारा टिकारी प्रखंड के लाव पोखर के जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता को लेकर वाद दायर किया गया। सुनवाई में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गया ने बताया कि तालाब में मिट्टी का कार्य कराया गया है और भुगतान भी हो चुका है, लेकिन कई स्थानों पर कार्य अधूरा है। परिवादी ने कहा कि तालाब की मिट्टी काटकर उसी में भर दी गई है। इस पर जिला पदाधिकारी ने जिला निगरानी समिति को जांच के निर्देश दिए।

## महुआ शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कावर में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजू चौधरी, पिता कृष्ण चौधरी, ग्राम कावर, थाना आंती, जिला गया के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से शराब बनाने वाले उपकरणों के साथ 40 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अहले सुबह छापेमारी की गई जिसमें आरोपी शराब बनाते हुए पकड़ा गया। मौके से शराब निर्माण में प्रयुक्त सभी उपकरण जब्त कर लिए गए हैं। इस संबंध में आंती थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद सोमवार दोपहर 12 बजे अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## सरस्वती पूजा पर डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित, शांति समिति की बैठक आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** सरस्वती पूजा को लेकर वजीरगंज थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि 23 फरवरी को सरस्वती पूजा शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई जाएगी। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक से प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को हर हाल में प्रतिमा विसर्जन कराया जाएगा। शांति समिति के सदस्यों ने भी सर्वसम्मति से सूर्यास्त तक प्रतिमा विसर्जन कराने का निर्णय लिया। थानाध्यक्ष ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की और कहा कि छोटे मामलों की सूचना देकर उन्हें समय रहते सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि मनचलों और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी तथा शराबियों और शराब कारोबारियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई होगी। सभी पूजा समितियों को अपना पंजीकरण कराने और जुलूस या अन्य बड़े कार्यक्रमों के लिए पूर्व स्वीकृति लेने का निर्देश दिया गया।

## 25 जनवरी को तिरंगा झंडा दौड़ प्रतियोगिता



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से 25 जनवरी 2026, रविवार को तिरंगा झंडा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता सुबह 6 बजे मानपुर स्थित सिक्स लेन पुल पर आयोजित होगी। दौड़ में महिला और पुरुष दोनों वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5000 रुपये नकद, ट्रैकसूट, प्रतीक चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3000 रुपये नकद तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2000 रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। यह आयोजन देशभक्ति के उद्देश्य से किया जा रहा है। फाउंडेशन की ओर से धावकों और तिरंगा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

## मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 8वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया (गया)।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद (आरएसवीपी) और मगध विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रि-दिवसीय आठवें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन 19 जनवरी 2026 को हुआ। सम्मेलन का विषय 'सामाजिक विज्ञान में राष्ट्र की अवधारणाः एक भारतीय परिप्रेक्ष्य' रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलपति एस. पी. शाही, शाहाबाद क्षेत्र के उप महानिरीक्षक सत्य प्रकाश, आरएसवीपी के अध्यक्ष एस. पी. एम. त्रिपाठी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के पूर्व कुलपति तपन शांडिल्य, आरएसवीपी के संरक्षक पी. वी. कृष्ण भट्ट, आरएसवीपी के महासचिव अमरजीव लोचन तथा कुलसचिव बी. के. मंगलम उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कुलपति एस. पी. शाही ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा वेनेजुएला के साथ अपनाई गई नीति यदि भारत के साथ दोहराने का प्रयास किया गया तो देश उसकी साम्राज्यवादी सोच का कड़ा विरोध करेगा और इस स्थिति में पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एकजुट होकर खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय राष्ट्रबोध, संस्कृति, परंपरा, आध्यात्मिकता और समावेशी दृष्टि पर केंद्रित गंभीर विमर्श का मंच बना। भारतीय संदर्भ में सामाजिक विज्ञान को समझने और पुनर्परिभाषित करने की दिशा में ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं जो राष्ट्र निर्माण की वैचारिक नींव को मजबूत करते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए एस. पी. एम. त्रिपाठी ने कहा कि तीनों दिनों में आयोजित विमर्श, तकनीकी सत्र और शोधपत्र प्रस्तुतियां विचारोत्तेजक और समसामयिक रहीं। भारतीय परिप्रेक्ष्य में राष्ट्र की अवधारणा पर हुआ यह अकादमिक मंथन सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में दिशा देने वाला सिद्ध होगा। विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश ने राष्ट्र की अवधारणा और उससे जुड़ी प्रशासनिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर मनोज ने भारतीय राष्ट्र दृष्टि को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। तपन शांडिल्य ने सामाजिक विज्ञान को भारतीय ज्ञान परंपरा और दर्शन से जोड़ने की बात कही जबकि पी. वी. कृष्ण भट्ट ने स्वदेशी दृष्टिकोण से भारतीय सामाजिक विज्ञान को सुदृढ़ करने की आवश्यकता बताई। समापन सत्र का संचालन दिव्या मिश्रा, दीपशिखा पांडे और मधुबाला ने संयुक्त रूप से किया।

## मारपीट मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के भोजपुरिया गांव से पुलिस ने मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। थाना अध्यक्ष मोहन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भोजपुरिया गांव निवासी विनोद चौधरी मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं. 252_2025-26, दिनांक 16.01.2026. वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीनः **कार्य का विवरणः** सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन हावड़ा यार्ड, झील साइडिंग, टिकियापाड़ा तथा उसके आस-पास फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प का प्रावधान तथा निकासी व्यवस्था का सुधार कार्य। **अनुमानित लागतः** रु. 4,64,73,899.49; **बयाना राशिः** रु. 3,82,400। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 18 (अठारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 13.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। **ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान-** ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-549/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें:** @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## ग्रामीण के अगवा होने की प्राथमिकी दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरा गांव निवासी विजय साव के अगवा होने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि रविवार की अहले सुबह अज्ञात बदमाशों द्वारा विजय साव को अगवा कर लिया गया जिसके बाद से उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। परिजनों के अनुसार घटना के बाद से उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है जिससे परिवार की चिंता और बढ़ गई है। इस संबंध में विजय साव के पुत्र धीरज कुमार ने रविवार की देर शाम डोभी थाना में लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की जानकारी दी। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि विजय साव सुबह घर से निकलकर जीटी रोड किनारे स्थित अपने लाइन होटल जा रहे थे। इसी दौरान जीटी रोड पर एक वाहन में सवार कुछ लोग उन्हें जबरन अपने कब्जे में लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। साथ ही टेक्निकल टीम को भी सक्रिय कर मोबाइल लोकेशन सहित अन्य बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है। ताकि घटना से जुड़े किसी सुराग का पता लगाया जा सके। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## शेरघाटी प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार, कई मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी प्रखंड कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़े पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित हुए। इस दौरान आम लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी स्नेहिल आनंद ने बताया कि वरीय अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। ताकि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस जनता दरबार में मनरेगा, अंचल कार्यालय, पीडीएस, प्रखंड कार्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। मनरेगा से संबंधित मजदूरी भुगतान, जॉब कार्ड निर्गत करने, कार्य स्वीकृति जैसे मामलों पर सुनवाई की गई। वहीं अंचल कार्यालय से जुड़े भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं रसीद कटवाने से संबंधित समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया। पीडीएस से संबंधित राशन कार्ड, अनाज वितरण में अनियमितता एवं नाम जोड़ने-हटाने के मामलों पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अनुमंडलीय अस्पताल से संबंधित इलाज, दवा उपलब्धता एवं आयुष्मान कार्ड से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की गई। बीडीओ ने कहा कि जिन मामलों का मौके पर समाधान संभव था, उनका त्वरित निष्पादन किया गया जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजकर जल्द निष्पादन का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है जिससे लोगों को कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और उनकी समस्याओं का समाधान समय पर हो सके।

## सरस्वती पूजा को लेकर आंती थाना में शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना परिसर में 23 जनवरी को आयोजित होने वाली सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने की। बैठक में थानाध्यक्ष ने सभी पूजा पंडाल आयोजकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार का डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा जुलूस लाइसेंस में उल्लिखित सभी शर्तों का सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूजा एवं विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मूर्ति विसर्जन के दौरान पोखर, तालाब व अन्य जलस्रोतों में विशेष सावधानी बरतने तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**डोभी/गयाजी (नबिटा संवाददाता)।** डोभी थाना पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार वारंटियों में संजय मांझी, पिता काली मांझी, साकिन कुशा, थाना डोभी, जिला गया तथा रंजीत कुमार, पिता राजेश दास, साकिन जय प्रकाश नगर, थाना डोभी, जिला गया शामिल हैं।

## खैरा गांव में 20 वर्षीया विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष से पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के खैरा गांव में 20 वर्षीय विवाहिता शांति देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया। मृतका शांति देवी, पति धर्मेंद्र यादव की पत्नी थी। बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गुरारू लाया गया जहां बाइक सवार महिला को छोड़कर फरार हो गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोंच थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। मृतका का मायका आंती थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में है। वह राधे यादव की पुत्री थी। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने ससुराल पक्ष के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि धर्मेंद्र यादव की पहली पत्नी की मौत कुछ वर्ष पूर्व प्रसव के दौरान हो गई थी जबकि उनके जुड़वां बच्चे सुरक्षित हैं। इसके बाद धर्मेंद्र की शादी उसी की शाली शांति देवी से हुई थी जिससे एक पुत्र है।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना परिसर में सरस्वती पूजा के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर थानाध्यक्ष मोहन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकना रहा। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरस्वती पूजा के अवसर पर डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही अश्लील और भड़काऊ गानों पर भी सख्त रोक लगाई गई है।

## वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय में जनता दरबार, 84 मामलों में अधिकांश भूमि विवाद से जुड़े

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से संध्या 4 बजे तक चले जनता दरबार में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निपटारा किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित हैं। आंकड़ों के अनुसार 84 आवेदनों में से 64 आवेदन भूमि से जुड़े थे। इसके अलावा 14 आवेदन ग्रामीण विकास विभाग, 3 आवेदन विद्युत विभाग, 1 सामाजिक सुरक्षा पेंशन, 1 शिक्षा और 1 आवेदन कृषि विभाग से संबंधित प्राप्त हुआ। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से जुड़े आवेदन का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को भेज दिया गया है। इन आवेदनों की स्थिति मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट की जाएगी। सभी आवेदनों को कार्रवाई रजिस्टर में दर्ज कर लिया गया है तथा अंचल अधिकारी और अन्य पदाधिकारी मामलों के निष्पादन में जुटे हुए हैं।

## मगध डिवीजन उमंग-2026 का समापन, इंजीनियरिंग कॉलेज का रहा दबदबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में आयोजित मगध डिवीजन उमंग-2026 का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता में मगध प्रमंडल के औरंगाबाद, अरवल, नवादा एवं जहानाबाद स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं–जैसे खेल, हिंदी एवं अंग्रेजी निबंध लेखन, कहानी लेखन, वाद-विवाद, क्विज, समूह चर्चा, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, सिंगिंग एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में गया अभियंत्रण महाविद्यालय के प्रतिभागियों का दबदबा स्पष्ट रूप से देखने को मिला जिन्होंने अधिकांश प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता एवं उपविजेता स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गया अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी समन्वयकों (कोऑर्डिनेटर्स) की सराहना की।

## जनता दरबार में तीन मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**टिकारी।** सरकार के सात निश्चय-3 सबका सम्मान- सबका जीवन आसान (इज ऑफ लिविंग) के तहत क्षेत्र स्थित सरकारी कार्यालयों में आम जन की समस्या सुनी गई। प्रखण्ड कार्यालय में आहूत जनता दरबार में सबसे अधिकारी अंचल से जुड़े मुद्दे आये। भवनपुर ग्राम से आये श्याम सुंदर सिंह, सिमुआरा ग्राम से आये विपिन दांगी ने बताया कि अंचल में परिमार्जन को लेकर महीनों पहले आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक नहीं किया गया। बीडीओ योगेंद्र कुमार ने बताया कि जनता दरबार में कुल 27 मामले आये जिनमें से सबसे अधिक अंचल से जुड़े 17 मामले, पेंशन व पीएचइडी से जुड़े दो-दो, राशन कार्ड, पंचायत व लेबर से जुड़े एक-एक, आवास योजना से जुड़े तीन मामले आये। सभी मामलों को पंजीकृत कर लिया गया व परिवादी को समय के अनुसार अद्यतन कार्रवाई की जानकारी देने की बात कही गई। जनता दरबार में बीडीओ योगेंद्र कुमार के अलावा सीओ मयंक शेखर, पीओ राम गंगा, बीसीओ, सीडीपीओ, कल्याण पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं विद्युत आपूर्ति कार्यालय में भी जनता दरबार लगाया गया। जेईई हिमांशु कुमार ने बताया कि जनता दरबार में कुल आठ मामले आये जिनमें से तीन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया व पांच पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को अग्रसारित किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**

Near Block Office, Block Road Bishrampur
Palamu (Jharkhand), Pin Code-822132
Email:- nagarpanchayatbisrhampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-79/2025-26**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् बिश्रामपुर कार्यालय अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 (SBM) CAPACITY BUILDING & SKILL DEVLOPMENT & KNOWLEDGE MANAGEMENT हेतु प्रशिक्षण कार्य इच्छुक अनुभव प्राप्त एजेन्सी से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक–27.01.2026 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न तक मुहरबंद कोटेशन/दर आमंत्रित किया जाता है, प्राप्त कोटेशन/दर आमंत्रण उसी दिन दिनांक 27.01.2026 पूर्वाह्न समय 11:30 बजे नगर परिषद्, बिश्रामपुर के निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

SBM 2.0 के CB मद से प्रशिक्षण कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | विवरणी | मात्रा | दर (सभी Tax सहित) |
|---|---|---|---|
| 01 | CAPACITY BUILDING & SKILL DEVLOPMENT & KNOWLEDGE MANAGEMENT के तहत प्रति बैच (अधिकतम 30 व्यक्ति) तीन दिवसीय प्रशिक्षण | प्रति व्यक्ति | |

(क) कोटेशनदाता को पेन कार्ड, GST प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर रिर्टन एवं GST रिर्टन, कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा।
(ख) कोटेशनदाता को प्रतिष्ठान/कम्पनी काली सूची में या रूग्न अवस्था में नही है तथा हर प्रकार के आरोपों एवं सरकारी जाँचों से मुक्त है इससे संबंधित स्व–घोषणा पत्र देना होगा।

नियम एवं शर्तेः–

1. कोटशन के साथ प्रशिक्षण का पूर्ण ब्यौरा एवं दिए जाने वाले Kit की विवरणी अंकित करना अनिवार्य होगा।
2. कोटे कोटेशन का निशपादन नगर परिशद् बिश्रामपुर, के निविदा समिति के द्वारा किया जाएगा।
3. सभी सामग्री का आपूर्ति अपने व्यय पर कराना होगा तथा किसी प्रकार के परिवहन एवं हथालन व्यय तथा फुल फिटिंग और फिक्सिंग एवं एसे म्बल का कोई अतिरिक्त चार्ज देय नही होगा।
4. आमंत्रित कोटेशन को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
5. स्वीकृत कोटेशनदाता को कार्यआदेश निर्गत होने के 15 दिनों के अंदर प्रशिक्षण पूर्ण कराना अनिवार्य होगा।
6. सामग्री आपूर्ति संबंधी अन्य सरकारी नियमों एवं प्रावधानों का पालन करना आवश्यक होगा।
7. न्यूनतम दर दाता को कार्यआदेश देने के पूर्व उनके पिछले कार्य के आचरण को अवलोकन करते हुए समिति इस पर निर्णय लेगी जो कि सभी को मान्य होगी एवं आपूर्ति की जानेवाली सामानों से संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र के आधार पर कोटेशनदाताओं को प्रशिक्षण आदेश में प्राथमिकता दी जाएगी।
8. निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जाएगा। कोटेशन के साथ मांग की गई कागजात के अभाव में कोटेशनदाता को अयोग्य घोशित कर दिया जाएगा।
9. प्रशिक्षुओं की संख्या बढाया, घटाया/शुन्य भी करने का सुरक्षित अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगी।
10. परिमाण विपत्र का मुल्य 1000/– रू0 मात्र बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद् बिश्रामपुर के पदनाम से देय होगा, कोटेशन शुल्क के रूप में देनो होगा जो वापस नही किया जायेगा।
11. कार्य आवंटन के उपरांत आदेश में दिए गए नियम एवं शर्तो का अक्षरतः अनुपालन करना होगा।
12. पूर्व में दिए किसी संस्था में इस तरह की Training Qualification अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। (प्राथमिकता प्रदान करने हेतु)
13. Traning Programme देने हेतु as per Govt. Guideline संबंधित Skill Development से Authorization अनिवार्य होगा।

नोट :– विस्तृत जानकारी के लिए विभागीय वेबसाईट https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर एवं नोटिस बोर्ड में देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद् बिश्रामपुर

PR 371008 District (25-26)_D

संपादकीय

# संसाधनों की अंतहीन लालसा से बढ़ता अपव्यय

हर कोई अपने लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना चाहता है ताकि हर स्थिति का मुकाबला किया जा सके और इस बात की दौड़ लगी रहती है कि थोड़ा और हो जाता तो अच्छा होता. पर पर्याप्त की मरीचिका आगे-आगे भागती है और हम पीछा ही करते रहते हैं. आम आदमी की जिंदगी में अक्सर ऐसी परिस्थिति आती रहती है जब सामने कोई नए मॉडल की चीज दिखती है. इसे देख हमें भी लगता है कि वह सब मेरे पास भी हो. दरअसल नया फोन, नया सोफा, नया जूता या फिर कोई भी नई चीज लेने के बाद हफ्ता बीतते न बीतते वह चीज साधारण, बासी और पुरानी लगने लगती है.

ऐसा होने के बाद उसके लिए हमारी इच्छा की तीव्रता भी कम होने लगती है, वह ढलने लगती है. 'थोड़ा और' की प्रवृत्ति बताती है कि हमारा मस्तिष्क नए-नए संसाधनों को इकट्ठा करने में जुटा रहता है. आदिम मनुष्य के जीवन में भोजन इकट्ठा करने और दीर्घ जीवन के लिए यह युक्ति कारगर थी. आज की बात कुछ और है. हमारी दुनिया बहुत बदल चुकी है.

अब वैसी असुरक्षा और अनिश्चय की स्थिति नहीं रही. 'थोड़ा और' अर्जित करने के अवसर अब हम पुराने मॉडल को अपग्रेड करने और अन्य चीजों के विकल्पों में बदल चुके हैं. यह नियति का खेल है कि एक समय जिस बात ने जीवन को खुशहाल बनाया था वह अब बेकार की फिजूलखर्ची और भयानक असंतोष के दुष्चक्र को जन्म दे रही है.

यह तरीका उस दौर के लिए था जब परिवेश में असुरक्षा थी और उपलब्ध साधन सीमित थे. आज के अतिशय और अतिरेक के दौर के लिए वह मौजूं नहीं रहा. थोड़े विकल्प हमारी इच्छा-शक्ति को सुदृढ़ करते हैं और निर्णय की चुनौती को कम करते हैं. तब हम सिर्फ सार्थक लक्ष्य पर ही अपना ध्यान केंद्रित करते हैं.

जब नवीनतम को पीछे छोड़ते हैं विकल्पों की बाढ़ कम करते हैं तो हम जो अपने पास है उस पर ध्यान देते हैं और समझदारी के साथ खर्च करते हैं. खरीदने के पहले प्रतीक्षा करना ठीक है, न कि उतावली में खरीदना. किफायती दृष्टि होने पर गैरजरूरी चीजों की भीड़ तथा निर्णय लेने की थकान भी कम होती है.

हम अवसर पा सकेंगे ताकि यात्रा, सीखने, सामाजिक कार्य में जुट कर खुशी का अनुभव कर सकें. 'अति' को मना कर समय और ऊर्जा के लिए हम 'हां' करते हैं. वस्तुओं को छोड़ने से पश्चाताप की जगह अपनी पहचान बनाते हैं. अधिक का पीछा कभी भी सुखी नहीं बना सकता. किफायतीपन वस्तुतः एक व्यावहारिक विकल्प है.

स्वेच्छया शांति, अपनी खुशी से, न कि बाहरी दबाव या सामाजिक प्रत्याशाओं के कारण चुनने से खुशी बढ़ती है और तनाव कम होता है. जरूरी है कि हम सूचना के अतिभार से बचें. भय और दूसरों से प्रतिपुष्टि की जगह आनंद और आंतरिक संतुष्टि को महत्व देना चाहिए.

अपनी अनुभूतियों और वर्तमान क्रियाओं पर ध्यान देते हुए जो है उससे प्रसन्न होना चाहिए न कि जो नहीं है उसे लेकर चिंतित हों. इसके लिए सोशल मीडिया के उपयोग की सीमा बांध कर उन चीजों के लिए मना करना होगा जो आपके काम की न हों. उन चीजों में लगें जो आपको प्रसन्न करती हैं यानी पढ़ना, सृजन या कहीं मन लगाना.

# हामिद का चिमटा और आज का बचपन...

**बच्चों की दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही। खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं हैं। फिटनेस, योग, मार्शल आर्ट और यहां तक कि 'ई-स्पोर्ट्स' भी बच्चों को अपनी क्षमता पहचानने के नए अवसर दे रहे हैं। इसी तरह मोबाइल और डिजिटल तकनीक को केवल भटकाव मानना वास्तविकता को नजरअंदाज करना है। आनलाइन कक्षाएं, शैक्षणिक ऐप, डिजिटल पुस्तकालय और कौशल-आधारित मंच सीखने के तरीके बदल चुके हैं।**

**पढ़ाई अब केवल किताब और परीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि समझ, प्रयोग और रचनात्मकता को भी महत्त्व मिलने लगा है। इन बदलावों के बीच सबसे बड़ा सवाल माता-पिता की सोच से जुड़ा है। पुराने पैमानों यानी अंक, रैंक और तुलना से बच्चों की क्षमता को आंकना आज के समय के साथ मेल नहीं खाता। हर बच्चा एक जैसा नहीं सीखता, न ही एक दिशा में आगे बढ़ता है।**

**मनीष जैसल**

मुंशी प्रेमचंद की कहानी 'ईदगाह' का पात्र हामिद आज भी हम सबकी स्मृति में है। याद कीजिए हामिद के हाथ में खिलौने नहीं हैं। उस पर मेले की चमक-दमक का दबाव तो है, फिर भी वह अपनी दादी अमीना की अंगुलियों को चूल्हे की आग से बचाने के लिए लोहे का चिमटा खरीदता है। उस उम्र में हामिद पर न तो 'अच्छा प्रदर्शन' करने का दबाव है, न दूसरों से आगे निकलने की होड़। उसकी समझ, संवेदना और परिस्थिति ही उसका मार्गदर्शन करती है।

इस कहानी में मेले का यह प्रसंग हमें याद दिलाता है कि बचपन मूलतः तुलना, प्रतिस्पर्धा और परिणाम का नहीं, बल्कि समझ, सहानुभूति और धीरे-धीरे सीखने का समय होता है। मगर आज का बचपन उस हामिद से बहुत दूर खड़ा दिखाई दे रहा है, जहां बच्चों से उम्मीद की जाती है कि वे कम उम्र में ही हर मोर्चे पर बेहतर साबित हों। यहीं से यह सवाल उठता है कि क्या हम बच्चों से वह छीन रहे हैं, जो बचपन का सबसे जरूरी हिस्सा है। बेहतर करने के दबाव ने आज के बच्चों की मानसिक स्थिति पर गहरे से वार किया है।

आज बच्चों पर 'अच्छा करने' का दबाव केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित नहीं रह गया है। विद्यालय, घर और समाज तीनों जगह उनसे निरंतर बेहतर साबित होने की उम्मीद की जाती है। बेहतर अंक, बेहतर रैंक, बेहतर स्कूल, बेहतर करिअर, यह क्रम बचपन को भी एक अंतहीन दौड़ में बदल देता है। समस्या यह नहीं है कि बच्चों से मेहनत की अपेक्षा की जाती है। समस्या यह है कि असफलता को सीख नहीं, बल्कि कमजोरी मान लिया जाता है। यही सोच धीरे-धीरे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण और अन्य अध्ययनों से संकेत मिलता है कि भारत में बच्चों और किशोरों में चिंता, अवसाद तथा तनाव से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका एक बड़ा कारण लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहने का दबाव है। बच्चे अपने आप को



केवल परिणामों के आधार पर आंकने लगते हैं। पढ़ाई में पिछड़ना, किसी परीक्षा में असफल होना या अपेक्षित स्तर तक न पहुंच पाना उन्हें स्वयं के प्रति अत्यधिक कठोर बना देता है।

उम्र के साथ यह दबाव अपना रूप बदलता है। प्राथमिक स्तर पर बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे अनुशासन में रहें, जल्दी सीखें और हर काम सही ढंग से करें। इस उम्र में बच्चा अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाता, इसलिए उसका तनाव व्यवहार में दिखता है, चिड़चिड़ापन, चुप्पी या डर के साथ वह जीने लगता है। आगे की कक्षाओं में पहुंचते-पहुंचते उसकी तुलना और प्रतिस्पर्धा और तेज हो जाती है। सहपाठियों से आगे निकलने की दौड़, कोचिंग और अतिरिक्त कक्षाओं का बोझ बच्चों की सहज जिज्ञासा को भी दबाने लगता है। किशोरावस्था में यह दबाव और गहरा हो जाता है। बोर्ड परीक्षा, कालेज में दाखिला और करिअर की चिंता बच्चों को घेर लेती है।

राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के मामलों में 15-29 वर्ष का आयु वर्ग सबसे अधिक प्रभावित है और इनमें शैक्षणिक दबाव, परीक्षा में असफलता तथा अपेक्षाओं का बोझ प्रमुख कारणों में शामिल हैं। लड़कियों के संदर्भ में यह समस्या और जटिल है। पढ़ाई के साथ-साथ उनसे सामाजिक अपेक्षाएं भी जुड़ जाती हैं, संयम, सुरक्षा, जिम्मेदारी और कई बार घरेलू कार्यों का बोझ उनके लिए लड़कों से ज्यादा दबाव में डालने लगता है। आंकड़े बताते हैं कि देश में किशोरियों में खून की कमी और पोषण की समस्या व्यापक है, जिसका सीधा असर सीखने की क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसके बावजूद लड़कियों के मानसिक तनाव और दबाव पर चर्चा नहीं होती।

बच्चों की दुनिया अब पहले जैसी नहीं रही। खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं हैं। फिटनेस, योग, मार्शल आर्ट और यहां तक कि 'ई-स्पोर्ट्स' भी बच्चों को अपनी क्षमता पहचानने के नए अवसर दे रहे हैं। इसी तरह मोबाइल और डिजिटल तकनीक को केवल भटकाव मानना वास्तविकता को नजरअंदाज करना है। आनलाइन कक्षाएं, शैक्षणिक ऐप, डिजिटल पुस्तकालय और कौशल-आधारित मंच सीखने के तरीके बदल चुके हैं।

पढ़ाई अब केवल किताब और परीक्षा तक सीमित नहीं रही, बल्कि समझ, प्रयोग और रचनात्मकता को भी महत्त्व मिलने लगा है। इन बदलावों के बीच सबसे बड़ा सवाल माता-पिता की सोच से जुड़ा है। पुराने पैमानों यानी अंक, रैंक और तुलना से बच्चों की क्षमता को आंकना आज के समय के साथ मेल नहीं खाता। हर बच्चा एक जैसा नहीं सीखता, न ही एक दिशा में आगे बढ़ता है।

किसी बच्चे की रुचि खेल में है, किसी की कला में, किसी की तकनीक में। यह अभिवावक को समझना होगा। जब माता-पिता बच्चों को केवल एक तय ढांचे में फिट करने की कोशिश करते हैं, तो वही दबाव जन्म लेता है, जो आगे चल कर तनाव और असफलता का कारण बनता है। सरकार और शैक्षणिक संस्थान भी अब इस समस्या को पहचानने लगे हैं। स्कूलों में परामर्श, हेल्पलाइन और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों की शुरुआत एक सकारात्मक संकेत है। मगर संस्थागत प्रयास तब तक पर्याप्त नहीं हो सकते, जब तक घर का वातावरण सहयोगी न हो। बच्चे सबसे पहले घर में सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं, जहां वे बिना डर के अपनी बात कह सकें, अपनी असफलताओं को साझा कर सकें।

आप सोच कर देखिए कि एक छात्र जो विज्ञान की किताबों से इतर मिट्टी के खिलौने बनाते हुए ज्यादा खुश हो रहा है, उसका पारिवारिक माहौल क्या होगा? इसी तरह संगीत में डूबे रहने वाले एक बच्चे के माता-पिता अगर उसी पुरानी सोच के आधार पर बच्चे से कुछ अलग की उम्मीद करेंगे, तो यह उसका मानसिक शोषण ही होगा।

इसलिए बच्चों पर अलग से बोझ नहीं डालना चाहिए। उन्हें यह अवसर दें कि वे वही करें, जिसमें उनकी स्वाभाविक रुचि और क्षमता है, क्योंकि हर बच्चे का सीखने और आगे बढ़ने का तरीका अलग होता है। इसका अर्थ यह नहीं कि बच्चों को पूरी तरह बिना दिशा के छोड़ दिया जाए। उन्हें मार्गदर्शन और निगरानी की भी आवश्यकता होती है, लेकिन यह निगरानी नियंत्रण या डर के माध्यम से नहीं, बल्कि समझ और संवाद के माध्यम होनी चाहिए। जब बच्चे यह महसूस करते हैं कि उनकी बात सुनी जा रही है और उनके निर्णयों में भरोसा रखा जा रहा है, तब वे दबाव में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते हैं और अपनी जिम्मेदारियों को भी बेहतर ढंग से समझ पाते हैं।

ऐसे में बच्चों और माता-पिता के बीच संवाद और भरोसा सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। अनुभव और उत्साह के बीच संतुलन तभी संभव है, जब दोनों एक-दूसरे को सुनें और समझें। 'हामिद' को फिर से याद कीजिए, उसके पास विकल्प बहुत थे, लेकिन उसने अपनी परिस्थिति के अनुसार खुद की जरूरत चुनी थी।

अध्यात्म

## जीवन में आने वाली परेशानियों की वजह से बढ़ती है हमारी योग्यता और संघर्ष क्षमता

एक प्रचलित कथा के अनुसार पुराने समय में एक किसान की फसल बार-बार खराब हो रही थी। कभी तेज बारिश की वजह से, कभी तेज धूप की वजह से, कभी ठंड की वजह से उसकी फसल पनप नहीं पा रही थी। एक दिन इससे दुखी होकर किसान भगवान पर नाराज हो गया। वह भगवान को लगातार कोस रहा था। तभी वहां भगवान प्रकट हुए। किसान ने भगवान से कहा कि भगवन् आपको खेती की बिल्कुल भी जानकारी नहीं है, आपकी गलत समय पर बारिश कर देते हो, कभी भी तेज धूप और ठंड बढ़ा देते हो। इससे हर बार मेरी फसल खराब हो जाती है। आप मेरी अगली फसल तक मेरे अनुसार मौसम कर दीजिए। जैसा मैं चाहूं, वैसा ही मौसम रहे। ये बातें सुनकर भगवान ने कहा कि ठीक अब से ऐसा ही होगा। ये बोलकर वे अंतर्ध्यान हो गए।

अगले दिन से किसान ने फिर से गेहूं की खेती शुरू कर दी। अब जब वह बारिश चाहता था, तब बारिश होती, फसल के लिए जब उसे धूप की जरूरत होती, तब धूप निकलती। इस तरह उसकी इच्छा के अनुसार मौसम चल रहा था। धीरे-धीरे उसकी फसल तैयार हो गई। हरे-भरे खेत को देखकर किसान बहुत खुश था। जब फसल कटाई का समय आया तो उसने देखा कि फसल की बालियों में गेहूं थे ही नहीं, सब की सब खोखली बालियां थीं। ये देखकर उसने फिर से भगवान को याद किया। भगवान प्रकट हुए तो इसकी वजह पूछी।

भगवान ने कहा कि तुम्हारी फसल ने बिल्कुल भी संघर्ष नहीं किया है, इसी वजह से ये खोखली हो गई है। जब फसलें तेज बारिश में, तेज हवा में खुद को बचाए रखने का संघर्ष करती है, तेज धूप से लड़ती है, तभी उसमें दाने बनने की प्रक्रिया शुरू होती है। जिस तरह सोने को चमकने के लिए आग में तपना पड़ता है, ठीक उसी तरह फसलों के लिए भी संघर्ष जरूरी होता है। ये बात किसान को समझ आ गई और उसे अपनी भूल का अहसास हो गया।

### सीख

इस कथा की सीख यह है कि जब तक हमारे जीवन में बाधाएं नहीं आती है, तब तक हमारी प्रतिभा में निखार नहीं आता है। बाधाएं ही हमें साहसी बनाती हैं। परेशानियों की वजह से ही हमारा सही विकास होता है।

# विकास के पहिए से जातिवाद की राजनीति पर प्रहार

**गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों हरियाणा के कबलाना गांव में बाबा पालनाथ आश्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह व आठ मान के भव्य भंडारा में भी सनातन समाज को आगाह किया था कि जब भारत का स्वर्णयुग आया था तब विदेशी हमले होने भी प्रारंभ हो गए थे। आज भी धर्मांतरण व नशा के माध्यम से हमला होगा और इसके पीछे विदेशियों का हाथ होगा। भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा आवश्यक है। सनातन तभी सुरक्षित रहेगा, जब हम एक रहेंगे।**

**भावेष पांडेय**

उत्तर प्रदेश में परंपरागत रूप से जातीय राजनीति को एक बड़ा प्रभावी फैक्टर माना जाता रहा है। राज्य की राजनीति में जातीय समीकरणों को साधने के लिए राजनीतिक पार्टियां खासा जोर देती रही हैं। राज्य में जातीय समीकरण आधारित सरकारें भी बनीं और उन पर खूब चर्चा भी हुई है। लेकिन बीते पौने नौ वर्षों के दौरान यूपी की पॉलिटिक्स में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातीय राजनीति के फैक्टर को विकास से तोड़ने की शोशिश की है।

'सबका साथ-सबका विकास' के विचार पर केंद्रित योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में जाति की राजनीति पर 'ब्रेक' लगाया और विकास के पहिए पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों को दौड़ाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा का संदेश दिया तो उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अमृत काल की नींव रखी। सप्तपुरियों में से एक अयोध्या का कायाकल्प हुआ तो पीएम मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम का जीर्णोद्धार किया गया।

उत्तर प्रदेश के मुखिया के रूप में योगी आदित्यनाथ ने पौने नौ वर्ष में ऐसे अनेक कार्य किए, जिस पर हिंदू समाज गौरव की अनुभूति करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगे महाकुम्भ प्रयागराज- 2025 में देश-विदेश से 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। 2019 का कुम्भ स्वच्छता के लिए पूरी दुनिया में पहचाना गया था, जबकि महाकुम्भ 2025 ने भारत की इस प्राचीन परंपरा को 'ग्लोबल हेरिटेज इवेंट के रूप में प्रस्तुत किया।

महाकुम्भ अनलिमिटेड पोटेंशियल वाले नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को नई पहचान देने वाला सिद्ध हुआ। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद, श्री देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद, उ.प्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद, श्री विंध्य धाम तीर्थ विकास परिषद, श्री चित्रकूट धाम तीर्थ एवं नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद उ.प्र. श्री शुक्र तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया।

पीएम मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी के नेतृत्व में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हुआ। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण, अयोध्या दीपोत्सव, ब्रज रंगोत्सव, काशी की देव-दीपावली, नैमिष तीर्थ व शुक्र तीर्थ पुनरुद्धार, मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा का 100 साल बाद पुनः प्रतिष्ठापन, सोरों-सूकर क्षेत्र विकास आदि कार्य हुए। हाथरस के 'लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज, अयोध्या के 'मकर संक्रांति मेला' एवं 'बसंत पंचमी मेला', बुलंदशहर के 'कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेला अनूपशहर', वाराणसी के देव दीपावली मेले आदि का प्रांतीयकरण किया गया।



गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों हरियाणा के कबलाना गांव में बाबा पालनाथ आश्रम में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह व आठ मान के भव्य भंडारा में भी सनातन समाज को आगाह किया था कि जब भारत का स्वर्णयुग आया था तब विदेशी हमले होने भी प्रारंभ हो गए थे। आज भी धर्मांतरण व नशा के माध्यम से हमला होगा और इसके पीछे विदेशियों का हाथ होगा। भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा आवश्यक है। सनातन तभी सुरक्षित रहेगा, जब हम एक रहेंगे।

जाति, तुष्टिकरण, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटना नहीं है, बल्कि अयोध्या रामजन्मभूमि पर जैसे धर्मध्वजा फहरा रही है, वैसे ही एकजुट होकर भारत के सनातन धर्म की ध्वजा पताका हर सनातनी के घर पर फहराती दिखनी चाहिए। हर धार्मिक आयोजन में धर्मांतरण, लव जिहाद, नशे के खिलाफ आवाज उठनी चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर पर फहरा रही धर्मध्वजा संदेश देती है कि सम-विषम परिस्थितियों में सनातन धर्म अपनी पताका को ऊंचा रखेगा।

गोरक्षपीठ के आयोजन भी जातिवादियों को कड़ा संदेश देते हैं। यहां के मकर संक्रांति पर्व और खिचड़ी मेले भी एकता का मंत्र देते हैं। जातिवाद और भेदभाव मिटाकर यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के जरिए समाज को जोड़कर 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को बल प्रदान करने वाला आस्था का उत्सव 'खिचड़ी मेला' भारतीय संस्कृति व विरासत को मजबूत कर रहा है। गोरक्षपीठाधीश्वर/मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ खुद इस मेले की कमान संभालते हैं। पूर्वांचल की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव खिचड़ी मेला न सिर्फ उत्तर प्रदेश, बल्कि पड़ोसी राज्य बिहार और पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालुओं को भी एकता से जोड़ता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ अनुकूल रहेंगी। पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है।

**वृषभ**
आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न हो सकता है। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**मिथुन**
पारिवारिक सम्बन्धों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किये गये व्यवसाय से आपको लाभ होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क**
कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं।

**सिंह**
आपको अपने स्वाभिमान की चिन्ता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फँसे रहेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें।

**कन्या**
परिवार में कलह हो सकती है। अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरञ्जन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नयी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक**
आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। धन के मामले में आज भाग्यशाली रहेंगे। बोलचाल के दौरान सभ्य भाषाशैली का प्रयोग करें।

**धनु**
अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। विद्वान् लोगों के साथ आपके सम्पर्क मजबूत होंगे।

**मकर**
अपने विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। व्यवसाय में प्रलोभनों से बचें।

**कुंभ**
आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होने की सम्भावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित रहेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे।

**मीन**
परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है। आपके मस्तिष्क में नये रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर बुधवार को मुफ्त चिकित्सा सेवा देंगे डॉ. बी. एम. प्रसाद

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी पटना सिटी के सभी सम्मानित सदस्यों को सूचित करते हुए डॉ. बी.एम. प्रसाद ने कहा है कि अब वे हर बुधवार को मुफ्त उपचार के कार्यक्रम का आयोजन कराने जा रहे हैं। यह सेवा कार्य समाज के उन जरूरतमंद भाई-बहनों के लिए समर्पित है, जो इलाज करवाने में असमर्थ हैं तथा जिन्हें सहयोग और संवेदना की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। दिनांक 20 जनवरी 2026 से इस सेवा कार्य के कार्यक्रम का शुभआरंभ सुबह 09:00 बजे, बिस्कोमान गोलंबर स्थित ब्रिज होम्योपैथी क्लिनिक से आरंभ होगा। डॉ. प्रसाद ने अनुरोध किया है कि सबकी सहभागिता न केवल सेवा भावना को सशक्त करेगी, बल्कि रोटरी के आदर्शों- सेवा से ऊपर स्वार्थ- को भी सार्थक रूप देगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि मानवता के प्रति अपने दायित्व का हम थोड़ा भी निर्वहन करें और जरूरतमंदों के जीवन में थोड़ी सी स्वास्थ्य, मुस्कान और आशा का संचार करें तो इस कार्यक्रम में सबसे बड़ी सफलता होगी।

### स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारने वाला दूसरा अपराधी भी गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बीते 9 जनवरी को मनेर बस्ती मार्ग स्थित स्वर्ण व्यवसाय संजय सोनी पर गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों से दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जहां तीन दिनों पूर्व पहले अपराधी नीतीश कुमार को पुलिस ने एनकाउंटर के दौरान गिरफ्तार किया था। वहीं दूसरे अपराधी पटना दीघा रांची चौक के रहने वाले सनी यादव को गिरफ्तार एक देसी कट्टा और दो कारतूस के साथ किया है। जहां गिरफ्तार दोनों अपराधियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। जबकि मामले में अभी भी एक अपराधी फरार है। इस मामले की पुष्टि पटना पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह के द्वारा की गई है। बताया जाता है की लूट के दौरान अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसाय को गोली मार दी थी। जिसका इलाज पटना के प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है।

### अतिक्रमण पर नप प्रशासन का चला बुलडोजर

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर को स्वच्छ सुंदर और जाम से निजात दिलाने को लेकर सोमवार को नप प्रशासन ने रामजीचक नहर से नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड तक बुलडोजर चला. डीएम व एसडीओ आदेश के बाद नगर परिषद प्रशासन की टीम ने पुलिस बलों के सहयोग टाउन क्लिन ऑपरेशन चलाया. घंटो तक चले व्यापक रूप से अभियान में. बुलडोजर से पक्का ओटा, झोपड़ियों व गुमटी को ध्वस्त किया गया है.अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच रहा है. अभियान की सूचना पर सड़क किनारे फुटपाथी दुकानदारों अपने-अपने ठेला समेत सामान लेकर भागते हुए देखा गया. अतिक्रमणकारियों से 3 हजार जुर्माना वसूला गया है. अभियान नप के ईओ पंकज कुमार व ईओ (व्यवस्था) रवि कुमार के नेतृत्व में चलाया गया. उन्होंने बताया कि सड़क किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर सड़क पर स्थायी व अस्थायी रूप से झोपड़ी व गुमटी लगाकर अतिक्रमण के कारण आए दिनों जाम लगने से आम लोगों समेत स्कूली बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ती है. जिसको देखते हुए नप प्रशासन ने अभियान चलाया गया है. उन्होंने बताया कि पूरे नगर को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाया जायेगा.

### नप कार्यालय में वार्ड पार्षद के निधन पर शोकसभा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड 3 के पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य आरती देवी के निधन पर नगर परिषद कार्यालय के परिसर में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया. शोक सभा में परिषद के ईओ पंकज कुमार, नगर प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार सिंह, रोकडपाल सुभाष कुमार, विजय कुमार, रंजीत कुमार समेत कर्मी मौजूद थे. दो मिनट का मौन धारण कर उनके दिवंगत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया. मौके पर ईओ ने कहा कि पार्षद आरती देवी सशक्त स्थायी समिति सदस्य थी. उनका निधन अपूरणीय क्षति है.

### 100 पुड़िया स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रूपसपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर बीते रात रूपसपुर नहर पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप से 100 पुड़िया स्मैक के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार तस्कर संजू देवी रूपसपुर नहर पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप निवासी है. थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि रूपसपुर नहर पाटलिपुत्र स्टेशन के समीप स्मैक की खरीद-बिक्री किया जा रहा है. सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर 100 पुड़िया स्मैक के साथ तस्कर संजू देवी को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार संजू से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### 28 बोतल शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ ने गश्ती के दौरान दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म एक से कामाख्या एक्सप्रेस से दो तस्कर को 28 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार सूरज कुमार सालखोवा बाजार जिला सहरसा और रोशन कुमार बारा जिला चतरा झारखंड निवासी है.आरपीएफ के सडनि अनिल कुमार तिवारी ने 28 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार सूरज व रोशन को जीआरपी पुलिस के हवाले कर दिया है. गिरफ्तार सूरज व रोशन से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### धान अधिप्राप्ति गोदाम का एसडीओ ने किया उद्घाटन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडलपदाधिकारी गरिमा लोहिया ने सोमवार के दिन बाजार समिति स्थित सीएमआर अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ इस दौरान खरीफ विपणन मौसम अंतर्गत अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 के तहत सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) कार्य का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सहायक गोदाम प्रबंधक एवं गुणवत्ता नियंत्रक को सख्त निर्देश दिया कि किसी भी मिलर द्वारा यदि चावल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिकायत मिलती है अथवा निम्न गुणवत्ता का चावल प्राप्त होता है, तो उसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चावल की गुणवत्ता में कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

# युवक की गोली मारकर हत्या, जर्जर मकान से मिला शव





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के खलीलपुरा मिन्हाज नगर मोहल्ले में गुरुवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां 31 वर्षीय युवक महताब पिता सलीम की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक का शव उसके घर के बगल में स्थित एक खाली और जर्जर मकान के कमरे से बरामद किया गया, जहां वह खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था. युवक के सिर में गोली मारी गई थी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी. घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत और सनसनी का माहौल कायम हो गया है. संकरी गली में स्थित घटनास्थल को देखकर लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं. परिजनों के अनुसार महताब गुरुवार की सुबह नाश्ता करने के बाद घर से बाहर निकला था. दोपहर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. इसी दौरान घर से कुछ ही दूरी पर स्थित खाली प्लॉट में बने एक कमरे के भीतर उसका शव पड़ा हुआ मिला. कमरे में खून फैला हुआ था. घटनास्थल पर नशे के सेवन से जुड़ा सारा सामान बिखरा पड़ा था. माचिस, सिगरेट के खाली डिब्बे और अन्य नशीले पदार्थों के रैपर मौके पर मौजूद थे. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कमरा लंबे समय से बदमाशों और नशेबाजों द्वारा नशे के उपभोग के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है.

### खलीलपुरा मिन्हाज नगर में हुई घटना

घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी. फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मृतक के मोबाइल कॉल डिटेल्स सहित हर पहलू की जांच की जा रही है. फिलहाल हत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है. यह भी साफ नहीं है कि हत्या आपसी रंजिश का नतीजा है या इसके पीछे कोई और वजह है. पुलिस अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है. मृतक महताब के भाई आकिब ने बताया कि उसका भाई मोटरसाइकिल मैकेनिक था. कुछ समय से उसे कोई काम नहीं मिल पा रहा था, जिसके कारण वह घर पर ही रहता था. आकिब ने बताया कि सुबह घर से निकलने के बाद उसका कोई पता नहीं चला और बाद में जानकारी मिली कि मोहल्ले के ही एक कमरे में उसकी लाश पड़ी है. आकिब ने यह भी स्वीकार किया कि उसका भाई नशीले पदार्थों का सेवन करता था, लेकिन वह यह नहीं बता पा रहा है कि उसकी हत्या किसने और क्यों की. गौर करने वाली बात यह है कि कुछ दिन पहले इसी खलीलपुरा मिन्हाज नगर मोहल्ले में ससुराल में रह रहे युवक मोहम्मद शाहनवाज की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी. उस मामले में गिरफ्तार आरोपी शाहबाज भी स्मैक, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों का आदी बताया गया था. पुलिस इस ताजा हत्या को भी उसी पुराने मामले से जोड़कर जांच कर रही है. घटना की जानकारी मिलने पर डीएसपी सुशील कुमार, फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और गहन छानबीन शुरू की. पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा किया जाएगा. इस घटना के बाद से मोहल्ले में डर का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. स्थानीय मोहल्ले के लोगों ने बताया कि घटना स्थल वाला मकान का ऑफिस संकड़ी गली में है और उसके सामने का खाली प्लॉट में कूड़ा फेंका रहता है बहुत कम लोग उधर से आना-जाना करते . गलत संगत वाले लड़के ही उसे कमरे में आना-जाना करते थे.

## करीब तीन लाख से अधिक के गहने, 80 हजार नकद व आईफोन चोरी



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिड़ला कॉलोनी में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. चोरों ने घर का ताला और दरवाजा तोड़कर करीब तीन लाख से अधिक रुपये मूल्य के गहने, 80 हजार रुपये नकद, एक आईफोन सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. परिवार की महिला ने बताया कि उनकी बेटी के गहने भी यहां थे जिसे चोर चुरा कर लेकर भाग गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार बिड़ला कॉलोनी निवासी उमेश पांडे 14 जनवरी को अपने परिवार के साथ किसी परिजन की मृत्यु के बाद श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए पैतृक गांव भोजपुर जिले के बालीगांव, थाना आयार चले गए थे. घर कई दिनों तक बंद था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया. 18 जनवरी को जब परिवार वापस लौटा तो देखा कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ है. अंदर प्रवेश करने पर सभी कमरों का सामान बिखरा पड़ा था. पेटी, अलमारी और बॉक्स तोड़कर चोरों ने घर में रखे 80 हजार रुपये नकद, एक आईफोन और करीब ढाई से तीन लाख रुपये मूल्य के गहने चोरी कर लिए थे. इस संबंध में उमेश पांडे के भाई टिंकू पांडे ने फुलवारी शरीफ थाना में लिखित आवेदन दिया है.

## खगौल सोन नहर में डूबने से सुधा डेयरी कर्मी की मौत, इलाके में सनसनी

### स्थानीय लोगों ने उठाए गंभीर सवाल. घटनास्थल सोन नहर लख घाट के आसपास सीसीटीवी लगाने की जरूरत





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की सुबह फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोन नहर लख में एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला. बाद में शव की पहचान सुधा डेयरी में कार्यरत आलोक कुमार उर्फ आलोक सिंह पिता स्वर्गीय अरुण कुमार के रूप में की गई. मृतक आलोक सिंह की उम्र करीब 45 वर्ष बताई जा रही है. वह पटना डेयरी प्रोजेक्ट स्थित सुधा डेयरी में कार्यरत थे और मूल रूप से दल्लूचक, खगौल, शिव बनिया गली के निवासी थे. शव मिलने की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, पूरे परिवार में कोहराम मच गया. घटनास्थल के आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने इलाके में खुलेआम चल रहे अवैध देसी शराब के कारोबार पर गंभीर सवाल खड़े किए. लोगों का कहना है कि गोविंदपुर के पास सैकड़ों लीटर देसी शराब का निर्माण और बिक्री धड़ल्ले से होती है. आए दिन शराब के नशे में लोग सोन नहर लख के घाट पर पहुंच जाते हैं, जहां पहले भी कई लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है. स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि नशे की हालत में लोग या तो खुद पानी में गिर जाते हैं या फिर किसी विवाद में उन्हें धक्का दे दिया जाता है, लेकिन सच्चाई सामने नहीं आ पाती. लोगों की मांग है कि घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और अवैध शराब के अड्डों को तत्काल बंद किया जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद शाहबाज आलम ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से फिलहाल किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक तौर पर यह आशंका जताई जा रही है कि गोविंदपुर क्षेत्र में शराब पीने के बाद नशे की हालत में सोन नहर लख में डूबने से मौत हुई होगी, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. मृतक आलोक सिंह अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे. उनके परिवार में पत्नी गुड़िया देवी, 15 वर्षीय बेटी मुस्कान और 5 वर्षीय बेटा लड्डू सिंह है. घटना के बाद से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है. पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है. परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के गरीब परिवार को मुआवजा देने की मांग की है. उनका कहना है कि आलोक सिंह सुधा डेयरी में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे और उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंतर्गत संचालित बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय एवं संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के बैचलर इन वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी के 73, बैचलर ऑफ पोल्ट्री प्रोडक्शन के 24 तथा संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के बी.टेक डेयरी टेक्नोलॉजी के 52 विद्यार्थियों का औपचारिक दीक्षारंभ किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसमें पशुपालन, डेयरी एवं सहायक क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान है. ये क्षेत्र न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हैं, बल्कि रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार अपनाने और उद्यम स्थापित कर एंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रेरित किया. पोल्ट्री साइंस के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह पाठ्यक्रम पोल्ट्री सेक्टर की बढ़ती मांग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे रोजगार की व्यापक संभावनाएं सृजित होंगी. उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहकर नियमों के दायरे में अध्ययन करने की सलाह दी और कहा कि अनुशासन ही छात्र का सबसे बड़ा गहना है, जिससे व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है. बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. जे.के. प्रसाद ने कहा कि छात्र ही शिक्षकों की मेहनत को सार्थक बनाते हैं. विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए और स्वयं को समय तथा उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करना चाहिए. संजय गांधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान के डीन डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में हर वर्ष विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है, जो इस क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है. उन्होंने छात्राओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे डेयरी सेक्टर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया. छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ. ए.के. शर्मा ने कहा कि सभी विद्यार्थी भिन्न-भिन्न पृष्ठभूमि से आए हैं, लेकिन अब सभी को एक साझा लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है. उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ अध्ययन करने के साथ-साथ खेल, कला, नृत्य एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेकर सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने की सलाह दी. इस अवसर पर बी.वी.एस.सी. एंड ए.एच. के अकादमिक कोऑर्डिनेटर डॉ. अजित कुमार ने वेटरनरी स्नातक पाठ्यक्रम से संबंधित अकादमिक रेगुलेशन, कोर्स की अवधि, उपस्थिति की अनिवार्यता एवं स्टाइपेंड की विस्तृत जानकारी दी. वहीं डॉ. सूर्यमणि ने डेयरी टेक्नोलॉजी तथा डॉ. कौशलेन्द्र ने पोल्ट्री प्रोडक्शन स्नातक पाठ्यक्रम की जानकारी छात्रों को दी. कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन चीफ वार्डन डॉ. रत्नेश कुमार चौधरी ने किया. इस अवसर पर दोनों महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

## दानापुर सिटी एसपी ने लगाया जनता दरबार, सुनीं लोगों की फरियादें



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सोमवार को रूपसपुर थाना में सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया. जनता दरबार में मात्र 5 स्थानीय लोगों अपनी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे. उपस्थित लोगों ने सिटी एसपी के समक्ष अपनी-अपनी फरियाद सुनायी. जनता दरबार में तीन मामलों महिला व घरेलू हिंसा व दो जमीनी विवाद संबंधित मामले आये. इस पर सिटीएसपी ने रूपसपुर थानाध्यक्ष को मामलों को जल्द सुलझाने का निर्देश दिया. सिटीएसपी ने मामलों को गंभीरता से सुनते हुए थानाध्यक्ष को सभी मामलों की गहन जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है. मामलों में सिटी एसपी ने मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के आदेश दिये.सिटी एसपी ने कहा कि जनता दरबार पुलिस और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े. उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना उसकी जिम्मेदारी है. उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें.सिटी एसपी ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी. जनता दरबार से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा.मौके पर थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

## अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावा, दानापुर में फार्मेसी एवं पारामेडिकल पाठ्यक्रम के नए सत्र का हुआ शुभारंभ



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना में फामेर्सी डिविजन के अन्तर्गत बी फार्म एवं डी फार्म तथा पारामेडिकल के अन्तर्गत बीपीटी, बीएमएलटी, एवं ऑप्टोमेट्री पाठ्यक्रम के विद्यार्थियो का इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन संस्थान सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन डॉ. कौशल कुमार गिरि, चेयरमैन, अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, पटना, डॉ. सुभाष चन्द्र यादव, डॉ. आशिष, देवऋषि, सायंतन दास ने संयुक्त रूप से किया। जिसके उपरांत स्वागत गान गरिमा, प्रिंसी, मुस्कान एवं आशा तथा गणेश वन्दना संध्या एवं अंकिता राज द्वारा प्रस्तुत किया गया। अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, पटना के चेयरमैन डॉ. कौशल कुमार गिरि ने इंडक्शन प्रोग्राम के शुभारंभ के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामानाएं देते हुए कहा किं चिकित्सा विज्ञान की सभी प्रमुख शांखाए जैसे एलोपैथ, आयुर्वेद, युनानी एवं होम्योपैथ की मूल शक्ति फार्मासिस्ट एवं पारामेडिकल टेक्निशियन ही है। संस्थान का विश्वास है कि उन्नत तकनीक एवं एडवांस लैब विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने में बेहतर सहायक सिद्ध होगा।

## 21 जनवरी के बाद फिर बढ़ेगी ठंड, पटना समेत 13 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने के संकेत देने लगा है. बीते कुछ दिनों से दिन में तेज धूप निकलने के कारण लोगों को ठंड से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन यह राहत ज्यादा दिनों तक टिकने वाली नहीं है. मौसम विभाग के अनुसार 21 जनवरी के बाद प्रदेश में ठंड का असर फिर तेज होगा और सुबह-शाम कनकनी बढ़ेगी. राजधानी पटना की बात करें तो इन दिनों मौसम अपेक्षाकृत सामान्य बना हुआ है. दोपहर के समय अच्छी धूप निकल रही है, जिससे अधिकतम तापमान में बड़ी गिरावट नहीं हो रही है, लेकिन सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं के चलते ठिठुरन बरकरार है. दिन और रात के तापमान में अंतर साफ महसूस किया जा रहा है. मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पश्चिम दिशा से आने वाली ठंडी हवाएं बिहार में कनकनी बढ़ाने का मुख्य कारण बनेंगी. इन हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है. यही वजह है कि धूप निकलने के बावजूद सुबह और देर रात ठंड ज्यादा सताएगी, खासकर ग्रामीण और खुले इलाकों में ठंड का असर अधिक रहेगा. मौसम विभाग ने पटना समेत राज्य के 13 जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है. इनमें बक्सर, भोजपुर, पटना, बेगूसराय, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, नवादा और शेखपुरा शामिल हैं. इन जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, जिससे दृश्यता काफी कम हो सकती है और सड़क व रेल यातायात प्रभावित होने की आशंका जताई गई है.

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर फुलवारी में लगा पहला विशेष शिविर

### 50 से अधिक लोग पहुंचे, जमीन और घरेलू विवाद की समस्याएं रखीं



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर बिहार भर में शुरू किए गए विशेष जनसमस्या समाधान शिविर के तहत सोमवार को फुलवारी प्रखंड में पहला शिविर आयोजित किया गया. पहले ही दिन 50 से अधिक लोग शिविर में पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत प्रखंड के अधिकांश विभागों के अधिकारी मौजूद रहे. शिविर में पहुंचे लोगों ने मुख्य रूप से घरेलू विवाद, आपसी लड़ाई-झगड़ा, जमीन से संबंधित मामले, नवी परिमार्जन और मोशन से जुड़े मुद्दे उठाए. अधिकारियों ने एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान की प्रक्रिया शुरू की. इस संबंध में अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पहले दिन करीब 50 से अधिक लोग विशेष शिविर में पहुंचे और अपनी समस्याएं दर्ज कराई. उन्होंने कहा कि शिविर में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद हैं और जिन समस्याओं को मौके पर ही सुलझाया जा सकता है, उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है. सुनील कुमार ने बताया कि अभी बहुत कम लोगों को इस शिविर की जानकारी है, इसी कारण पहले दिन अपेक्षाकृत कम लोग पहुंचे. जैसे-जैसे लोगों को जागरूकता और जानकारी मिलेगी, आने वाले दिनों में शिविर में लोगों की संख्या और बढ़ेगी. जो भी लोग आएंगे, उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी समाधान का काम करेंगे. उन्होंने बताया कि शिविर में आम लोगों की सुविधा के लिए शौचालय और पेयजल की व्यवस्था पहले से ही की गई है. अधिकारी लगातार लोगों की समस्याओं के निष्पादन में लगे हुए हैं. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर यह विशेष शिविर आज से शुरू हुआ है. बिहार में हर सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे, जहां आम जनता की हर तरह की समस्याएं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सुनी जाएंगी और समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी. फुलवारी प्रखंड में आयोजित यह शिविर इस अभियान का पहला दिन रहा, जिसमें जन जागरूकता के अभाव लोगोंकीकाफी कम तादाद रही.

## पटना डेयरी प्रोजेक्ट में आज 'दही खाओ ईनाम पाओ' प्रतियोगिता, 500 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना डेयरी प्रोजेक्ट फुलवारी शरीफ की ओर से मंगलवार 20 जनवरी 2026 को एक बार फिर अनोखी और चर्चित प्रतियोगिता 'दही खाओ ईनाम पाओ' का आयोजन किया जा रहा है. यह प्रतियोगिता फीडर बैलेंसिंग डेयरी, फुलवारी शरीफ स्थित प्रांगण में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगी, जिसमें महिला और पुरुष वर्ग के अलग-अलग प्रतिभागी हिस्सा लेंगे. पटना डेयरी प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित इस अनोखी प्रतियोगिता को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. प्रतियोगिता के लिए अब तक करीब 500 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है. प्रतियोगिता में निर्धारित समय के भीतर सबसे अधिक दही खाने वाले प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया जाएगा. पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक रूपेश राज ने बताया कि दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता पिछले कई वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है और हर साल इसे लोगों का जबरदस्त समर्थन मिलता है. उन्होंने बताया कि इस बार भी महिला एवं पुरुष वर्ग में अलग-अलग प्रतियोगिता कराई जाएगी और जो प्रतिभागी निर्धारित समय में सबसे अधिक दही खाएंगे, उन्हें हर साल की तरह इस वर्ष भी आकर्षक और बेहतरीन पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि दुग्ध उत्पादों के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी एक प्रयास है. प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों और दर्शकों में खासा उत्साह है और पटना डेयरी प्रोजेक्ट प्रबंधन ने इसे सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम बेतिया के सशक्त स्थाई समिति का बैठक महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में उपमहापौर गायत्री देवी, सशक्त स्थाई समिति के सदस्यगण, नगर आयुक्त सुश्री शिवाक्षी दीक्षित, तथा नगर निगम के अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे। बैठक में गत बैठक की संपुष्टि, ऑडिट के आपत्तियों के निराकरण पर चर्चा, टेंडर के माध्यम से हो रही विकास योजना के अंतर्गत एपीजी के रूप में संवेदकों द्वारा फर्जी बैंक एफडी एजेंडों पर चर्चा किया गया।

### मैनाटांड में गायब रहे अधिकारी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सात निश्चय-3 के तहत मैनाटांड प्रखंड के मनरेगा कार्यालय में समय पर नहीं आते कर्मचारी और अधिकारी जिससे आमजनों की परेशानी बढ रही है। सोमवार को प्रखंड के अंचल कार्यालय एंव मनरेगा कार्यालय में अपहराहन 1 बजे तक नहीं सीओ आशीष आनंद और नहीं पीओ अमृतेश कुमार मिले। जिससे दूर-दूर से काम कराने आए जनता को काफी परेशानी झेलना पडा। अंचल कार्यालय में जमीन मापी को लेकर आए हरिहर पटेल जमीन संबंधी फरीयाद लेकर पहुंचे शेख अलीयाश, जाति निवास आय प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पर हस्ताक्षर करने आए रोहित कुमार, सनी कुमार ने बताया कि सुबह दस बजे से अंचल कार्यालय में पहुंचे है और समय 1 बजे गया लेकिन अंचालाधिकारी के नहीं मौजूदगी से काम नहीं हो रहा है। वही मनरेगा कार्याल में भुगतान से संबधी काम कराने आए मजदूर एंव जॉब कार्ड से संबंधित दस बजे सेकाम कराने आए लोगों को भी कार्यक्रम पदाधिकारी के नहीं रहने से 1 बजे बैरंग घर लौटना पड़ा।

### एसएसबी ने मानव तस्करी पर किया कार्यशाला का आयोजन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा सुरक्षा बल 44 वी वाहिनी मुख्यालय परिसर में सोमवार को एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट गोविंद कुमार ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय मानव तस्करी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में सभी समवाय से अधिकारी व कर्मियो ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मानव तस्करी के बारे में जागरूक किया गया और उसे कैसे रोकना है। उसके बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। बताया गया। कार्यक्रम के दौरान एनजीओ के वरीय कॉर्डिनेटर जितेंद्र कुमार सिंह, आरती कुमारी के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई। मौके पर एसएसबी के उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार,पवन कुमार सहित सभी समवाय प्रभारी, और जवान उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** में दो केंद्रों पर फोकनिया और मौलवी की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गयी है। इस बार परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्य माध्यमिक विद्यालय एवं रेलवे प्रवेशिका प्लस टू उच्य माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है। यह परीक्षा 19 से 25 जनवरी तक दो पालियो में संचालित होगी। परीक्षा के पहले दिन सोमवार को नवागत एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्राधीक्षक और दंडाधिकारी को शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन को लेकर कड़ा निर्देश दिया है। एसडीएम ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को समय से 15 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र पहुचाने को लेकर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को नियुक्त किया गया है। वे समय से दोनों पाली का प्रश्नपत्र लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुचेंगे।

### पदाधिकारियों ने किया किसान रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फॉर्मर आईडी को लेकर पंचायत में लगाये गए शिविरों का सहायक जिला भू अर्जन पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मलदहिया में सीएससी सेंटर, बिनवलिया में सामुदायिक भवन, चमुआ में पंचायत सरकार में लगे शिविरों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अंचलाधिकारी सुधांशु शेखर भी उपस्थित थे। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन किसानों का बकेट तैयार है, उनका प्राथमिकता से किसान आईडी बनाए। सीओ ने बताया कि प्रखंड में करीब 23 हजार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक हैं। इनमें से करीब 5500 किसानों का आईडी बनाया जा चुका है।

### तरैया में प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति की बैठक

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के रामकोला स्थित शिव एकेडमी स्कूल परिसर में रविवार को प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में छपरा के प्रसिद्ध डॉ. राजीव रंजन सिंह शामिल हुए। जिन्हें संगठन के पदाधिकारियों द्वारा



अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान ग्रामीण चिकित्सकों ने हृदय (कार्डियो) से संबंधित रोगों, उनकी पहचान एवं समाधान पर डॉ. राजीव रंजन सिंह से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हृदय रोगों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए समय पर जांच, सही उपचार और जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति गवन्द्री, तरैया के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित, डॉ. ओम प्रकाश पंडित, डॉ. राम प्रवेश राय, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. श्रीराम तिवारी, डॉ. वीरेंद्र राय, डॉ ध्रुव कुमार सिंह, डॉ रमेश सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में प्राथमिक चिकित्सक उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय सिंदुरिया समाज का महासम्मेलन संपन्न

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के उसरी चांदपुरा गांव में रविवार को अखिल भारतीय सिंदुरिया समाज द्वारा भव्य महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देशभर से आए समाज के गणमान्य लोगों का बैंड-बाजे के साथ स्वागत कर अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महासम्मेलन के दौरान समाजहित में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों को मंच से सम्मानित किया



गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच 101 कंबलों का वितरण कर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान पर जोर देते हुए कहा कि सिंदुरिया समाज सेवा और समरसता के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बुलु बाबू, राष्ट्रीय संयोजक शशिकांत बाबू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणविजय प्रसाद, बिहार प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण बाबू, कोषाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्र बाबू, मकरध्वज प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**मोतियाबिंद मरीज पाये गये 450**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय टीआरएमपी हाई स्कूल प्रांगण में रविवार को नेत्र रोगियों के लिए शिविर लगाया गया.समाज सेवी ब्लैक फॉरेस्ट के अशोक कुमार के सौजन्य से अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तीचक सारण द्वारा लगाये गए शिविर में काफी संख्या में रोगी पहुंचे.रोगियों की पंजीयन के बाद अत्याधुनिक मशीनों से



आंख की निःशुल्क जांच की गई.शिविर में चिकित्सक डॉ वसीम अकरम,डॉ उदय कुमार,डॉ बंधु सिंह आदि चिकित्सकों के टीम रोगियों की बारी बारी से जांच कर रहे थे.कैंप मैनेजर महेश कुमार यादव ने बताया कि शिविर में लगभग 1052 मरीजों को जांच किया गया जिसमें अधिकांश मरीजों को मुफ्त दवा और चश्मा दिया गया.तथा 450 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया. चिन्हित लोगों को ऑपरेशन के लिए बस के माध्यम से मस्तीचक सारण हॉस्पिटल ले जाया जाएगा.जहां निःशुल्क रूप से ऑपरेशन,चश्मा व रहने खाने की व्यवस्था रहेगी.ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को घर पहुंचा दिया जायेगा.कहा कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल का उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र के आंख से पीड़ित लोगों को समुचित उपचार कर उनके आंखों की ज्योति दी जा सके.मौके पर श्रीपुर पंचायत के मुखिया उदय सोनम जायसवाल,समाज सेवी उदय जायसवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम से राहत

**जिलेभर में एक साथ आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत जिले में सोमवार को सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय कार्यालयों में सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने स्वयं लोगों की शिकायतें सुनीं और भूमि विवाद, राजस्व, पेंशन, आवास, बिजली, पेयजल, सड़क व राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निष्पादन समयबद्ध व संवेदनशीलता के साथ किया जाए। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को सम्मानजनक वातावरण में उनकी समस्याओं का समाधान देना है। शिकायतों के पंजीकरण एवं नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-



सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार, पीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। इधर बिहार सरकार के सात निश्चय तीन के सातवें निश्चय सबका सम्मान जीवन आसान के तहत सोमवार को नगर निगम बेतिया सभागार में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त सहित सभी पदाधिकारी सुनवाई में उपस्थित रहे एवं नगर वासियों द्वारा समस्या समाधान हेतु आवेदन समर्पित किया गया। सभी आवेदकों को संतुष्ट करते हुए उनके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए गए। प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार नगर निगम सभागार में जन सुनवाई का आयोजन दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

# सरस्वती पूजा को लेकर मशरक थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध, सोशल मीडिया पर भी रहेगी कड़ी निगरानी**

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मशरक थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने की। थानाध्यक्ष ने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ की जाए। पूजा से लेकर मूर्ति विसर्जन तक किसी भी प्रकार की अश्लीलता, आपत्तिजनक गीत या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी प्रकार का गलत संदेश या भड़काऊ टिप्पणी वायरल होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। अपर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल ने पूजा समितियों को निर्देश दिया कि पंडालों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। साथ ही सीसीटीवी कैमरा और अग्निशमन की समुचित



व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने पूजा समितियों से साफ-सुथरी छवि वाले लोगों को वॉलंटियर के रूप में चयन करने की अपील की, ताकि चारों ओर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। बैठक में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की गई तथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में डुमरसन पंचायत के मुखिया बच्चा लाल साह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, बीडीसी संजय सिंह, चुनमुन बाबा, जदयू नेता मुकेश सिंह, भाजपा नेता दुर्गेश गुप्ता सहित प्रखंड के विभिन्न इलाकों से पहुंचे जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं पूजा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## स्टेशन परिसर में महिला की मौत मामले में रेल डीएसपी कर रहे जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे स्टेशन परिसर में एक भिखारी की मौत और मौत के बाद उसके शव को नदी में फेकवाने के मामले में रेल पुलिस अधीक्षक वीणा कुमारी ने संज्ञान लिया है। वही इसकी जांच के लिए रेल डीएसपी राजेश कुमार को निर्देशित किया है। जिसके बाद रेल डीएसपी नरकटियागंज पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। रेल डीएसपी ने बताया कि जाच रिपोर्ट वरीय अधिकारि को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी स्तर पर पुलिसकर्मियो की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल मामला स्टेशन परिसर में एक भिखारी महिला के मौत से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि रविवार को उक्त महिला के मौत के बाद दो रिक्शा चालक उसके शव को हड़बोडा नदी के किनारे फेकने के लिए गए। तभी स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुची शिकारपुर पुलिस दोनों रिक्शा चालक से पूछताछ किया तो पता चला कि उस महिला की मौत रेल परिसर में हुई थी जिसे फेकने के लिए कहा गया था। धराये रिक्शा चालको की पहचान चमुआ गाव निवासी सूरदास और पोखरा चौक निवासी राम चन्द्र के रूप में हुई है। पूछताछ में धराये रिक्शा चालकों ने कहा कि रेल पुलिस के प्रेम कुमार ने उन्हें शव को ठिकाने लगाने को कहा था। जिसके बाद वह शव को लेकर नदी के किनारे गए थे। हालांकि शिकारपुर पुलिस की सूचना पर रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा ने बिहार के नेताओं को बंगाल विजय की सौंपी जिम्मेवारी

**मंगल पांडे के नेतृत्व में बिहार के आठ नेताओं में शामिल है अखिलेश सिंह**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल चुनाव की जीत सुनिश्चित करने हेतु बिहार के आठ नेताओं को बिहार सरकार के स्वास्थ मंत्री बंगाल प्रभारी मंगल पांडेय के नेतृत्व में जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा के आठ नेताओं में मोतिहारी निवासी किसान मोर्चा बिहार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह को उत्तरी दिनाजपुर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में विजय दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई गई है। गौरतलब है कि मजबूत संगठन क्षमता रखने वाले श्री सिंह को जमीनी हकीकत समझ कर चुनाव विजय दिलाने में महारथ हासिल है। इसके पूर्व भी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली, झारखण्ड जैसे कई राज्यों में जा कर अपने चुनावी कौशल का परिचय दे चुके है। पार्टी नेतृत्व द्वारा श्री सिंह दिए गए इस जिम्मेदारी के लिए मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, पूर्व विधायक गोविंदगंज सुनील मणि तिवारी, जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिला उपाध्यक्ष मीना मिश्रा, विनोद कुशवाहा, सुधांशु रंजन, राकेश गुप्ता, सनीला देवी, शिवकुमार मांझी एवं इलाइची देवी, जिला महामंत्री त्रय योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय कुमार चौधरी, जिला मंत्री संध्या देवी कुशवाहा, शंभु महतो, श्याम नंदन राम, हिमांशु सिंह(गोपू जी), संजय साह, गुड्डी देवी, सूरज पाण्डेय एवं माला सिंह, कोषाध्यक्ष कुमार विजय उर्फ टिंकू, सह- कोषाध्यक्ष रवि रंजन उर्फ पप्पू पाण्डेय जिला प्रवक्ता प्रकाश अस्थाना, साजिद रजा एवं संजीव सिंह, संगीता चित्रांश, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सह-मीडिया प्रभारी- सुधीर गुप्ता,



सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, सह-प्रभारी चंदन सिंह, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, जिला प्रभारी- वरूण सिंह, उत्तरी मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष राजू वर्मा, मुफस्सिल मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, मोतिहारी विधानसभा प्रभारी के प्रभारी वकील सहनी एवं संयोजक ओमप्रकाश सिंह ने खुशी जताए हैं। साथ ही बंगाल जीत की अग्रिम बधाई दी है। नेताओं ने कहा है कि जिस प्रकार से ममता बनर्जी ने बंगाल में लोकतंत्र समाप्त कर दिया है और भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गई है जनता इस बार उनकी विदाई कर देगी,कानून व्यवस्था बिल्कुल समाप्त हो चुकी है,जनता बिल्कुल त्रस्त है। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

## सांसद के नेतृत्व में जदयू की सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आदर्शों और विकासात्मक सोच से प्रेरित होकर बाल्मीकि नगर के सांसद सुनील कुमार ने सोमवार को मझौलिया प्रखंड के अमवा मझार पंचायत में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम पंचायत निवासी मनोज कुशवाहा के दरवाजे पर आयोजित किया गया, जहां केक काटकर



अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई।कार्यक्रम के दौरान सांसद सुनील कुमार ने दर्जनों से अधिक लोगों को जदयू की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में वीर नारायण प्रसाद, सोनेलाल शाह, सलाम मियां, राजेंद्र प्रसाद, भूपेंद्र भारती, नंदू पटेल, रामदेव राम, राहुल कुमार, बलिराम प्रसाद सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे। सभी नवसदस्यों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और बिहार के समग्र विकास के प्रति आस्था जताते हुए पार्टी से जुड़ने की बात कही।इस अवसर पर सांसद सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। जदयू की नीतियां समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली हैं और यही कारण है कि लगातार लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में जदयू के प्रखंड अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, चनायन बांध के जदयू नेता सरोज जायसवाल, बैठनिया भानाचक पंचायत के मुखिया दीनानाथ साह, विशंभरपुर के पूर्व मुखिया मुकेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी कार्यकताओं ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।सदस्यता अभियान से अमवा मझार पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों में जदयू संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सात निश्चय-3 कार्यक्रम के तहत नगर परिषद व प्रखंड कार्यालयों में जनसुनवाई

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सात निश्चय-3 सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत अलग-अलग कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखीं। नगर परिषद कार्यालय में नगरवासियों की शिकायतों को सुना गया, वहीं प्रखंड व अंचल कार्यालय में भी लोगों की समस्याओं पर सुनवाई हुई। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नगर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे लोगों ने नाली, सड़क, साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं रखीं. शिकायत पंजी का संधारण नगर सीटी मैनेजर इंटू कुमार द्वारा किया गया। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इधर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अजीत कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतें सुनीं। वहीं अंचल कार्यालय में सीओ वेद प्रकाश व आरओ कुंदन कुमार ने भूमि, राजस्व व अन्य प्रशासनिक मामलों से संबंधित समस्याओं पर सुनवाई की। अधिकारियों ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और सभी शिकायतों का निष्पादन तय समय-सीमा में किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान संबंधित कार्यालयों के कर्मी भी मौजूद रहे और समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# सरस्वती पूजा को लेकर हरैया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 23 जनवरी को होने वाली सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर हरैया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर रक्सौल के अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद,हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान और रक्सौल एसएचओ प्रकाश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सरस्वती पूजा के आयोजन से संबंधित विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विसर्जन प्रक्रिया तथा डीजे के उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अशांति या नियमों के उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी पूजा समितियों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि सरस्वती पूजा ज्ञान, अनुशासन और सौहार्द का प्रतीक है, जिसे शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने पूजा पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था,



निर्धारित समय में विसर्जन तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की। अंचल अधिकारी प्रकाश कुमार ने भूमि, सड़क और सार्वजनिक स्थलों के अतिक्रमण से बचते हुए पंडाल निर्माण करने की हिदायत दी और कहा कि प्रशासन सभी आयोजकों के सहयोग से पर्व को सफल बनाना चाहता है। हरैया थानाध्यक्ष किशन पासवान ने बताया कि पूजा के दौरान थाना पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का आश्वासन दिया।

## युवा सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए चिकित्सक डॉ. गोपाल

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बंजरीया प्रखंड के मोखलिशपुर निवासी जनसेवा फिजियो स्पाइन केयर एण्ड पेन रिलीफ क्लिनिक मोतिहारी के निदेशक सह चम्पारण समाज कल्याण मंच के संस्थापक अध्यक्ष प्रसिद्ध युवा



चिकित्सक डॉ. गोपाल कुमार सिंह को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए मुजफ्फरपुर में समृद्धि फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुजफ्फरपुर के उप मेयर डॉ. मोनालिसा, मुजफ्फरपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी. मोहन एवं समाजसेवी स्मृति सिंह के द्वारा प्रशस्ति-प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह, मोमेन्टो एवं अंग वस्त्र प्रदान कर युवा सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. गोपाल को मुजफ्फरपुर में युवा सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर समाजसेवी गोविन्द सिंह, रिशु प्रताप सिंह, सतेन्द्र कुमार सहित दर्जनों चिकित्सकों, समाजसेवियों एवं उनके शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हे बधाई दिया है।

# शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया सम्मानित

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से जिले के सभी प्रखंडों से चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधान शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह एवं जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह (विधायक, एकमा), डॉ वीरेंद्र नारायण यादव (एमएलसी), लक्ष्मी नारायण गुप्ता (महापौर, छपरा), बैद्यनाथ सिंह विकल (जदयू जिलाध्यक्ष), शिक्षाविद डॉ लालबाबू यादव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुसुम देवी सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने





इस अवसर पर शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा की मजबूती में प्रधान शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहली बार इस प्रकार के आयोजन से सम्मानित प्रधान शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि जिम्मेदारियां अधिक होने के बावजूद उनका वेतन सामान्य शिक्षकों के समान है, जिसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इस पर उपस्थित विधायक। विधान पार्षद ने मुख्यमंत्री का ध्यान इस विषय की ओर आकृष्ट कर वेतन वृद्धि की सिफारिश करने का आश्वासन दिया। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विभागीय समस्याओं पर संवाद और समाधान का अवसर मिलेगा। संघ की ओर से यह भी घोषणा की गई कि इस तरह का कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों एवं अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी दौरान संगठनात्मक निर्णय लेते हुए एकमा प्रखंड के मंजीत कुमार तिवारी को सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ का जिला सचिव तथा फौजिया नाहिद को महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## प्रधान सहायक से दुर्व्यवहार मामले में बीएलओ पर करवाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को आयोजित जनता दरबार मे एक टोला सेवक द्वारा प्रखंड के प्रधान लिपिक से दुर्व्यवहार किये जाने का मामला सामने आया है। उ. म. वि. हरसरी पुरैनिया के टोला सेवक व बूथ संख्या 223 के बीएलओ रविन्द्र राम सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे प्रखंड कार्यालय पहुचे। उस समय जन सुनवाई शिविर चल रहा था। इस दौरान प्रखंड नाजिर प्रदीप कुमार से कहा कि उसका नाम बीएलओ लिस्ट में क्यो दिया गया है। इसपर नाजिर ने कहा कि लिस्ट में विभाग की ओर से नाम दिया गया है। जिसपर वह भड़क उठा और प्रखंड नाजिर के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए देख लेने की धमकी दे डाली।

## कोर्ट नोटिस

**ब अदालत सब जज प्रथम, बेगूसराय, जिला बेगूसराय**
**सक्शेसन केस न. 18/2024 सन 2024 ई.**

नाम मुदईयान -
जगतारनी देवी उर्फ जगतारन देवी पति बुलक दास, सा. लाखो पो. लाखो, परगना बलिया, जिला- बेगूसराय

**बनाम**

**नाम मुदालय**
नीता कुमारी उर्फ अर्चना कुमारी, पति अजय कुमार ग्राम - रामपुर, पो. व थाना नाथनगर, जिला - भागलपुर

**नोटिस बनाम मुदालहुम**
चूँकि मुकदमें मजकु नाम मुदैयान ने उपर मुदा० वास्ते अदालत में दाखिल किया है और अदालत हाजा के तारीख 12.2.2026 सुनवाई के लिए मुकर्रर है लिहाजा वजरिये पब्लिकेशन के आगाह किया जाता है कि तारीख मजकुर पर हाजिर अदालत आकर उचित पैरवी करें वरना आपके गैर हाजिर में मुकदमा एकतरफा अमल में लायी जायेगी। ताकिद जानें

**अवर न्यायाधीश प्रथम**
**बेगूसराय**

# मुख्य सचिव ने जानी किसानों के पंजीकरण की प्रगति




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "फार्मर रजिस्ट्री – किसान की डिजिटल पहचान" अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज उपस्थित रहे। विदित हो कि उक्त अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित करने हेतु दो चरणों में पंचायतस्तरीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण के शिविर 6 जनवरी 11 जनवरी 2026 तक सफलतापूर्वक संपन्न कराए जा चुके हैं, जबकि द्वितीय चरण के शिविर 17 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्य सचिव द्वारा निर्गत निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी संबंधित नोडल पदाधिकारियों को अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मिशन मोड में कार्य करते हुए फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही शिविरों के अतिरिक्त डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से शेष एवं लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराने तथा इस संपूर्ण प्रक्रिया की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण वरीय पदाधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया अन्नप्राशन दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हर महीने के 19 तारीख को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन दिवस मनाया जाता है। इसी आलोक में सोमवार को काको प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 2, 8,144,145 एवं 01 के कुल 17 लाभार्थियों को एक ही जगह पंचायत भवन बरावां में मुखिया सिमरन राज की उपस्थिति में सामूहिक रूप से अन्नप्राशन कराया गया। अन्नप्राशन दिवस के अवसर पर बच्चों को पोषण कीट का वितरण मुखिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन के तरफ से काजल सुथार, महिला पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी उपस्थिति रही। इसी प्रकार सदर प्रखंड के किनारी पंचायत भवन पर आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 52,49, तथा 22 से कुल चार लाभार्थियों का अन्नप्राशन कराया गया। इस मौके पर यहां पीरामल फाउंडेशन से प्रिया कुमारी उपस्थित रही।

# बेरंग नजर आया अम्बे महोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को अम्बे महोत्सव का आगाज धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया।

महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय लोगों की उदासीनता ने बुद्धजीवी वर्ग को सोचने पर विवश कर दिया कि शुरुआती दौर में जनभागीदारी से आयोजित होने वाला यह महोत्सव अपनी भव्यता, पवित्रता और सामाजिक एकजुटता की मिसाल हुआ करता था, वो आज इतना बेरंग कैसे हो गया। आखिर क्या वजह है कि लोगों ने महोत्सव से दूरी बना ली। महोत्सव के अतिथियों एवं न्यास समिति के सदस्यों के द्वारा कहा जाता है कि जिले में आयोजित होने वाले अन्य महोत्सवों की अपेक्षा अम्बे महोत्सव को बहुत कम राशि दी जाती है। जिसके कारण महोत्सव फीका पड़ गया है। गौरतलब है कि वर्ष 2004 में जन सहयोग से अम्बे महोत्सव शुरू किया गया था। जन सहयोग से लगभग दो दशक तक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आसपास के क्षेत्र में महोत्सव एवं महोत्सव के कार्यक्रमों की चर्चाएं होती थी। इस मंच ने कई स्थानीय कलाकारो को मौका दिया जो आज राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुके हैं। विगत कुछ वर्षों से अम्बे महोत्सव का आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। विभाग द्वारा महोत्सव के लिए दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। लेकिन जबसे प्रशासनिक स्वीकृति मिली है तब से स्थानीय लोगों में महोत्सव से दुरी देखी जा रही है। बुद्धिजीवी वर्ग ने इसके लिए सतबहिनी मंदिर न्यास समिति को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन और न्यास समिति के सदस्यों द्वारा बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को तरजीह नहीं दी जा रही है। जिसके कारण न्यास समिति का प्रभाव आम लोगों एवं श्रद्धालुओं के बीच कम हुआ है। न्यास समिति ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्य नहीं करती जिससे लोगों में धार्मिक रुचि जगे और वे सतबहिनी मंदिर एवं महोत्सव से जुड़ाव महसूस करें। लोगों का कहना है कि अम्बे महोत्सव चंद लोगों के नेतृत्व में सिमटकर रह गया है। न्यास समिति के विस्तार करने की जरूरत है।

**नन्हें कदमों ने बचाई महोत्सव की साख :**

विगत महोत्सव की अपेक्षा इस बार कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या काफी कम रही। गाजे-बाजे के साथ सतबहिनी मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने हरदत्ता गांव के समीप बटाने नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन कर जल उठाया और मंदिर परिसर पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न की। महोत्सव के पहले दिन स्थानीय स्कूली बच्चों के बीच रंगोली, चित्रकला, निबंध, प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं शाम में स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

# 18 फ़रवरी से आयोजित होगा राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** 'प्रयास' बिहार राज्य की चर्चित नाट्य संस्था "फिर जर्ममा रंग जहानाबद में" के स्लोग्न से राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का आयोजन अगामी 18 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक करने जा रही है। यह नाट्य मेला जिले के मखदुमपुर प्रखंड के गाँधी मैदान में आयोजित होगा। नाट्य मेला कला प्रेमी घनश्याम राय 'बबलु को समर्पित होगा। स्थानीय कवि राम विनय शर्मा विनय के नाम नाट्य मंच होगा तो मनोज कुमार कमल के नाम समर्पित कवि सम्मेलन होगा। इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि लोग सिरकत करेंगे। ज्ञात हो कि 12 वर्षों से यह नाट्य मेला का आयोजन संस्था करती आ रही है। मखदुमपुर जहानाबाद में यह दुसरी बार राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का आयोजन होने जा रहा है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नाट्य मेला में बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, प०. बंगाल, झारखण्ड के कलाकारों के मंचीय नाटकों के अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक, जादू, लोकगीत, नृत्य, कठपुतली, कव्वाली भी होगा। यह महोत्सव बिहार का सांस्कृतिक गौरव हो गया है। गत वर्ष नाट्य मेला में हजारों-हजार की भीड़ नाट्य मेला देखने के लिए टूट पड़ी थी। नाट्य मेला की अपार सफलता और ग्रामीण दर्शकों की मांग को देखते हुए पुनः इस सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस नाट्य मेला से ग्रामीण रंग मंच को बढ़ावा, जहानाबाद को सांस्कृतिक पहचान देने में बल मिलेगा। इस बाबत देश के प्रसिद्ध रंगकर्मी नाट्य मेला के निर्देशक मिथिलेश सिंह ने बताया कि नाट्य मेला की सफलता को लेकर मखदुमपुर में सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों के लोग एवं मेला संचालन समिति की बैठक आयोजित किया गया है।

# माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में आधुनिक संसाधनों और इनोवेशन पर बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों की विज्ञान प्रयोगशाला, लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लास को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए कई आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उनका मुख्य जोर नवाचार (इनोवेशन) पर है, ताकि छात्र न केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करें बल्कि प्रयोगात्मक रूप से भी खुद को विकसित कर सकें। इस योजना की सफलता और क्रियान्वयन को लेकर इसकी शुरुआत मखदुमपुर प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की एक ऑनलाइन बैठक आयोजित कर की गई। इस बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम लाभ छात्रों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास और विज्ञान प्रयोगशाला को केवल सजावट की वस्तु न समझकर उन्हें नियमित शिक्षण का हिस्सा बनाया जाए।

# प्लेसमेंट ड्राइव को लेकर सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बाणावर में स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कॉलेज में सोमवार को आगामी प्लेसमेंट ड्राइव को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एक विशेष उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना तथा उन्हें कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी देना था।सेमिनार के दौरान छात्रों को रेज्यूमे बिल्डिंग, प्रभावी सेल्फ इंट्रोडक्शन, ग्रुप डिस्कशन, एप्टीट्यूड टेस्ट, टेक्निकल एवं एचआर इंटरव्यू से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। साथ ही प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीतियों एवं व्यावसायिक शिष्टाचार पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन मो. तारिक़ अनवर, प्लेसमेंट ऑफिसर द्वारा किया गया। यह सेमिनार संस्थान के प्राचार्य श्री राकेश रंजन के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रंजीत राज (विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शमीन अहमद, टुन्ना कुमार, दिग्वंत महतो, समीरा कुमारी तथा अक्षय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेमिनार में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। संस्थान द्वारा निकट भविष्य में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ कैंपस एवं पूल प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जाने की योजना भी साझा की गई।

# सड़क पर उभरे गड्ढों से होती है परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** अंबा-नबीनगर मुख्य पथ से मुड़ीला नहर मित्रसेनपुर बसौरा गांव जाने वाली सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है। यह सड़क अब वाहन तो दूर पैदन चलने के लिए भी सुरक्षित नहीं है। सड़क में उभरे गड्ढों के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बिछाए गए पत्थर खेतों में चले गए हैं और जगह-जगह खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। वहीं मुड़ीला गांव के समीप स्थित बिजली का पोल यात्रियों के लिए इन दिनों जानलेवा साबित हो रहा है। जिससे आवागमन में काफी परेशानी उत्पन्न हो गई है। साइकिल व बाइक सवार किसी तरह रास्ते से गुजरते हैं जबकि चार पहिया वाहन एनएच-139 स्थित एरका सिंचाई कॉलोनी से होकर उत्तर कोयल नहर के रास्ते गांव पहुंचते हैं। जर्जर सड़क से गुजरते समय दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। इस सड़क का उपयोग मुड़ीला, मित्रसेनपुर व बसौरा गांव के ग्रामीण करते हैं और यह बरहेता एवं मांझार के ग्रामीणों के लिए एक शार्टकट मार्ग है। वहीं बारिश के दिनों में सड़क से बरहेता गांव के ग्रामीणों का आवागमन होता है। इतना होने के बावजूद भी सड़क निर्माण के प्रति अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

# उमगा पहाड़ पर माघ मेले में दूर दराज से पहुंचते है श्रद्धालु



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड का उमगा पहाड़ धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मां उमंगेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं को 52 शक्तिपीठों का लाभ मिलता है। वहीं मां की पूजा सरस्वती के रूप में की जाती है जिसके कारण बसंत पंचमी पर यहां मेला लगता है। देवी महिसासुर मर्दिनी के स्वरूप में अष्टभुजी मां की प्रतिमा हजारों टन वजन वाले पत्थर से बने मंदिर में विराजमान है। यह प्राकृतिक रचना आश्चर्यजनक है और देवी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाली एवं सिद्धिदात्री मानी जाती है। पुजारी दिलीप पाठक बताते हैं कि मां सती के शव को लेकर भगवान शिव जब क्रोधित होकर तांडव करने लगे थे तब मां का एक अंग उमगा पहाड़ पर गिरा था। तब से यह स्थल शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। यहां तक की मनौतियां सिद्ध होने पर श्रद्धालु बकरे की बलि भी देते हैं। वहीं बसंत पंचमी पर यहां भव्य मेला लगता है जिससे दूर से श्रद्धालु आते हैं। बता दें कि राजा भैरवेंद्र के समय से यहां मेला लगता है। वहीं मकर संक्रांति पर तीर्थों में स्नान और पूजा का विशेष महत्व है जिसके तहत पहले एक माह का मेला लगता था जो अब एक सप्ताह तक सीमित हो गया है। इस पहाड़ पर सूर्य मंदिर, गौरी शंकर, मां उमंगेश्वरी सहित 52 मंदिरों की श्रृंखला है। हालांकि कई मंदिर जमींदोज हो चुके हैं परंतु उनके अवशेष आज भी पहाड़ पर देखे जा सकते हैं। पहाड़ पर स्थित कई बहुमूल्य मूर्तियां रखरखाव के अभाव में बर्बाद हो रही है। उमगा पहाड़ पर भगवान सूर्य का विशाल मंदिर है जो गौरव का प्रतीक है। यह धरातल से लगभग 150 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी लंबाई लगभग 90 फीट है जो कला के दृष्टिकोण से अद्वितीय है। पहाड़ पर हरियाली और वन उपवन के रंग बिरंगे पुष्पों का आकर्षण, जंगली पशु पक्षियों की चहचहाहट और गुंज की मधुर राग से संपूर्ण प्रकृति एक मनोहर वातावरण का निर्माण भी होती है।

# 3.9 एकड़ में फैला है अमझरशरीफ गांव का तालाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के अमझरशरीफ-डिंडीर रोड स्थित अमझर गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है। तालाब के किनारे सूर्य मंदिर का निर्माण किया गया है। पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। बरसात के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौध उग आए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब का जीणोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तकतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2022 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों ने तालाब के जीणोद्धार करने की मांग की है।

# जनता दरबार के माध्यम से पदाधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान करने के लिए बिहार सरकार ने सोमवार से एक नई व्यवस्था शुरू की है। इसी के मद्देनजर पंचायत से लेकर डीएम स्तर तक के अधिकारी, पदाधिकारी एवं कर्मचारी जनता की समस्याओं को सुने। सबसे अधिक मामला बिजली विभाग में आएं। श्रम विभाग में श्रम अधीक्षक प्रियंका ने सुनी शिकायत श्रम कार्यालय में श्रम अधीक्षक प्रियंका ने लोगों की शिकायतों को सुना। यहां पांच मामले आया। रामाबांध के सोमारू बिगहा से बिन्नी कुमारी ने श्रम विभाग के मजदूरों के लिए मिलने वाली सुविधा को लेकर आई थी। श्रम अधीक्षक ने शिकायतों को सुना। वहीं शहर के न्यू एरिया के रहने वाले अनिल कुमार एवं बारूण प्रखंड के जोगिया के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद लेबर कार्ड से संबंधित शिकायत की। इसी तरह सदर प्रखंड में जनता दरबार को लेकर पदाधिकारी एवं कर्मचारी तैनात थे। कार्यालय को फुलों से सजाया गया था। कारपेट बिछाये गए थे। आम जनों के बैठने के लिए कुर्सियां भी लगाई गई थी। बीडीओ के न्यायालय कार्य के लिए पटना जाने के कारण आरडीओ ब्रजेश कुमार ने आम जनों की शिकायत सुनी। प्रधान लिपिक रामचंद्र प्रसाद भी शिकायत निवारण कार्यक्रम में थे। बीडीओ कार्यालय में ओरा पंचायत से पहुंचे अभय पासवान ने मडरिया एवं रभान बिगहा में नाली निर्माण कराने की मांग की। वहीं बेला पंचायत के परसा से पहुंचे धनंजय सिंह ने भी गांव के नारायण सिंह के घर से मुख्य पथ से रास्ता निर्माण को लेकर आवेदन दिया। वहीं अंचल कार्यालय में कार्यालय अवधि से ही सीओ अनुज कुमार अपने कार्यालय जनता की समस्या सुनने को बैठे थे। अंचल में दाखिल खारिज व परिमार्जन एवं त्रुटी से संबंधित शिकायतें पहुंची। सीओ ने सभी शिकायतों को सुनकर कार्रवाई का भरोसा दिया। शहर के ओमप्रकाश गुप्ता जमीन से जुड़ी एक शिकायत को लेकर पहुंचे थे। वहीं अंबिका सिंह कुशी गांव में जमीन से जुड़ी परिमार्जन की शिकायत को लेकर पहुंचे थे।

## अंग्रेजी शराब बरामद, कारोबारी फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने अब्दुलपुर देवी स्थान के पास धर्मेंद्र कुमार के पुत्र लक्ष्मण कुमार के घर से 7.875 एमएल बरामद किया गया। आरोपित घर मे अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा था। सूचना के सत्यापन करते हुए, घर में छापेमारी की गई, तलाशी के दौरान रॉयल स्टेग 375 एमएल के 19 बोतल कुल 7.125 लीटर एवं रॉयल स्टेग 750 एमएल एक बोतल बिहार राज्य में अवैध शराब का निर्माण खरीद बिक्री भंडारा परिवहन करना अपराध है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मध निषेध उत्पादन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल बनीं ममता कुमारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 18 जनवरी, माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या, रविवार को वैश्य समाज की प्रखर नेतृत्वकर्ता एवं राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्या ममता कुमारी के दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर तिलकुट, दही-चिउड़ा, लिट्टी-चोखा सहित पारंपरिक व्यंजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, मंत्रीगण तथा परम पूज्य महाराज जी की पावन उपस्थिति ने आयोजन को महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना के उत्सव में परिवर्तित कर दिया।

इस अवसर को ऐतिहासिक बनाते हुए ममता कुमारी ने अपनी हस्तलिखित बहुद्देशीय पुस्तक 'चरैवेति' का विमोचन किया। यह पुस्तक नारी जीवन की संघर्षगाथा, शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता, सामाजिक समानता और आधी आबादी—महिलाओं के अधिकार व सम्मान के लिए उनके सतत समर्पण को अत्यंत सरल, सहज एवं प्रेरणादायी शब्दों में प्रस्तुत करती है। यह कृति महिलाओं को आत्मबल, आत्मसम्मान और नेतृत्व के पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। इसी क्रम में अखिल भारतीय वैश्य पोद्दार महासभा (पंजी) परिवार एवं इंटरनेशनल वैश्य चेतना फाउंडेशन (पंजी) परिवार के राष्ट्रीय महासचिव एवं निदेशक सत्या नारायण पोद्दार की ओर से ममता कुमारी को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कवि रामावतार पोद्दार अरुण जी जन्म शताब्दी वर्ष पर वैश्य शिरोमणि साहित्य सम्मान एवं चरैवेति नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके उस समर्पित जीवन को नमन है, जो उन्होंने ग्रामीण भारत की बेटियों, महिलाओं के अधिकार, समान अवसर, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता के लिए निरंतर समर्पित किया है। सम्मान समारोह में सत्या नारायण पोद्दार ने कहा कि ममता कुमारी का जीवन यह सिद्ध करता है कि जब एक महिला को अवसर, शिक्षा और समर्थन मिलता है, तो वह केवल अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र को दिशा देने की क्षमता रखती है। उनका कार्य आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में सहभागी बनाने और महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का सशक्त उदाहरण है।

# छात्रावास में शॉर्ट सर्किट से लगी आग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड स्थित जहानाबाद राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्रावास में सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग लगते ही छात्रावास परिसर में अफरा-तफरी मच गई और छात्रों के बीच भय का माहौल उत्पन्न हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग छात्रावास के एक हिस्से में लगी, जिसे बुझाने के लिए छात्रों एवं कॉलेज कर्मियों द्वारा तत्काल प्रयास शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन गैस सिलेंडर का उपयोग किया गया, लेकिन धुएं और गैस के प्रभाव से कई छात्रों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालांकि काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि आगजनी की इस घटना में छात्रावास में रह रहे दो से तीन छात्रों के लैपटॉप सहित अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गए। इस दौरान अग्निशमन गैस की चपेट में आकर 6 छात्र बेहोश भी हो गए। बताया जाता है कि आग बुझाने के दौरान अग्निशमन गैस के प्रभाव से छह छात्र बेहोश हो गए, जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हुलासगंज में भर्ती कराया गया। बेहोश हुए छात्रों की पहचान गुड्डू कुमार (21 वर्ष),सुमित कुमार (19 वर्ष),रौनित कुमार (22 वर्ष), सिकंदर कुमार (23 वर्ष),अभिनय कुमार (19 वर्ष),शशि कुमार (22 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि चिकित्सकों द्वारा सभी छात्रों का उपचार किया जा रहा है। वहीं, छात्रों की स्थिति को देखते हुए गुड्डू कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद रेफर कर दिया गया है। इस दौरान घटना की सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित करने का हर संभव प्रयास किया। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों की सुरक्षा, उपचार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को तत्परता से सुनिश्चित किया गया।

फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद छात्रावास में विद्युत उपकरणों की जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग छात्रों द्वारा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष शंभू कुमार की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सरस्वती पूजा का आयोजन होता है, ऐसे में विधि-व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। पूजा समितियों को अपनी सूची के साथ थाना में आवेदन देना होगा।

# 'उमंग' में जहानाबाद राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** मगध प्रमंडल स्तर पर आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता उमंग–2026 का भव्य समापन हुआ। 15 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक इस खेल का आयोजन राजकीय पॉलिटेक्निक, कॉलेज गयाजी के प्रांगण में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं और संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य श्री राकेश रंजन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि जहानाबाद के प्रतिभागियों ने खेल भावना, अनुशासन और समर्पण का जो परिचय दिया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर प्राचार्य ने संस्थान के खेल प्रभारी कुंदन कुमार के निरंतर मार्गदर्शन व समन्वय के लिए विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान राजकीय पॉलिटेक्निक, जहानाबाद के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कबड्डी (छात्र) एवं वॉलीबाल (छात्र) में उपविजेता के रूप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वॉलीबाल (फैकल्टी) और टेबल टेनिस (फैकल्टी) में विजेता एवं उपविजेता बनकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। बैडमिंटन (छात्र), चेस (छात्रा), पेंटिंग, एक्सटेम्पोर, पोस्टर मेकिंग, डिस्कस थ्रो तथा 4×400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा में वाद- विवाद, बैडमिंटन (छात्रा), कैरम (छात्रा), कैरम (फैकल्टी), ऊंची कूद (छात्रा) और गायन (छात्र) में उपविजेता स्थान प्राप्त कर प्रतिभागियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। लगभग सभी प्रमुख विधाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जहानाबाद ने उमंग–2026 में अपनी विशेष पहचान बनाई।

# पंचायत सरकार भवनों में कर्मियों की उपस्थिति हो सुनिश्चित : डीएम

## डीएम ने की जिला विकास समन्वय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला विकास समन्वय समिति की बैठक जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत राज कार्यालय की समीक्षा के दौरान जिले में निर्मित 39 पंचायत सरकार भवनों में पंचायत स्तर के सभी कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत अंतर्जातीय विवाह एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजनाओं की प्रखंडवार समीक्षा की गई। जिसमें बेगूसराय, तेघड़ा एवं बलिया प्रखंडों में जांच प्रतिवेदन के अभाव में कई आवेदन लंबित पाए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा ऐसे सभी मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड स्तर पर जांच हेतु लंबित आवेदनों को तीन दिनों के अंदर जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। श्रम अधीक्षक कार्यालय की समीक्षा में बताया गया कि बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 18 स्वीकृत किए जा चुके हैं जबकि 9 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। वहीं बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में प्राप्त 402 आवेदनों में से 357 का निष्पादन किया गया है तथा 45 आवेदन अभी लंबित हैं। आवास एवं ग्रामीण विकास विभाग (डीआरडीए) की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए जिले में कुल 46,206 आवासों का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके विरुद्ध 45,415 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। वर्तमान में 791 आवासों की स्वीकृति लंबित है। जिनमें 110 मामले भूमिहीन लाभार्थियों से संबंधित हैं। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों के निर्माण में भूमि विवाद एवं राशि की अनुपलब्धता जैसी समस्याएं सामने आईं। बछवाड़ा प्रखंड के भीखमचक में भूमि की अनुपलब्धता के कारण कार्य प्रभावित पाया गया। जिसे उपलब्ध कराने हेतु बीडीओ एवं सीओ को समन्वय करने का निदेश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा में बताया गया कि ग्रामीण खेल मैदान योजना के अंतर्गत 217 पंचायतों के लक्ष्य के विरुद्ध 123 पंचायतों में कार्य प्रारंभ किया गया है जिनमें से 121 खेल मैदानों का कार्य पूर्ण हो चुका है। आईसीडीएस के तहत आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण योजना में बेगूसराय, वीरपुर एवं खोदावंदपुर प्रखंडों में भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित पाया गया। इसके अतिरिक्त मनरेगा के माध्यम से चयनित 18 जीविका भवनों में से 13 भवनों में छत ढलाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला पदाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर शौचालय मरम्मति हेतु सीडीपीओ एवं बीपीआरओ को आपसी समन्वय स्थापित कर चालू कराने का निर्देश दिया। साथ ही इस माह कम से कम तीन आंगनवाड़ी केंद्रों पर शौचालय की मरम्मति कर सुचारू कराने का निर्देश दिया। लोक सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित आवेदनों की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 1 जनवरी 2025 से 15 जनवरी 2026 की अवधि में बेगूसराय प्रखंड में सर्वाधिक 4,20,105 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 4,15,972 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। लगभग सभी प्रखंडों में आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जा रहा है। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के आम नागरिकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन बेगूसराय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चार लेबर कोड कानून के विरूद्ध ट्रेड यूनियन की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार लेबर कोड के खिलाफ सोमवार को ट्रेड यूनियन की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में 12 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल को जनता के व्यापक आंदोलन में परिणत करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ये चारों लेबर कोड मजदूरों के वर्षों से अर्जित अधिकारों पर सीधा हमला हैं और कारपोरेट हितों को प्राथमिकता देने के लिए बनाए गए हैं। बैठक में 19 जनवरी 1982 को तमिलनाडु में

## 25 को होगा कन्वेंशन

शहीद हुए मजदूरों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि तमिलनाडु के शहीद मजदूरों का बलिदान आज भी संघर्षरत मजदूर वर्ग को प्रेरणा देता है और उनके सपनों को साकार करने के लिए संघर्ष जारी रखना होगा। नेताओं ने बताया कि 25 जनवरी को रिफाइनरी टाउनशिप स्थित जुबली हॉल में एक विशाल कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न ट्रेड यूनियनों, किसान संगठनों और जन संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ट्रेड यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार रोजगार सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और यूनियन अधिकारों को कमजोर कर रही है। उन्होंने मजदूरों, किसानों और आम जनता से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर 12 फरवरी की हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएं और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष तेज करे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान ने की। बैठक में एटक जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह, ऐक्टू जिला प्रभारी चन्द्रदेव वर्मा, सीटू राज्य सचिव अंजनी कुमार सिंह, रत्नेश झा,इंटक जिलाध्यक्ष चुनचुनराय, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, बिहार राज्य किसान सभा के दिनेश सिंह, एटक के जुलूम सिंह, आंगनबाड़ी जिलाध्यक्ष नीलम कुमारी,वीणा रानी, महिला समाज की ललिता कुमारी, बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के सूर्य नारायण रजक, आशुतोष कुमार मुन्ना, पीके वर्मा, सोनू कुमार, राहुल कुमार, रामाधार सिंह, राकेश कुमार मौजूद थे।

# अधेड़ की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के लखमिनियां वार्ड 24 में रविवार की रात बदमाशों ने घर के दरवाजे पर सोए अवस्था में एक 55 वर्षीय किसान को गोली मारकर हत्या कर दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के लखमीनियां वार्ड 24 निवासी स्व गोविंद यादव के 55 वर्षीय पुत्र कृष्णनंद यादव के रूप में कराई गई है। मृतक की पत्नी ने बताया कि मेरे पति कृष्णनंद यादव घर के दरवाजे पर सोए हुए थे। रात के लगभग 12 बजे अचानक गोली की आवाज हुई घर से बाहर निकाल कर देख तो मेरे पति छटपटा रहे थे। आनन फानन में इलाज को लेकर बेगूसराय ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक को तीन पुत्र एवं तीन पुत्री बताया गया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय भेज दिया गया है परिजन के द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया गया है।

# खून देने से रक्त कोशिकाओं का होता है निर्माण



## रक्तदान शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** राष्ट्र कवि दिनकर रक्त केन्द्र बेगूसराय के तत्वावधान में उत्सव हॉल नावकोठी में रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुखिया राष्ट्रपति कुमार, जिप सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र शर्मा, चेरियाबरियारपुर जिप सदस्य संजीव शर्मा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। लैबटेक्नीशियन शंकर पंडित ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से आपातकाल में किसी व्यक्ति को जीवन दान मिल जाता है। प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को साल में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इससे नये रक्त कोशिका का निर्माण हो जाता है। व्यक्ति पहले से ज्यादा फुर्तीला हो जाता है। मनुष्य को रक्त देने से रक्त की कमी नहीं होती है। ऐसी अवधारणा अगर किसी व्यक्ति में है तो यह गलत सोच है। किसी काम को ज्यादा सक्रियता से कर लेने में सक्षम हो जाता है। जो व्यक्ति केलोस्ट्रोल से ग्रसित होते हैं इससे उनके केलोस्ट्रोल में कमी हो जाती है। सर्वप्रथम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन ने अपना एक यूनिट रक्तदान कर शिविर का विधिवत शुरुआत किया। इसमें 25 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर एएनएम अंजू कुमारी, रीना कुमारी, बीएचएम आनंद ईश्वर, बी सीएम उषा कुमारी, सीएचओ रवि कुमार, राजा कुमार, विक्रांत कुमार, सूर्य भूषण, प्रियदर्शनी कुमारी, जुली कुमारी, भारती कुमारी आदि ने भी रक्तदान किया। मौके पर बहुत सारे एएनएम, आशा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# जनता दरबार में बिजली बिल में सुधार लाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** बिजली सबस्टेशन नावकोठी में बिजली उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान हेतु जनता दरबार का आयोजन सोमवार को किया गया। कनीय अभियंता विमल कुमार साहा ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ संवेदनशील एवं जबाबदेह बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार तथा शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाना है। इसमें उपभोक्ताओं की समस्या को सुनकर अविलंब निबटारा करने का निर्देश दिया गया है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय फेज 3 के तहत सबका सम्मानजनक जीवन आसान योजना के तहत मिलने वाली सुविधा उन तक पहुंचाना ही उद्देश्य है। इसके तहत नावकोठी के उमाशंकर पोद्दार का स्मार्ट मीटर रिचार्ज नही होने से बिजली आपूर्ति ठप थी। जेई श्री साहा ने उनका मीटर रिचार्ज करवा कर बिजली आपूर्ति बहाल करवा दिया। नावकोठी के ही संजन देवी, संतोष शर्मा, चक्का के कैलाश पासवान, पीर नगर के मुकेश कुमार ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत कर सुधार करने की अपील की। जेई ने जांचोपरांत सुधार करने का भरोसा दिया। मौके पर कार्यपालक सहायक प्रवीण कुमार, टेकनीशियन श्वेता कुमारी, रोहित कुमार, निक्कू कुमार आदि मौजूद थे।

## 22 को लगेगा जॉब कैंप, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला नियोजनालय द्वारा 22 जनवरी को एक दिवसीय जब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैंप के माध्यम से 10वीं, 12वीं और आईटीआई पास युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी का अवसर मिलेगा। यह जब कैम्प संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैंपस, पहाड़ा, बेगूसराय में आयोजित किया जाएगा।जिला नियोजनालय की ओर से बताया गया कि इस कैंप में निजी क्षेत्र की कंपनी विजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भाग ले रही है जो देश की प्रतिष्ठित टायर निर्माता कंपनी एमआरएफ लिमिटेड के लिए युवाओं का चयन करेगी। चयन एनएपीएस ट्रेनी पद के लिए किया जाएगा।जिसमें कुल 200 रिक्त पदों पर बहाली की जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि जॉब कैंप में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं या पास निर्धारित की गई है। वहीं आयु सीमा 18 से 26 वर्ष रखी गई है। चयनित युवाओं को 15,650 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी की ओर से भोजन, आवास और परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। चयन के बाद युवाओं की पोस्टिंग चेन्नई में होगी।

# डीजे बजाने पर दर्ज होगा मुकदमा, यंत्र होगा जब्त

## 26 जनवरी व सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** सरस्वती पूजा व 26 जनवरी को लेकर वीरपुर थाना परिसर में सोमवार को थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के कई जनप्रतिनिधियों के साथ साथ समाजसेवियों ने शिरकत की। सरस्वती पूजा के आयोजन समिति के लोगों के साथ बैठक में वीरपुर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि डीजे बजाने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगें। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए ध्वनि विस्तार यंत्र को जप्त किया जाएगा। मनचले, नशेरियों, समाज में अफवाह फैलाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखने के लिए सरस्वती पूजा और 26 जनवरी के अवसर पर क्षेत्र में विशेष गस्ती करवाने समेत अन्य संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा किया गया। थाना क्षेत्र के बैरपुरा गांव में आयोजित होने वाले वसंत पंचमी महोत्सव के तहत लगने वाले मेले पर भी ध्यान देते हुए श्रद्धालुओं के सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैनाती और लगातार गश्ति की बात कही गई।बैठक में सीओ भाई विरेंद्र, पूर्व जिला पार्षद सुल्ताना बेगम, विपिन पासवान, मुखिया दीपक कुमार, मोहम्मद मोक्तार, अशोक पासवान, पंसस रीता चौरसिया, सरपंच अनिल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि बुटाली सिंह, मोहम्मद कुद्दुश, बब्लू चंद्र वंशी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# नौ बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** धावा दल, एसोशिएशन वैल्यूंटरी एक्शन (बचपन बचाओं आंदोलन) व दिशा एक प्रयास की संयुक्त टीम द्वारा शाहपुर, सरैया और आरा शहर में बड़ी छापेमारी कर 9 नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज किया। बाल श्रम उन्मूलन के तहत आज शाहपुर, बड़हरा और आरा नगर प्रखंड में बड़ी कार्रवाई की गई। एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम के तहत समाजिक संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर, बचपन बचाओं आंदोलन, श्रम संसाधन विभाग व स्थानीय पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर 9 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया और संबंधित नियोजक के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापेमारी के दौरान शाहपुर बाजार स्थित न्यू मां भवानी स्वीट्स से एक बाल श्रमिक, शिवम इंटरप्राइजेज से एक बाल श्रमिक, जय माता दी केक पैलेस से एक बाल श्रमिक, शाहीन हार्डवेयर से एक बाल श्रमिक व एचएस शूज शाहपुर एक बाल श्रमिक विमुक्त हुआ। वही बड़हरा के सरैंया बाजार के सुरेंद्र मिठाई दुकान से एक बाल श्रमिक, आरा शहर के तीन मेडिकल प्रतिष्ठानों से तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। श्रमिकों को विमुक्त कराने के बाद उन्हें विधि अनुरूप बाल कल्याण समिति, भोजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अभियान के दौरान विमुक्त कराए गए बाल श्रमिक के नियोजकों के खिलाफ बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। छापेमारी टीम में अनुपम कुमारी, अभिमन्यु कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जगदीशपुर, तनु प्रिया श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पिरो, सृष्टि कुमारी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बड़हरा, संस्था दिशा एक प्रयास, भोजपुर की सचिव कुमारी सुनिता सिंह और प्रतिनिधि रजत कुमार, चंदन कुमार, बिरेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार यादव तथा रणधीर मिश्रा पुलिस निरीक्षक एएचटीयू आरा, स्थानीय पुलिस बल शामिल थे। यह कार्रवाई जिले में बाल श्रम समाप्त करने और बाल अधिकारों को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दिशा एक प्रयास संस्था ने कहा कि यह कार्रवाई बच्चों के सुरक्षित भविष्य, शिक्षा के अधिकार और शोषण मुक्त समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संस्था आगे भी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रखेगी।

# कायमनगर में दो वाहनों से छह लाख की शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग को बड़ी उपलब्धि मिली है। सोमवार को दो वाहनों से 6 लाख मूल्य के 1236 बोतल विदेशी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पटना जिला के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के नया टोला बरियारपुर निवासी गुडू कुमार है। शराब उत्तर प्रदेश से पटना ले जायी जा रही थी। तभी बक्सर पटना फोरलेन के कायमनगर ओवर ब्रीज के समीप पकड़ा गया। मद्यनिषेध विभाग के सहायक आयुक्त रजनीश को गुप्त सूचना मिली। सूचना के बाद एक छापेमारी टीम गठित हुआ। कायमनगर के पास वाहन चेंकिंग के दौरान एक पिकअप को रोका। जब तलाशी ली गई तो वाहन के डाला में गुप्त तहखाना मिला। जिसमें 412.840 लीटर विदेशी शराब बरामद हुआ। वही बिना रजिस्ट्रेशन हुंडई कंपनी के आई टेन कार को शक के आधार पर रोककर तलाशी ली गई उसमें रखे 86.400 लीटर बरामद हुआ। छापेमारी टीमम में उत्पाद निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के लिए की जायेगी जनसुनवाई

## परियोजना से प्रभावित होने वालों से जानी जाएगी राय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के उद्देश्य से प्रस्तावित भूमि अधिग्रह्ण की प्रक्रिया के अंतर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन (सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट) हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। यह जनसुनवाई भूमि अधिग्रह्ण, पुनर्वासन एवं पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के आलोक में आयोजित की जा रही है। उक्त परियोजना के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन रिपोर्ट ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना द्वारा तैयार की गई है। जिस पर संबंधित मौजा के रैयतों, प्रभावित परिवारों एवं अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। यह जनसुनवाई मौजा कुसमहौत, थाना संख्या 334, अंचल बेगूसराय से संबंधित है। जिसका आयोजन 21 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), बेगूसराय में किया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान परियोजना से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से उनकी राय, सुझाव एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। ताकि परियोजना के सामाजिक प्रभावों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समग्र मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा संबंधित मौजा के सभी हितबद्ध रैयतों एवं प्रभावित व्यक्तियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने विचार प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए प्रभावित व्यक्ति जिला भू-अर्जन कार्यालय अथवा दूरभाष संख्या 0612-2505200 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### लापता दो किशोरियां बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने क्षेत्र से दस दिनों से गायब दो किशोरियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही इसके अगवा करने वाले युवक को भी हिरासत में लिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि किशोरी के पिता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गाँव के ही दस व्यक्तियों पर बहला फुसला कर अगवा करने का आरोप लगाकर नामजद किया था। मामला अंकित होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। तकनीकी साक्ष्य तथा मोबाइल लोकेशन के आधार पर इसे बेगूसराय से बरामद करने के उपरांत बयान कलम बंद कराने हेतु न्यायालय भेजा गया है। इस बरामद्गी में एसआई विश्वजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु एसडीपीओ अमरजीत तिवारी ने एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया। वारंटी समसा पंचायत के द्वारिका महतो का पुत्र सिरपत उर्फ अनिल महतो है। वह थाना कांड संख्या 15/18 का प्राथमिकी नामजद था। लंबे समय से वह कोर्ट में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबी अवधि से कोर्ट से अनुपस्थित रहने से कोर्ट नेता इसके विरुद्ध गैरजमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एस आई पुनम कुमारी साहा, रंजीत कुमार, विश्वजीत कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों से पुलिस ने फरार तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा सभी मामलों में अग्रतर कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अपर थानाध्यक्ष सुमित कुमार ने पुलिस बल के साथ अलग अलग छापेमारी कर तीन आरोपितों को किया गिरफ्तार जिसकी पहचान संजात गांव निवासी राजकिशोर झा के पुत्र दिवाकर झा के रूप में हुई है। दूसरा पोक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त मानोपुर मुसहरी निवासी रामविलास साह के पुत्र चंद्रशेखर साह को गिरफ्तार किया गया। वहीं तीसरा अभियुक्त चंदौर गांव निवासी स्वर्गीय जगदीश चौरसिया के पुत्र जितेंद्र चौरसिया को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में भी पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

**संदेश(भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव के समीप स्टेट हाइवे पर ट्रक चालक से रंगबाजी से पैसा लेने का मामला प्रकाश में आया है। चालक नीरज कुमार ने संदेश थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। बताया जा रहा कि चालक ट्रक पर सीमेंट लादकर औरंगाबाद से बेतिया जा रहा था। फूलाड़ी गांव के समीप स्टेट हाइवे 81 पर रविवार 12 बजे दिन में ट्रक को बदमाशों ने रोका। उसके बाद पैसे की मांग करने लगे। चालक द्वारा पैसा नहीं देने पर उसके साथ मारपीट गाली-गलौज किया जा रहा था। घटना के दौरान चालक किसी तरह संदेश थाना में फोन किया। सूचना के बाद तत्काल गश्ती में तैनात पुलिस ने फुलाड़ी गांव पहुची। स्टेट हाइवे पर मौजूद बदमाश पंकज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी फुलाड़ी गांव निवासी दीपन राय का पुत्र है। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पुरी कर जेल भेज दिया।

### जंगली पशु ने किया हमला, किसान की मौत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत गंगा पार खवासपुर के भवन टोला गांव स्थित एक किसान को जंगली पशु ने हमला कर जख्मी कर दिया। जिसमें 48 वर्षीय जगजीत सिंह की मौत हो गई। मृतक भवन टोला निवासी महेश सिंह का पुत्र है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने खेत में यूरिया खाद डालने के लिए पहुंचे थे। खेत में खाद छिटने लगे। उसी दौरान एक जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। हमले के बाद वह मदद के लिए लोगों से गुहार लगाई। जैसे ही लोग जूटे सूअर ने उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। आनन फानन में पड़ोसी व परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की चार संतान है। जिसमें दो-दो पुत्र पुत्री में सिद्धांत सिंह, विकास सिंह, स्वाति कुमारी व सरिता कुमारी है। इस घटना के बाद पिता की साया हमेशा हमेशा के लिए उठ गया। समाजसेवी रवि कुमार यादव ने बताया कि घर परिवार में वे कमाउ व्यक्ति थे। जो खेती कर परिवार का भरण पोषण करते थे

### 20 लीटर देसी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**संदेश (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के पूर्वी सोन दियारा क्षेत्र से 20 लीटर महुआ देशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पडुरा रामपुर निवासी बंटी रवानी, दूसरा मुन्ना कुमार है। अमित दानिश ने बताया कि विशेष छापामारी अभियान के दौरान गुप्त सूचना मिला कि दो लोग 20 लीटर महुआ शराब बेचने के लिए सोन नदी के पूर्वी दीयरा से लेकर आ रहे हो टीम गठित कर दोनों शराब तस्कर को पकड़ लिया गया। दोनों के पास 10-10 लुटर शराब बरामद हुआ। एफआईआर दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

### शिक्षकों का एमआईपी प्रशिक्षण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत एपीएस प्लस 2 हाई स्कूल में प्राथमिक वर्ग 1 से 5 कक्षाओं के शिक्षकों के लिए उद्घाटित प्रभापूर्ण और अर्थपूर्ण पठन कौशल विकास का कोर्स एवं एमआईपी का प्रशिक्षण रखा गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को एमआईपी पर प्रशिक्षण दिया गया तथा बुनियादी साक्षरता को मजबूत करने के लिए बताया गया। नोडल शिक्षक शुभम कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का एवं शुभम कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरैठ द्वारा प्रत्येक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में प्रतिनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक साझा किया गया। शिक्षकों को बताया गया कि वह अपने अपने विद्यालयों में अन्य शिक्षकों को एमआईपी पूर्ण करने की प्रक्रिया में सहयोग करें।

### मोटर चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के सरबडडी गांव से पुलिस ने मोटर चोरी के मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद कुमार (पिता रामचंद्र दास), उमेश दास (पिता जलाल दास) एवं शिवम कुमार (पिता गोपाल मंडल) के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरबडडी गांव में छापेमारी की, जहां से तीनों मोटर चोरों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोटर चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है और किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में राहत का माहौल है और आमजन ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

### सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 187 सहित कई अन्य केंद्रों का निरीक्षण सीडीपीओ निभा कुमारी द्वारा किया गया। यह निरीक्षण अनप्राशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर बच्चों के पोषण स्तर, स्वच्छता व्यवस्था तथा विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण क्रम में सीडीपीओ ने केंद्रों पर उपस्थित बच्चों की संख्या, पोषण आहार वितरण एवं संबंधित अभिलेखों की जांच-पड़ताल की।

# 435 यात्रियों को लगा 1.28 रुपए का जुर्माना

## पटना-गया रेलखंड के डुमरी जंक्शन पर चला टिकट जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के डुमरी जंक्शन पर सोमवार की सुबह तकरीबन 7:00 दानापुर रेल मंडल ने सोमवार को पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग स्पेशल ड्राईव के अंतर्गत 'विशेष लाल गाड़ी' से टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। टीम में जिसका नेतृत्व वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक और वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें सहायक वाणिज्य अधिकारी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ, रेल सुरक्षा बल और रेलवे सुरक्षा विशेष बल के जवान उपस्थित रहे। चेकिंग अभियान जहाँ पटना-गया रेलखंड पर आने एवं जाने वाली छह जोडी ट्रेनों की गहन जांच की गई. जिसमें प्रीमियम और मेल एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेनों को भी चेक किया गया. साथ ही बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए 435 यात्री पकड़े गए जिनसे नियमानुसार 1,28,510 दंड की राशि वसूल की गयी। विभिन्न स्टेशनों पर किलाबंदी जांचकर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने के लिए जागरूक किया गया, ताकि रेलवे राजस्व में वृद्धि हो सके और भविष्य में रेल यात्रियों को असुविधा न हो। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान तकरीबन 435 लोगों को बिना टिकट और अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया। प्राप्त सूत्रों के अनुसार सुबह 7:00 से लेकर 1:30 बजे दोपहर तक पटना गया रूट की गाड़ी नंबर 63243, 63244, 63245, 63246, 63247, एवं इंटरसिटी ट्रेन में जांच की गई है। बहरहाल डुमरी जंक्शन पर सुबह 7:00 से ही चल रहे टिकट चेकिंग अभियान के बीच यात्रियों के बीच हड़कंप मची रही। भागम भाग का माहौल देखा गया बेटिकट यात्री भागते हुए दिखे।



## प्लेटफार्म पर बेवजह बैठने वालों पर तारेगना जीआरपी ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में जीआरपी द्वारा व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेल पटरीयों पर एवं प्लेटफार्म पर बेवजह बैठने वालों पर अंतरिम चेतावनी देते हुए उन सब को खदेड़ा गया। जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार यादव ने बताया कि लगातार सूचनाओं मिल रही थी कि कई युवक रेल पटरीयों पर रिल्स बना रहे हैं। ऐसे में रिल्स बनाने के चक्कर में कई जगहों पर जान जोखिम भी हो रहे हैं, जिसको लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए रेल पटरीयों पर बैठे हुए युवकों को खदेड़ा गया है और प्लेटफार्म पर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, इसके साथ ही स्टेशन परिसर के यात्री प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा स्टेशनों पर खड़ी और गुजरने वाली ट्रेनों में संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की गहनता से जांच की गई।



अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रही और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास का माहौल दिखाई दिया। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान समय में रेलवे स्टेशन अत्यंत संवेदनशील स्थान होते हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक है।

## एक नजर

### पुनपुन के मराची में सीएम करेंगे झंडोतोलन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस बार पुनपुन प्रखंड के अकौना पंचायत के मराची गांव में महादलित के समक्ष झंडातोलन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। विधान पार्षद रविंद्र सिंह ने बताया की मुख्यमंत्री का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जो गणतंत्र दिवस की मौके पर गांव के सबसे बुजुर्ग महादलित व्यक्ति के समक्ष झंडातोलन कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं इस पूरे मामले में मसौढी एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया की तैयारियां जोरों पर की जा रही है एवं सरकार की चल रही तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की जा रही है ताकि गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री कई योजनाओं के तहत लाभुको को लाभ देंगे जिसको लेकर तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है।

### जर्जर एवं अवैध क्वाटर होंगे खाली

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ प्रखंड परिसर में जर्जर हो चुके क्वार्टर को तोड़कर हटाये जाएंगे, इसके अलावा अवैध रूप से क्वार्टर में रह रहे लोगों को खाली कराकर सभी क्वार्टर को तोड़ा जाएगा। जिसको लेकर सोमवार को एसडीएम अभिषेक कुमार ने बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ श्वेता कुमारी के साथ पूरे प्रखंड परिसर में घूम-घूम कर निरीक्षण करते हुए जायजा लिया, वही मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया कि पूरे धनरूआ प्रखंड परिसर में जितने भी जर्जर क्वार्टर हैं उन्हें तोड़कर हटाया जाएगा और जो लोग अवैध रूप में कब्जा किए हैं उन्हें जल्द ही अतिक्रमण के रूप में खाली कराया जाएगा। पूरे धनरूआ प्रखंड परिसर में जर्जर भवन एवं अवैध रूप से रह रहे लोगों की सूची बीडीओ सीओ से मांगी गई है ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

### आगलगी में चार हजार मुर्गियां जलीं

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी थाना क्षेत्र के छोटकी मसौढ़ी गांव में रविवार की देर शाम को अचानक एक मुर्गी फार्म में आग लग गई, आग इतनी भयावह थी की देखते ही देखते पल भर मे सबकुछ खाक हो गया, इस अगलगी मे तकरीबन 4000 मुर्गियां और 52 बोरा मुर्गी का दाना जलकर खाक हो गया, जहां 5 लाख की संपत्ति का नुकसान हो गया है। मुर्गी फार्म संचालक अभय कुमार ने बताया कि मुझे आशंका है कि कोई पिछले हिस्से से आकर आग लगा दिया है।अचानक आग लगने की सूचना मिलते सभी लोग दौड़े लेकिन आग की लपटे इतनी भयावह थी की आग बुझाते बुझाते सभी मुर्गी के बच्चे जलकर राख हो गए, सूचना पाकर पहुंचे फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची लेकिन तब तक सब कुछ जल चुका था, आग कैसे लगी है इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### वाहन जांच में ट्रक धराया

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन पुलिस के द्वारा सोमवार को चलाये जा रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक चोरी का ट्रक पकड़ा गया है, जिसमें चेचिस नंबर मिटा कर दूसरे नंबर डालकर ट्रक को चलाया जा रहा था, जिसे पुनपुन पुलिस ने डुमरी के पास चेकिंग के दौरान पकडा है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि डुमरी पुल के नीचे सघन वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति जिसका नाम विजेंद्र शाह पिता ललन तुरहा जो मीरगंज थाना मीरगंज जिला गोपालगंज का निवासी है जो चोरी के ट्रक को चेचिस नंबर मिटा कर दूसरा चेचिस नंबर चढ़ाया कर एवं नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल किया जा रहा था, जैसे मौके पर गाड़ी को जप्त करते हुए ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हेल्थ कैंप का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आर सी एम परिवार मसौढी द्वारा जनहित के क्षेत्र में सेवा व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए आज शिव शान्ति उत्सव हॉल मसौढी में एक दिवसीय सेवा-दिवस के रूप में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सौ लोगों का शारीरिक परीक्षण किया गया गया। इसमें सुगर, बी पी, हीमोग्लोबिन, आंख, नाक, कान, गला, उदरशूल, बाल-रोग, स्त्री-रोग सहित विभिन्न प्रकार के दर्द आदि का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम के संयोजक समरेश कुमार समर ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर अब हर माह अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में आर सी एम परिवार के वरिष्ठ लीडर विश्वरंजन, शुशील कुमार, डॉ विनोद कुमार, रितेश कुमार, वीर बहादुर, कपेन्द्र बिन्द, उमेश, डॉक्टर उपेंद्र कुमार, डॉक्टर सिद्धनाथ, डॉक्टर अनिल कुमार, आदि सहित मधु कुमारी, रीता शर्मा, पुनम देवी, ममता देवी, डॉक्टर सुनीला, सुशीला कुमारी आदि सक्रिय रूप से अपनी सेवा प्रदान किये।

### पालीगंज में हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)(नवबिहार टाइम्स संवाददाता) ।** नगर बाजार स्थित बंदरा बगीचा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के पास से 12 बोर का एक देशी कट्टा और 7 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर प्रेम गांव निवासी स्वर्गीय शिवपूजन यादव के पुत्र सुदर्शन यादव के रूप में हुई है। इस मामले में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार से विस्तृत जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

## पुस्तकालय विज्ञान सहित अन्य सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सबनीमा (बख्तियारपुर)।** मिथिलेश तिवारी शांति देवी संस्थान सबनीमा में पुस्तकालय विज्ञान एवं अन्य सर्टिफिकेट कोर्स का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सदस्य डॉ नवल किशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय सचिव शिवाकांत तिवारी ने अध्यक्षता की। मुख्यातिथि के रूप में पटना विश्वविद्यालय के पूर्व दर्शन विभागाध्यक्ष प्रो आर सी सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथियों में राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन, बाढ़ विधानसभा सदस्य डॉ सियाराम सिंह, बिहार महिला आयोग के अध्यक्ष अप्सरा मिश्र, जगत नारायण महाविद्यालय खगौल की प्राचार्या प्रो मधु प्रभा सिंह, गुरुगोविंद सिंह महाविद्यालय पटना सिटी के प्राचार्य प्रो सुबोध कुमार सिंह, समाजसेवी श्री ललन सिंह, प्रसिद्ध गायिका डा नीतू कुमारी नूतन, गंगादेवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो रागिनी वर्मा हैं। मंगलाचरण डॉ अर्चना त्रिपाठी, स्वागत भाषण डॉ मिथिलेश तिवारी, मंच संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ नीतू चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ सुषमा पाण्डेय, डॉ गौतम जीतेन्द्र, डॉ पल्लवी, शैलेश जी, डॉ ज्योति शंकर सिंह, डॉ डी पी श्रीवास्तव, सत्येन्द्र कुमार सिंह, भरत कुमार सिंह सहित दो सौ से अधिक सदस्य उपस्थित थे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया कि पुस्तकालय विज्ञान एवं अन्य सर्टिफिकेट कोर्स से यहां के लोगों को लाभ मिलेगा, जो रोजगारपरक है।

## छात्रा रेप-मर्डर पर मसौढ़ी में कैंडल मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना मे नीट छात्रा की मौत की घटना के बाद इन दिनों हर तरफ बवाल मचा है और लगातार विरोध प्रदर्शन भी हो रहा है ऐसे में सोमवार की शाम को मसौढ़ी में आर्यभट्ट चेतना मंच की ओर से कैंडल मार्च निकाला गया, जहाँ इस घटना की न्यायिक और सीबीआई जांच की मांग की गई। यह मार्च मंडप से तारेगना रेलवे स्टेशन तक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ सुनील गावस्कर ने प्रशासन पर लीपापोती का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन सरकार की छवि बचाने के लिए ऐसा कर रहा है। प्रशासन ने केवल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, इस घटना में शामिल लोग हॉस्टल की आड़ में सेक्स रैकेट चलाते हैं। उन्होंने बताया कि दुष्कर्म साबित होने के बावजूद प्रशासन ने केवल एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि इस घटना में कई अन्य लोग शामिल हैं। दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग है। प्रशासन अन्य दोषियों की गिरफ्तारी से बचा रहा है। पीड़ित परिवार के लिए न्याय और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। गौरतलब है की छात्रा की मौत के बाद से विभिन्न राजनीतिक दल लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और न्याय की मांग उठा रहे हैं। कैंडल मार्च के आयोजन में मृत्युंजय पांडे, आशीष देव, मुन्ना पासवान, संतोष कुमार अनमोल, सुनील सम्राट, अभिमन्यु पटेल, मुकेश पासवान, अमित कुमार समेत सैकड़ों छात्राएं भी शामिल रहे।




### पालीगंज में छात्रा को न्याय की मांग

**पालीगंज (पटना)।** पटना के एक गर्ल्स हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ हुई दरिंदगी की घटना से पूरे समाज में आक्रोश है। इस मामले में न्याय की मांग को लेकर सोमवार को पालीगंज में छात्रों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च बिहटा मोड़ से शुरू होकर नगर बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः बिहटा मोड़ पर आकर समाप्त हुआ। मार्च के दौरान छात्रों ने बेटी को न्याय दो और दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दो जैसे नारे लगाए। इस कैंडल मार्च में मृत्यंजय शर्मा, प्रशांत कुमार, गौतम कुमार शीत सहित सैकड़ों छात्र शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की।

## पूजा के दौरान शांति भंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शांति समिति**

**मसौढ़ी।** सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर भगवानगंज थाना में प्रभारी थानाध्यक्ष संजीव कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक में प्रशासन ने सरस्वती पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करेंगे तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बताया गया कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और स्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की, थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं कई पुलिस पदाधिकारी समेत गणमान्य लोग शामिल रहे।

## जूडियो ने पटना में सातवां स्टोर खोला, बिहार में नेटवर्क बढ़कर 14 आउटलेट्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** टाटा समूह के लोकप्रिय वैल्यू-फैशन ब्रांड ज़ूडियो ने पटना में अपना सातवां स्टोर लॉन्च किया है। पटना साहिब रेलवे स्टेशन के पास स्थित मल्टी फंक्शनल कॉम्प्लेक्स में खुले इस नए स्टोर को स्थानीय खरीदारों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे क्षेत्र में ज़ूडियो की बढ़ती लोकप्रियता और मज़बूत हुई है। अब इस इलाके के लोगों को ज़ूडियो का शॉपिंग अनुभव लेने के लिए पटना शहर तक जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इस लॉन्च के साथ ही ज़ूडियो के बिहार में कुल स्टोर्स की संख्या 14 हो गई है। ट्रेंट लिमिटेड के सीईओ एवं एग्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर वेंकटेसालु पी. ने कहा, जूडियो विविधता, किफ़ायत और आधुनिक डिज़ाइन को एक साथ लाकर भारत के फास्ट-फैशन परिदृश्य को नया आकार दे रहा है। देशभर में स्टाइल के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ हमारा उद्देश्य फैशन को और अधिक सुलभ, आकांक्षात्मक और आकर्षक बनाना है। जिस निरंतरता से हम अपने कलेक्शंस को अपडेट करते हैं, वही हमें अलग पहचान देती है और ग्राहकों को बार-बार लौटने के लिए प्रेरित करती है।

ग्राहकों को सुविधाजनक शॉपिंग अनुभव देने के उद्देश्य से डिज़ाइन किए गए इस स्टोर में पुरुषों, महिलाओं और युवा फैशन प्रेमियों के लिए ट्रेंडी कैज़ुअल वियर, डेनिम, फुटवियर और रोज़मर्रा के वॉर्डरोब एसेंशियल्स की व्यापक रेंज उपलब्ध है। एक वैल्यू-ड्रिवन ब्रांड के रूप में ज़ूडियो फैशन को किफ़ायती बनाए रखता है, जहां कपड़ों की कीमतें ?149 से और फुटवियर 199 से शुरू होती हैं।

भारत के फास्ट-फैशन सेगमेंट में ज़ूडियो को अलग पहचान उसकी तेज़ मर्चेंडाइज़ रोटेशन क्षमता से मिलती है। ब्रांड हर दो हफ्ते में अपने कलेक्शंस को रिफ्रेश करता है, जिससे ग्राहकों को हर बार कुछ नया देखने को मिलता है।

## 'सबका सम्मान जीवन आसान' के तहत जिलाधिकारी ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** सात निश्चय- तीन से बढ़ेगा अपना बिहार के तहत 'सबका सम्मान- जीवन आसान' कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय कक्ष में आम जनों के आवेदनों पर सुनवाई की। कुल 19 आवेदनों पर सुनवाई हुई। जिनमें लंबित पेंशन और जमीन विवाद से संबंधित मामले शामिल थे। जबकि दूसरी उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सहित सभी जिला स्तरीय, प्रखंड स्तरीय, अंचल एवं थानों में एवं अन्य सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालय में अपने विभाग से संबंधित विषय पर आम जनों के शिकायतों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर वार्ड पंचायत स्तर तक के सरकारी कार्यालयों में आम जनों के शिकायतों का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें प्राप्ति रसीद दी गई। उनके बैठने की व्यवस्था के साथ शुद्ध पेयजल तथा शौचालय की सुविधा भी सभी कार्यालय के समीप उपलब्ध कराई गई। जिले में अब सात निश्चय- तीन से बढ़ेगा अपना बिहार के अंतर्गत सबका सम्मान- जीवन आसान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी पदाधिकारी के द्वारा आम जनों के आवेदनों की सुनवाई की जाएगी।



## धनरूआ आधार केंद्र पर लोगों की बढ़ी परेशानी, किया हंगामा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ स्थित आधार नामांकन एवं सुधार केंद्र पर इन दिनों लोगों को आधार का काम करवाने मे काफी फजीहत झेलनी पड रही है। आए दिन लोगों को परेशानी बढ़ गई है रोजाना लोग अपना आधार कार्ड में नाम सुधरवाने केवाईसी करवाने एवं अन्य कार्यों के लिए गांव से धनरूआ मुख्यालय पहुंच रहे हैं लेकिन जैसे ही आधार सेंटर पर पहुंचते हैं किसने किसी समस्या को लेकर आधार सेंटर बंद रहता है। आधार कार्ड में नाम सुधरवाने के लिए आए हुए लोगों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से आधार से जुड़ी सेवाओं के लिए लगातार केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें सेवाएँ नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे मे सोमवार को पहुंची दो दर्जन से अधिक पहुंची भीड के हो हंगामे के बात सभी कर्मचारी मशीन खराब होने का बहाना कर कर बंद कर निकल गये। आधार केंद्र के अचानक बंद होने से वहाँ मौजूद लोगों में भारी नाराजगी और आक्रोश फैल गया, जहाँ लोगों ने इसका विरोध जताया। वहीं स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि आधार कार्ड के कार्यप्रणाली की जांच की जाए।



## मनरेगा से गांधी को हटा सकती है भाजपा, लेकिन दिल से नहीं : राजेश

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बांकीपुर प्रखंड कार्यालय में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा के माध्यम से आम गरीब लोगों को मिलने वाली 100 दिनों की रोजगार गारंटी पर हो रहे लगातार हमलों के विरुद्ध एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कंग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मनरेगा केवल बिहार ही नहीं, बल्कि देश के करोड़ों गरीब परिवारों के लिए प्रच्छन्न बेरोजगारी से मुक्ति का सबसे बड़ा माध्यम है। कंग्रेस सरकार द्वारा इस योजना को लागू करने का उद्देश्य था कि राज्य सरकारों पर वित्तीय दबाव कम हो और केंद्र सरकार की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो। इस मौके पर कंग्रेस के पटना महानगर पर्यवेक्षक रौशन कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार न केवल इस योजना के प्रति अपने संवैधानिक दायित्वों से पीछे हट रही है, बल्कि राज्य सरकारों पर अतिरिक्त बोझ डालते हुए मनरेगा की मूल आत्मा को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

## सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास से समाज का हर क्षेत्र प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार प्रो0 हरिनारायण सिंह ने लोकतंत्र में डिजिटल मीडिया के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं की चर्चा करते हुए सोमवार को कहा कि जहाँ डिजिटल मीडिया ने एक ओर सूचना के प्रसार को लोकतांत्रिक बनाया है, वहीं दूसरी ओर इसने परम्परागत पत्रकारिता की विश्वसनीयता, प्रासंगिकता और आर्थिक स्थिरता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाए हैं।

प्रो. सिंह ने आज यहां वरिष्ठ पत्रकार स्व0 रामगोविन्द प्रसाद जी की 30वीं पुण्यतिथि पर दोनार स्थित सागर रेस्टोरेंट के सभागार में डिजिटल युग मे परम्परागत पत्रकारिता की विश्वसनीयता विषयक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास ने समाज के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, और पत्रकारिता भी इससे अछूती नहीं रही। मुख्य अतिथि राजकीय शेखपुरा अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 संदीप तिवारी ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने समाचार चक्र को अत्यधिक तीव्र कर दिया है। विषय प्रवेश करते हुए वरिष्ठ पत्रकार रविभूषण चतुर्वेदी ने कहा कि परम्परागत पत्रकारिता में बदलाव होना ही था, पर ये बदलाव सकारत्मक है या नकारात्मक है ये नई पीढ़ी को समझना होगा। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार गंगेश मिश्र ने कहा कि पत्रकारिता कभी वृद्ध नहीं होती वो बदलती रहती है। सूचना, उपयोगिता और रोचकता ये तीन पहले भी थे और आज के डिजिटल युग मे भी उसी तरह से विद्यमान है। डिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारिता और परम्परागत पत्रकारिता के बीच एक संतुलित सह-अस्तित्व संभव है, बशर्ते दोनों एक-दूसरे के पूरक बनें और जनता तक सटीक, विश्वसनीय और उपयोगी सूचनाएँ पहुँचाने के साझा लक्ष्य की ओर काम करें।सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ कृष्ण कुमार ने कहा कि लोकतंत्रीकरण जहाँ सकारात्मक है, वहीं इसके कई नकारात्मक प्रभाव भी हैं।




CMYK

# मुख्य सचिव ने लिया उत्तर कोयल नहर परियोजना के कार्यों का जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल जलाशय परियोजना से संबंधित बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल सहित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार राज्य के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होते हुए गया जिला में प्रवेश करती है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेजऽ03 से पैकेजऽ11 तक) सम्मिलित हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 कि.मी. है। इसमें से लगभग 12 कि.मी. गया जिला में तथा शेष 61.69 कि.मी. औरंगाबाद जिला में अवस्थित है। मुख्य सचिव द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की नियमित एवं सतत समीक्षा की जा रही है। उत्तर कोयल जलाशय परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, नवीनगर, अम्बा, औरंगाबाद, मदनपुर एवं गया द्वारा की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है जिसमें से अब तक 36.3995 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण कर लिया गया है। शेष 4.8515 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्य सचिव द्वारा की गई उच्चस्तरीय समीक्षा के आलोक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के त्वरित एवं निर्बाध क्रियान्वयन हेतु अंचल अधिकारी– नवीनगर, कुटुम्बा, मदनपुर, देव एवं रफीगंज तथा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद, मदनपुर, अम्बा, नवीनगर एवं गया को स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए गए कि परियोजना से संबंधित शेष भूमि के हस्तांतरण सहित सभी आवश्यक औपचारिकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, औरंगाबाद को एस.आई.ए. हेतु निर्धारित राशि संबंधित संस्थान को अविलंब उपलब्ध कराई जाए, ताकि वैधानिक प्रक्रियाओं में किसी भी स्तर पर विलंब न हो तथा परियोजना का कार्य समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा सके।

# वरिष्ठ पत्रकार और संपादक कमल किशोर को मिला भारत विजनरी लीडर अवार्ड 2026

**प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी ने पटना में किया सम्मानित | बिहार की बेहतरी के लिए कार्य किए जाने पर मिला सम्मान**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार, सम्पादक और उद्यमी कमल किशोर को बिहार में उद्यम-व्यापार को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन और मीडिया के माध्यम से विशिष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित भारत विजनरी लीडर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना के संगरी ला पैलेस में रविवार की रात आयोजित भव्य समारोह में प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रतिष्ठित संस्था बिजनेस इन बिहार की ओर से किया गया था। इस अवसर पर पूर्व पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, जीएसटी के संयुक्त कर आयुक्त समीर परिमल सहित उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षाविद, पर्यावरणविद् और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में बिहार के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया, जिनमें कमल किशोर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। गौरतलब है कि कमल किशोर पिछले 35 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन से जुड़े रहे हैं। नक्सल प्रभावित तथा लंबे समय तक उद्योगविहीन रहे औरंगाबाद जैसे जिले में उन्होंने अपने प्रकाशन समूह के माध्यम से न केवल पत्रकारिता को नई दिशा दी, बल्कि सैकड़ों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर सामाजिक-आर्थिक बदलाव की मजबूत नींव रखी। उनकी पत्रकारिता सकारात्मक, रचनात्मक और विकासोन्मुख रही है, जिसने औरंगाबाद सहित पूरे क्षेत्र में उद्योग, व्यापार और निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाई। कमल किशोर ने मीडिया को केवल समाचार का माध्यम नहीं बल्कि उद्यमिता और रोजगार के उत्प्रेरक के रूप में स्थापित किया। स्थानीय उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स, व्यापारिक पहलों और निवेश संभावनाओं को प्रमुखता से सामने लाकर उन्होंने बिहार में उद्यम-व्यापार के प्रति विश्वास को सुदृढ़ किया। यही कारण है कि उनकी पत्रकारिता ने नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत और समाज के बीच सेतु का कार्य किया। पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हाल ही में उन्हें बिहार विधानसभा की प्रेस सलाहकार समिति का स्थायी सदस्य मनोनीत किया गया, जो उनके अनुभव, निष्पक्ष दृष्टि और संस्थागत योगदान की स्वीकृति है। सम्मान प्राप्त करने के बाद कमल किशोर ने अपने शुभचिंतकों, परिजनों और सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि औरंगाबाद जिले का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मीडिया, उद्योग और व्यवसाय जगत में राज्य की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे लोगों को और बेहतर करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने बिजनेस इन बिहार संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान राज्य में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और विकासशील सोच को बढ़ावा देते हैं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 48 वर्षीय एक व्यक्ति की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ओरा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 19 की है जहां सड़क पार करते वक्त यह हादसा हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही ओरा पंचायत अंतर्गत सिंघा बिगहा निवासी मदन यादव के रूप में हुई है। घटना सोमवार के सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह मदन यादव अपने घर से पैदल ओरा गांव किसी काम से गए थे। इसके बाद वे पैदल वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पार करने के दौरान एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन रौंदती हुई निकल गई जिसमें घटनास्थल पर ही मदन यादव की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना तत्काल परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठे। घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव सौंप दिया। घटना के बाद से परिवार वालों को रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजें की मांग की है। पता चला कि मृतक मदन यादव के दो बेटे नीतीश और गोलू हैं। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि सड़क पार करते वक्त अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# घर-घर तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाएगा एनटीपीसी

**एनटीपीसी के निदेशक (वित्त) ने हरी झंडी दिखाकर चलंत स्वास्थ्य वाहन सेवा का किया शुभारंभ**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** एनटीपीसी के निदेशक (वित्त) जयकुमार श्रीनिवासन ने हरी झंडी दिखाकर चलंत स्वास्थ्य वाहन सेवा का शुभारंभ किया। एनटीपीसी नबीनगर के नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत शुरू हुई चलंत स्वास्थ्य वाहन (मोबाइल मेडिकल वैन) द्वारा परियोजना के निकटवर्ती ग्रामों में घर-घर जाकर निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जायेगी। चलंत स्वास्थ्य वाहन नियमित रूप से सभी परियोजना प्रभावित गांवों का भ्रमण कर प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण करेंगे। प्रत्येक मेडिकल वैन में प्रमाणित एवं अनुभवी चिकित्सक सहित प्रशिक्षित मेडिकल प्रोफ़ेशनल्स की टीम तैनात रहेगी, जिससे ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक चिकित्सकीय सुविधाओं को सीधे उनके द्वार तक पहुँचाना है, जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सुदृढ़ हो और लोगों को प्राथमिक उपचार प्राप्त करने में कठिनाई न हो। वाहनों को रवाना करने से पहले जयकुमार श्रीनिवासन ने वाहनों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल तथा एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहरा भी उपस्थित रहे। रविवार को निदेशक (वित्त) जयकुमार श्रीनिवासन एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल एनटीपीसी नबीनगर परियोजना के समीक्षा दौरे पर थे। उन्होंने स्टेज-दो निर्माण स्थल, कंट्रोल रूम एवं अन्य प्रमुख संयंत्र क्षेत्रों का निरीक्षण कर वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के परिचालन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की और अपना आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कर्मचारियों के योगदान की सराहना की।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के गया-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर रफीगंज स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना रविवार की रात 11 बजे के करीब पोल संख्या 506/26 व 28 के बीच हुई है। मृतक की पहचान थाना गली निवासी फ़ेकन प्रसाद गुप्ता के पुत्र दीपक कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि रविवार की रात 11 बजे के करीब अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उक्त युवक की मौत हुई है। सुबह में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीआरपीएफ द्वारा सदर अस्पताल भेज दिया गया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देखते ही चित्कार उठे। परिजन ने आशंका जतायी है कि रात में रेलवे लाइन पार करने के क्रम में वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

# हत्या मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में शुक्रवार को जिला जज पंचम उमेश प्रसाद की अदालत ने हत्या के एक गंभीर मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए दो अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। टंडवा थाना कांड संख्या 30/20, 29/21 एवं 396/24 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने ग्राम बुधनबिगहा, बेला मुंगिया, थाना टंडवा निवासी अभियुक्त आनंद मेहता एवं शंकर मेहता को स्थानीय ग्रामीण यमुना मेहता की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। साथ ही दोनों अभियुक्तों को भादंवि की धारा 323 के तहत एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी दिया गया। गौरतलब है कि दोनों अभियुक्तों को 06 जनवरी 2026 को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया गया था। अभियुक्त आनंद मेहता घटना के समय से ही न्यायिक हिरासत में बंद था, जबकि अभियुक्त शंकर मेहता को दोषसिद्धि के बाद उसका बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से बहस कर रहे अपर लोक अभियोजक शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि इस मामले में अभियोजन की ओर से कुल 17 गवाहों का परीक्षण कराया गया, जिनके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोषसिद्धि एवं सजा का निर्णय सुनाया। मामले की प्राथमिकी 10 मई2020 को वादी परमानंद कुमार, निवासी बुधनबिगहा, बेला मुंगिया, थाना टंडवा द्वारा दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्तों और पीड़ित पक्ष के बीच शीशम के पेड़ के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते घटना के दिन सुबह करीब 8 बजे सूचक परमानंद कुमार अपने पिता यमुना मेहता के साथ अभियुक्तों के घर पर बातचीत के लिए गए थे। आरोप है कि इसी दौरान अभियुक्तों ने रॉड और लाठी से यमुना मेहता पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सूचक परमानंद कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप गठन 10 मई 2022 को किया गया था।

# जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय में जनता दरबार के माध्यम से पीओ ने लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने तत्काल प्रभाव से कई समस्याओं का निराकरण किया। जुड़ाही निवासी विकाश कुमार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ है पर उसका जाब कार्ड नहीं बना हुआ था। पीओ द्वारा उसके पिता-माता, पत्नी और परिवार के सदस्यों, जो मजदूरी कार्य करता हो, उसको भी जाब कार्ड बनवाने के लिए आवश्यक कागजात कार्यालय में जमा करने के लिए बताया। पीओ योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कागजात उपलब्ध कराने के बाद जाब कार्ड जल्द निर्गत कर दिया जाएगा। पीओ ने बताया कि मजदूरी करने वाले लोग जो काम नहीं किए या कहीं बाहर चले गए उनका जाब कार्ड शिथिल हो गया है। विभाग से पुनः उनके कार्ड को सक्रिय किया जा रहा है ताकि परेशानी नहीं हो सके। मजदूरों की जो भी समस्या होती है, उसका समाधान किया जाता है।

# बुनियादी सुविधाओं में कोताही पर जिला जज सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बाल सुधार गृह केन्द्र एवं बच्चों के सुरक्षित स्थल बभण्डी का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल मौजूद रहीं। निरीक्षण क्रम में बच्चों की सुरक्षा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिला जज ने वहां आवासित बच्चों से बातचीत किया एवं उनसे जुड़ी समस्याओं, शिक्षा एवं खाने-पीने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की, जिला जज ने वहां आवासित बच्चे के कानूनी अधिकार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए उन्हें उपलब्ध होने वाले विधिक सहायता से संबंधित जरूरी दिशानिर्देश दिया गया। जिला जज ने अपने निरीक्षण के क्रम में कुछ बुनियादी समस्याओं खास कर साफ़-सफाई एवं कमियों को दुर करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा बच्चों के रख-रखाव शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में किसी तरह की कोताही नहीं करने का सख्त निर्देश संबंधित प्रशासन को दिया। साथ ही आस-पास के वातावरण को देखते हुए और ठंढ के मौसम को देखते हुए गर्म कपड़ो एवं समुचित व्यवथा करने का निर्देश दिया गया। जिला जज ने जिम की व्यवस्था को देखा तथा बच्चों के उपयोग कराने हेतु निर्देशित किया।

# बंद घर से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 न्यू एरिया के महाराणा प्रताप नगर गली संख्या 3 स्थित बंद पड़े एक घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी देते हुए गृह मालिक अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि वे फिलहाल मुंगेर के धनहरा में प्रखंड कृषि पदाधिकारी के पद पर कार्यरत है। वे मूलतः दाउदनगर के केरा बिगहा मकबूलपुर के रहने वाले है और औरंगाबाद में वर्ष 2010 में मकान बनाकर रहना शुरू किया था। उन्होंने बताया कि इस मकान में एक किरायेदार भी ऊपर रहते है और पिछले दस दिनों से तबियत खराब होने की वजह से यहां नहीं रह रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। चोरों के द्वारा घर के मुख्य द्वार के साथ साथ दो अन्य कमरों के ताले को तोड़ने की कोशिश की गई। ताला नहीं टूटा तो दरवाजे की कुंडी को ही काट कर घर में घुस गए और आलमीरा, दीवान एवं अन्य बक्से से जेवर कैश की चोरी कर ली। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उस वक्त 25 लाख के आभूषण एवं नगद रुपयों की चोरी की गई थी। लेकिन आज तक प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी कांड का उद्भेदन नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि इस चोरी की घटना में उसी गिरोह का हाथ है। चोरी की घटना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि 17 जनवरी की रात्रि 9 बजे पड़ोसियों ने जानकारी दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही 18 जनवरी को पहुंचा और नगर थाने को इसकी सूचना दी और पुलिस ने आकर पुरी तहकीकात की और आगे की का जुटी हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# इज ऑफ लिविंग के तहत डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार आम नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से नई पहल सबका सम्मान-जीवन आसान के अंतर्गत समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का शुभारंभ किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जनता दरबार में उपस्थित सभी आगंतुकों का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार के आयोजन को सुचारु एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु समाहरणालय परिसर को स्थान-स्थान पर बैनर एवं फ्लेक्स के माध्यम से सजाया गया, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी संबंधित कार्यालयों में आगंतुकों के लिए सम्मानपूर्वक बैठने की व्यवस्था की गई तथा पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गईं। आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजी संधारित किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों के निष्पादन एवं सतत अनुश्रवण के स्पष्ट निर्देश दिए गए। आज आयोजित जनता दरबार को लेकर आम नागरिकों में विशेष उत्साह एवं व्यापक सहभागिता देखने को मिली। अन्य दिनों की अपेक्षा आज बड़ी संख्या में लोग जनता दरबार में उपस्थित हुए। प्रातः काल से ही नागरिकों द्वारा शिकायतों के पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई, जो पूरे दिन निरंतर जारी रही। भारी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान की अपेक्षा एवं सकारात्मक विश्वास के साथ जिलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के समक्ष उपस्थित हुए। उक्त जनता दरबार का प्रभावी संचालन जिला स्तर के साथ-साथ उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं पंचायत स्तर के कार्यालयों में भी किया गया, जिससे आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी शिकायतों के निराकरण का अवसर प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि इस पहल के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के कार्यालय प्रधान आम नागरिकों की शिकायतों के समाधान हेतु अपने-अपने निर्धारित कार्यस्थल एवं कार्यालय कक्ष में उपस्थित रहकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे।

# आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले में एनसीसी के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता पैदल मार्च और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। एनसीसी कैडेटों द्वारा पैदल मार्च के दौरान हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशा मुक्त वाहन संचालन एवं यातायात नियमों के अनुपालन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं उनसे बचाव के उपायों को सरल एवं प्रभावी ढंग से दर्शाया गया, जिसे उपस्थित नागरिकों द्वारा सराहा गया।

# किसानों का रजिस्ट्रेशन के लिए मांगा सहयोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में 21 जनवरी तक फार्मर्स रजिस्ट्री आईडी कार्य के लिए नोडल अधिकारी बेवी प्रिया की अध्यक्षता में पैक्स अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों के साथ सोमवार को समीक्षात्मक बैठक की गई। पंचायतों में किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे किसानों की सूची संबंधित पंचायतों का सौंपी गई। निर्देश दिया गया है कि किसान रजिस्ट्री कराना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। सरकार की मंशा है कि सभी किसानों का आय दुगुनी करने की है। सरकार किसानों के योजनाओं का लाभ सीधे उनके खाते में देती ही है। इसके लिए सभी किसानों का डाटा बेस बनवाना अनिवार्य है। सभी किसानों को समय रहते फार्मर्स रजिस्ट्री आईडी कार्ड लेना अनिवार्य है। सीओ मो. अकबर हुसैन व बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य और स्पेशल सर्वे सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अमीत कुमार तिवारी, प्रखंड नोडल अधिकारी बेवी प्रिया ने निर्देश दिया है कि हर हाल में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लेना है। इस कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मियों को किसान रजिस्ट्री कार्य को पूरा करना है। इस मौके पर अन्य अधिकारी मौजूद थे।